सूर्योदय 7:04 सूर्यास्त 6:07

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.5 न्यू | 19.5 अधि |
| धर्मशाला | 11.0 न्यू | 20.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,627 |
| निफ्टी | 25,471 |
| सोना | 1,52,751 |
| चांदी | 2,41,945 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 14 फरवरी 2026 | 3 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 48, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## आरडीजी पर सर्वदलीय बैठक बुलाई, भाजपा बीच में छोड़कर बाहर आई

### मुख्यमंत्री ने आरडीजी बंद करने पर केंद्र सरकार पर साधा निशाना, तो भाजपा ने लगाए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करने के आरोप

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** सर्व सहमति के लिए बुलाई गई सर्वदलीय बैठक ने शुक्रवार को शिमला के पीटरहॉफ को सियासी अखाड़े में तब्दील कर दिया। आरडीजी बंद होने के मुद्दे पर जब सरकार ने सभी दलों को एक मंच पर बुलाया, तो शुरुआत से ही तल्खी साफ दिखाई दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वक्त राजनीतिक अंकगणित का नहीं, बल्कि प्रदेश के हक की जंग का है, लेकिन भाजपा ने कांग्रेस पर केंद्र सरकार के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करने के आरोप लगाए और बैठक को बीच में छोड़कर चली गई।





पीटरहॉफ में बुलाई सर्वदलीय बैठक में भाग लेते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू, पूर्व सीएम जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल और माकपा नेता राकेश सिंघा। अनंत ज्ञान

प्रदेश सरकार का दावा है कि आरडीजी बंद होने से हिमाचल को बड़ा झटका लगा है। वर्ष 2018 से 2022 के बीच राज्य को लगभग 54 हजार करोड़ रुपए आरडीजी के रूप में मिले थे और आगामी वर्षों में भी 45 से 50 हजार करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद थी। 16वें वित्त आयोग की सिफारिश पर केंद्र द्वारा इसे बंद करने के निर्णय को सरकार प्रदेश के बजट पर सीधा प्रहार मान रही है। सीएम सुक्खू ने कहा कि आरडीजी प्रदेश के कुल बजट का लगभग 13 प्रतिशत हिस्सा रहा है और पहाड़ी राज्य होने के कारण आय के सीमित स्रोत हैं। जीएसटी लागू होने के बाद राज्यों की स्वतंत्र कराधान क्षमता भी प्रभावित हुई है, जिससे हिमाचल की वित्तीय निर्भरता केंद्र पर और बढ़ी है। यदि सरकार सभी सब्सिडी बंद कर दे और विकास कार्यों पर खर्च शून्य कर दे, तब भी आगामी वित्तीय वर्ष में लगभग 48 हजार करोड़ का व्यय अनुमानित है, जबकि आय 42 हजार करोड़ के आसपास रहने का अनुमान है।

### भाजपा प्रदेश हित से पीछे हट रही : मुख्यमंत्री सुक्खू

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने बैठक के बाद कहा कि भाजपा प्रदेश हित से पीछे हट रही है और प्रधानमंत्री के सामने आरडीजी बहाली की बात रखने से कतरा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने विपक्ष के कहने पर ही सर्वदलीय बैठक बुलाई और बैठक का स्थल भी सचिवालय से बदलकर पीटरहॉफ किया गया, लेकिन भाजपा विधायक उनकी बात सुने बिना ही बाहर चले गए। सुक्खू ने दो टूक कहा कि सरकार हिमाचल के अधिकारों की लड़ाई लड़ेगी, चाहे विपक्ष साथ दे या नहीं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा प्रदेश के मुद्दे पर राजनीति कर रही है, जबकि यह समय मिलकर केंद्र के सामने प्रदेश की वित्तीय स्थिति रखने का है।

### विपक्ष को कठघरे में खड़ा करना उचित नहीं: जयराम

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने वित्त सचिव की प्रस्तुति को मिसलीडिंग बताते हुए कहा कि सरकार शुरुआत से ही टकराव का माहौल बना रही है। यदि सरकार सच में सर्वदलीय सहमति चाहती थी तो पहले से साझा रणनीति तैयार की जाती। केंद्र पर अनावश्यक आरोप लगाने के बजाय राज्य को वित्तीय अनुशासन की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। जयराम ने स्पष्ट किया कि भाजपा प्रदेश के हितों के खिलाफ नहीं है, लेकिन राजनीतिक मंच बनाकर विपक्ष को कठघरे में खड़ा करना उचित नहीं। उन्होंने कहा कि आरडीजी बंद होना नई बात नहीं है। वित्त आयोग ने इसके स्वरूप में बदलाव के संकेत दिए थे। राज्य सरकार को समय रहते वैकल्पिक संसाधनों पर काम करना चाहिए था।

### आरडीजी की बहाली के लिए एकजुट होना जरूरी : सिंघा

**माकपा** नेता राकेश सिंघा ने कहा कि यह समय राजनीतिक स्कोर का नहीं, बल्कि साझा संघर्ष का है। उन्होंने कहा कि यदि आरडीजी छिन गई है तो उसे बहाल कराने के लिए सभी दलों को एकजुट होना चाहिए। सिंघा ने आरोप लगाया कि हिमाचल के साथ वित्तीय मामलों में भेदभाव हो रहा है और बीबीएमबी में 7.1 प्रतिशत हिस्सेदारी के मामले में भी राज्य को पूरा लाभ नहीं मिल रहा। राकेश सिंघा ने कहा कि पहाड़ी राज्य की भौगोलिक और आर्थिक परिस्थितियां अलग हैं, इसलिए विशेष सहायता की आवश्यकता बनी रहती है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### एक्टर विजय की रैली में समर्थक की मौत

**एजेंसी, चेन्नई।** तमिलनाडु के सलेम में तमिलगा वेत्री कझगम चीफ और फिल्म



स्टार विजय की रैली में शुक्रवार को 37 साल के एक समर्थक की हीटस्ट्रोक के कारण मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र का रहने वाला सूरज ज्जविजय से मिलने गया था। वह रैली के दौरान सीने में दर्द की शिकायत के बाद गिर पड़ा। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में सूरज की मौत हो गई। वह कई सालों से सलेम में रह रहा था। पुलिस ने बताया कि सूरज की कुछ समय पहले एंजियोप्लास्टी हुई थी। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। बता दें कि पिछले साल 27 सितंबर को तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली के दौरान भगदड़ मची थी। रैली में आई भीड़ अचानक बेकाबू हो गई थी जिसमे कुल 41 लोगों की मौत हो गई थी। (अनंत ज्ञान)

### लखनऊ में 6 लोगों को रौंदने वाला छात्र गिरफ्तार

**एजेंसी, लखनऊ।** कार से 6 लोगों को रौंदने वाला 12वीं का स्टूडेंट गौरव सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस हिट एंड रन घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें आरोपी गौरव तेज रफ्तार में कार चलाता हुआ दिख रहा है। बताया जा रहा है कि कार में उसकी गर्लफ्रेंड भी थी। दोनों किसी फेयरवेल पार्टी से लौट रहे थे। कार से कुचलकर नानी के साथ मार्केट गए 6 साल के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 5 लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। जान गंवाने वाला बच्चा दीक्षांत उन्नाव का रहने वाला है। वह ननिहाल में मां साधना के साथ रहता था। केंद्रीय विद्यालय में पढ़ता था। यह हादसा वीरवार रात को बंथरा इलाके के कानपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास हुआ था। (अनंत ज्ञान)

### शराब समझकर जहरीला केमिकल पीया, 4 की मौत

**एजेंसी, भीलवाड़ा।** राजस्थान के भीलवाड़ा में 5 लोगों ने शराब समझकर जहरीला केमिकल पी लिया। इनमें तीन महिलाओं सहित 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार सभी मजदूर हैं और शादी वाले घर से शराब की बोतलें समझकर ये केमिकल ले आए थे। हादसा जिले के अलोली गांव में वीरवार देर रात को हुआ। आलोली निवासी हरदयाल सिंह ने बताया कि 10 फरवरी को परिवार में शादी थी। घर के बाहर खेत में पांडाल लगाया गया था। अगले दिन कुछ लोग खाने लेने घर आए और यहां साफ-सफाई की। बर्तन साफ करने के लिए केमिकल मंगवाया गया था। घर लौटते समय वे कई बोतलें अपने साथ ले गए। आशंका है कि 12 फरवरी की शाम को घर पर इनमें से कुछ लोगों ने यह केमिकल पी लिया था। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- अब बोर्ड परीक्षाओं में नकल करने वालों पर कसेगी नकेल -पेज 3
- दुर्दशा पर आंसू बहा रहा कृषि मंत्री के इलाके का रेस्ट हाउस -पेज 5
- पैचवर्क करवाने के लिए भी नहीं एनएच के पास बजट -पेज 6
- भांबला के गांवों में 10 दिन से पानी की सप्लाई ठप -पेज 9
- पर्यटकों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं: तोरुल रवीश -पेज 11


## पंचायतीराज चुनाव 31 मई से पहले करवाने के सुप्रीम आदेश

### हिमाचल हाईकोर्ट के आदेश में किया आंशिक संशोधन | सुक्खू सरकार को मिली एक माह की अतिरिक्त मोहलत | कहा- पुनर्सीमांकन के नाम पर नहीं टलेंगे ये चुनाव

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायतीराज चुनाव को लेकर जारी असमंजस पर देश की सर्वोच्च अदालत ने स्पष्ट और निर्णायक रुख अपनाते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था की गरिमा को सर्वोपरि बताया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि 31 मई से पहले हर हाल में पंचायत चुनाव संपन्न कराए जाएं।

न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि पुनर्सीमांकन अथवा प्रशासनिक कारणों का सहारा लेकर संवैधानिक संस्थाओं के चुनाव को अनिश्चितकाल तक स्थगित नहीं किया जा सकता। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जयमाल्या बागची की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान लोकतांत्रिक



प्रक्रिया की निरंतरता को अत्यंत आवश्यक बताया।

इससे पहले प्रदेश हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को 30 अप्रैल तक चुनाव कराने के निर्देश दिए थे। राज्य सरकार ने इस निर्णय को चुनौती देते हुए सर्वोच्च न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका दायर की थी। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए सरकार को एक माह की अतिरिक्त मोहलत प्रदान की है, किंतु साथ ही यह भी स्पष्ट कर दिया कि 31 मई की समयसीमा अंतिम और बाध्यकारी होगी। इस आदेश से प्रदेश की राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल को नई दिशा मिली है।

राज्य सरकार की ओर से दायर याचिका में हालिया भारी वर्षा और प्राकृतिक आपदा का हवाला देते हुए कहा गया था कि अनेक क्षेत्रों में पुनर्वास और बहाली का कार्य अभी प्रगति पर है, ऐसे में चुनाव कराना व्यावहारिक रूप से कठिन है। सरकार ने यह तर्क भी रखा कि आपदा प्रबंधन अधिनियम संसद द्वारा पारित कानून है और उसे प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

### 31 जनवरी को समाप्त हो चुका है कार्यकाल

**हिमाचल** प्रदेश की पंचायतों का कार्यकाल 31 जनवरी को समाप्त हो चुका है और कई स्थानों पर प्रशासक नियुक्त किए गए हैं। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय का यह आदेश न केवल प्रशासनिक तंत्र को समयबद्ध तैयारी का संकेत देता है, बल्कि ग्रामीण स्वशासन की पुनर्स्थापना का मार्ग भी प्रशस्त करता है। अब सभी की निगाहें राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित किए जाने वाले चुनाव कार्यक्रम पर टिकी हैं, जिससे प्रदेश में लोकतंत्र की जड़ों को पुनः मजबूती मिलेगी।


## आयकर विभाग ने कालाअंब में औद्योगिक इकाइयों और निजी ठिकानों पर दी दबिश

### विभाग को फर्जी बिलिंग और जीएसटी हेरफेर की आशंका

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब में वीरवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया जब केंद्रीय आयकर विभाग की टीम ने एक साथ कई औद्योगिक इकाइयों और निजी ठिकानों पर दबिश दी। कार्रवाई मुख्य रूप से चार लेड (सीसा) उद्योगों पर केंद्रित बताई जा रही है, जिनमें राधा कृष्णा, रामा कृष्णा और एकता इंटरप्राइजेज जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। शुक्रवार देर रात तक चली कार्रवाई में दो दर्जन से अधिक अधिकारी दस्तावेजों की जांच और डिजिटल रिकॉर्ड खंगालने में जुटे रहे।

सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक जांच में फर्जी बिलिंग के माध्यम से बड़े पैमाने पर लेनदेन में हेरफेर की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि कंपनियों ने कथित तौर पर कागजी फर्मों के जरिए खरीद दर्शाकर इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लिया और वास्तविक उत्पादन व बिक्री के आंकड़ों में अंतर रखा। जांच एजेंसियां आयकर के साथ-साथ जीएसटी रिकॉर्ड की




◆ करोड़ों रुपए की टैक्स चोरी का खुलासा होने की संभावना

भी पड़ताल कर रही हैं, जिससे करोड़ों रुपए की संभावित टैक्स चोरी का खुलासा हो सकता है। जानकारी के मुताबिक टीमों ने केवल उद्योगों में ही नहीं, बल्कि संबंधित उद्योगपतियों के आवासों पर भी एक साथ छापेमारी की। फैक्टरी परिसरों को अस्थायी रूप से नियंत्रण में लेकर स्टॉक, अकाउंट बुक, कंप्यूटर हार्ड डिस्क और लेनदेन से जुड़े दस्तावेज जब्त किए गए हैं। कर्मचारियों और प्रबंधन से पूछताछ भी की गई है। सूत्र यह भी संकेत दे रहे हैं कि जांच का दायरा लेड उद्योगों तक सीमित नहीं है और एक बायोलॉजिकल कंपनी की संभावित भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है। संबंधित कंपनी के स्वामियों के परिसरों में भी दस्तावेजों की जांच जारी है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। उधर, इनकम टैक्स की टीम से बात करने की कोशिश की गई मगर उन्होंने किसी भी तरह का कोई जवाब नहीं दिया है। यही नहीं फैक्टरी के मालिकों के मोबाइल भी इनकम टैक्स की टीम के द्वारा अपने कब्जे में लिए गए हैं।

फिलहाल आयकर विभाग की ओर से कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन जिस स्तर पर समन्वित कार्रवाई की गई है, उससे संकेत मिल रहे हैं कि आने वाले दिनों में बड़े वित्तीय खुलासे संभव हैं। औद्योगिक क्षेत्र में इस रेड के बाद कारोबारी हलकों में हलचल बनी हुई है और सभी की निगाहें आयकर विभाग की आधिकारिक पुष्टि पर टिकी हैं।

## सांसद पप्पू यादव को सभी मामलों में मिली जमानत

**एजेंसी, पटना**

पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को पटना सिविल कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने सभी मामलों में पप्पू यादव को जमानत दे दी है। इसके साथ ही पप्पू यादव का जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है।



बता दें कि 6 फरवरी को पटना पुलिस ने पप्पू यादव को 31 साल पुराने मामले में गिरफ्तार किया था जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें बुधवार को उस मामले में जमानत दे दी थी, जिसके बाद पटना पुलिस ने 2 अन्य मामलों में उनको रिमांड पर ले लिया था। वहीं अब जानकारी मिल रही है कि पटना सिविल कोर्ट ने सभी मामलों में पप्पू यादव को जमानत दे दी है। मिली जानकारी अनुसार कोर्ट ने पप्पू यादव को पटना के अलग अलग थानों समेच पूर्णिया में दर्ज तीन मामलों में जमानत दे दी है। जिसमे गर्दनीबाग और बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र से जुड़े केस भी शामिल हैं। अदालत के इस फैसले के बाद उनकी जेल से रिहाई का रास्ता लगभग साफ हो गया है। जानकारी के अनुसार, इन मामलों में पप्पू यादव न्यायिक हिरासत में थे और उनकी जमानत याचिकाओं पर सुनवाई चल रही थी। शुक्रवार को कोर्ट ने तीनों मामलों में राहत देते हुए उनकी बेल मंजूर कर ली। फैसले की खबर मिलते ही समर्थकों में खुशी का माहौल देखा गया। (अनंत ज्ञान)

### ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी की मीटिंग में बोले पूर्व सीजेआई

## एक देश-एक चुनाव से प्रभावित नहीं होंगे मतदाता अधिकार : गवई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व सीजेआई जस्टिस बीआर गवई ने शुक्रवार को वन नेशन, वन इलेक्शन पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि एक देश एक चुनाव से मतदाता अधिकार प्रभावित नहीं होंगे और संघीय ढांचे पर भी कोई असर नहीं पड़ेगा।

पूर्व सीजेआई ने यह बात वन नेशन, वन इलेक्शन पर हुई जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी की एक मीटिंग कही। उन्होंने तर्क दिया कि संसद के पास चुनावों को एक साथ करने के लिए ऐसा संशोधन लागू करने की शक्ति है, जैसा कि संविधान द्वारा अनिवार्य है। एक देश एक चुनाव को लेकर जेपीसी अंतिम निष्कर्ष के करीब है। कई मीडिया रिपोर्ट्स ने दावा किया है कि वन नेशन, वन इलेक्शन पर जेपीसी की रिपोर्ट मार्च के अंत तक आ सकती है।

### सरकार के पास बहुमत नहीं, तो उसे पद छोड़ना होगा

**बैठक** में यह मुद्दा उठा कि संविधान नागरिकों को 5 साल के पूरे कार्यकाल के लिए सरकार चुनने का अधिकार देता है। यदि सरकार बीच में गिर जाए और शेष अवधि के लिए चुनाव न हो तो क्या यह मतदाता अधिकारों को प्रभावित करेगा। माना जा रहा है कि गवई ने समिति के सामने कहा कि संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 पूरी तरह संवैधानिक दायरे में है। सूत्रों का कहना है कि एक सदस्य ने सरकार की जवाबदेही को लेकर प्रश्न उठाया। इस पर गवई ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव जैसे संवैधानिक साधन यथावत बने रहेंगे। यदि किसी सरकार के पास बहुमत नहीं रहेगा, तो उसे पद छोड़ना होगा।



## महामंडलेश्वर और कथावाचक उत्तम स्वामी पर रेप के आरोप

**एजेंसी, भोपाल**

श्री पंच अग्नि अखाड़े के महामंडलेश्वर और कथावाचक उत्तम स्वामी पर राजस्थान निवासी एक युवती ने दुष्कर्म करने के आरोप लगाए हैं। युवती ने 12 फरवरी को दिल्ली पुलिस कमिश्नर को ई-मेल भेजकर सुरक्षा की मांग भी की है।



पीड़िता का कहना है कि एफआईआर दर्ज करवाने की भनक लगते ही उसे धमकियां मिलने लगी हैं। उत्तम स्वामी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से संपर्क साधने की कोशिश कर रहे हैं। उनके करीबी लोग समझौते का दबाव बना रहे हैं।

◆ राजस्थान की युवती ने दिल्ली पुलिस को भेजी ई-मेल

### धर्म की आड़ में किया यौन शोषण : पीड़िता

**युवती** ने आरोप लगाया है कि उत्तम स्वामी कई साल से उसका यौन शोषण कर रहा था। जब वह नाबालिग थी, तभी से धर्म की आड़ में उसके साथ गलत काम किए गए। उसने विरोध किया तो उसे डराया-धमकाया गया। उत्तम स्वामी के प्रभाव के कारण लंबे समय तक वह शिकायत नहीं कर सकी।

युवती ने ई-मेल में लिखा है कि उसके और उसके परिवार के बारे में बेहद निजी जानकारी रखी जा रही है। उसे नुकसान पहुंचाए जाने की आशंका है। (अनंत ज्ञान)

## संसद की कार्यवाही 9 मार्च तक स्थगित

### भाजपा सांसद दुबे बोले-सत्ता पाने को देश का बंटवारा चाहते हैं राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बजट सत्र के 13वें दिन लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही पूरे दिन नहीं चल पाई। लोकसभा की कार्यवाही करीब 10 मिनट ही चल पाई। वहीं, राज्यसभा की कार्यवाही दो घंटे तक चल पाई। अब दोनों सदनों की कार्यवाही 9 मार्च से शुरू होगी। शुक्रवार को सुबह 11 बजे सदन शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने 'हरदीप पुरी इस्तीफा दो' के नारे लगाने शुरू कर दिए।

इसके 5 मिनट बाद ही सदन स्थगित कर दी गई। 12 बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई। इस बार हंगामे के बीच एजुकेशन और कानून मंत्रालय से जुड़े कुछ बिल पेश किए। इसके बाद चेयर पर मौजूद संध्या राय ने लोकसभा 9



मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। उधर, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी पर आरोप लगाए कि वे सत्ता पाने के लिए देश के बंटवारे की प्लानिंग कर रहे हैं। दुबे ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'सोरोस, फोर्ड फाउंडेशन और टुकड़े-टुकड़े गैंग के सरगना राहुल गांधी जी के खिलाफ मेरे आरोप ये हैं, जिनके लिए मैंने लोकसभा स्पीकर से बहस करने की इजाजत मांगी है। क्या लोकसभा में विपक्ष के नेता सत्ता पाने के लिए भारत के बंटवारे की प्लानिंग कर रहे हैं? (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस सांसदों ने मांगा हरदीप सिंह का इस्तीफा

**कांग्रेस** सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा एपस्टीन फाइल्स मामले में लगाए गए आरोपों के बीच केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग की।

### शुभारंभ | पीएम नरेंद्र मोदी ने किया प्रधानमंत्री कार्यालय की नई इमारत 'सेवा तीर्थ' का उद्घाटन

## पीएमओ और कैबिनेट सचिवालय अब नए भवन से करेंगे कार्य

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 'सेवा तीर्थ' परिसर का उद्घाटन किया, जहां अब प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय एक साथ कार्य करेंगे। प्रधानमंत्री ने नए परिसर में 'सेवा तीर्थ' नाम का अनावरण किया, जो भवन की दीवार पर देवनागरी लिपि में अंकित है। इसके नीचे 'नागरिक देवो भव' लिखा गया है।

उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री ने परिसर में पूजा-अर्चना भी की और 'सेवा' की भावना को प्रतिबिंबित करते हुए कई महत्वपूर्ण फाइलों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर परिसर के उद्घाटन की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, 'भारत के लोगों की सेवा करने के पक्के इरादे और नागरिक देवो भव की पवित्र भावना से प्रेरित होकर, सेवा तीर्थ विनम्रता से देश को समर्पित है।

सेवा तीर्थ हमेशा कर्तव्य, करुणा और इंडिया फर्स्ट के सिद्धांत के प्रति प्रतिबद्धता का एक चमकता हुआ प्रतीक बना रहे। यह आने वाली पीढ़ियों को निःस्वार्थ सेवा और सभी की भलाई के लिए बिना थके समर्पण के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करे।' (अनंत ज्ञान)



◆ परिसर में पूजा-अर्चना भी की अहम फाइलों पर किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली में 'सेवा तीर्थ' परिसर का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। अनंत ज्ञान

### 'पीएम राहत योजना' शुरू करने को भी दी स्वीकृति

पीएम ने एक अन्य पोस्ट में बताया 'सेवा तीर्थ में आज मैंने गरीबों, वंचितों, मेहनतकश किसानों, युवा शक्ति और नारी शक्ति को मजबूत बनाने से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णयों पर हस्ताक्षर किए। इन निर्णयों में 'पीएम राहत योजना' की शुरुआत को मंजूरी शामिल है, जिसके तहत दुर्घटना पीड़ितों को 1.5 लाख रुपए तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इससे यह पक्का होगा कि प्रभावित किसी भी व्यक्ति को तुरंत मेडिकल मदद मिले। इसके अलावा 'लखपति दीदी' योजना का लक्ष्य दोगुना करके 6 करोड़ करने का निर्णय लिया गया है। इससे महिला सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा।

# अब बोर्ड परीक्षाओं में नकल करने वालों पर कसेगी नकेल

## शून्य सहनशीलता, चौकस निगरानी से होगा निष्पक्ष आयोजन, कड़े प्रबंधों से पारदर्शिता होगी सुनिश्चित

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर इस बार प्रशासन पूरी तरह सतर्क और संकल्पित दिखाई दे रहा है। स्कूल शिक्षा निदेशालय ने स्पष्ट कर दिया है कि परीक्षा की पवित्रता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होगा। नकल और अनुचित साधनों पर पूर्ण विराम लगाने के उद्देश्य से शून्य सहनशीलता की नीति को कठोरता से लागू किया जा रहा है। विद्यार्थियों को निर्भय और स्वच्छ वातावरण में परीक्षा देने का अवसर मिले, इसके लिए व्यापक और सुदृढ़ प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं।

- **हर केंद्र पर अनिवार्य दृश्य निगरानी व्यवस्था लागू**
- **राज्य स्तर पर विशेष दलों की सीधी रहेगी निगरानी**




परीक्षा केंद्रों में अब दृश्य निगरानी यंत्रों की स्थापना अनिवार्य कर दी गई है। संस्थानों के प्रमुखों को इनके सुचारु संचालन, रखरखाव तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यक्तिगत जिम्मेदारी सौंपी गई है। परीक्षा अवधि के दौरान निरंतर निगरानी रखी जाएगी और सभी गतिविधियों का सुरक्षित अभिलेखन किया जाएगा। किसी भी प्रकार की तकनीकी बाधा या शिथिलता को गंभीर त्रुटि माना जाएगा।

जानकारी के अनुसार निदेशक स्कूल शिक्षा की प्रत्यक्ष देखरेख में वरिष्ठ अधिकारियों के विशेष राज्य स्तरीय दल गठित किए गए हैं। ये दल परीक्षा केंद्रों से प्राप्त प्रत्यक्ष दृश्य संकेतों पर सतत दृष्टि रखेंगे और निर्धारित मानकों के अनुपालन की पुष्टि करेंगे। जिला तथा विद्यालय स्तर पर भी नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो समन्वय और अनुश्रवण की जिम्मेदारी निभाएंगे। आम नागरिकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए शिकायत प्रेषण की व्यवस्था भी सुदृढ़ की गई है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना मिल सके। निदेशालय ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी है कि निगरानी यंत्र न लगाना, उन्हें जान-बूझकर निष्क्रिय रखना, अभिलेख सुरक्षित न रखना या पर्यवेक्षण में ढिलाई बरतना सेवा में गंभीर लापरवाही मानी जाएगी।

**परिश्रम करने वाले विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ:** प्रधानाचार्य, केंद्र अधीक्षक, पर्यवेक्षक अथवा कोई भी कर्मचारी यदि अनुचित गतिविधि में संलिप्त पाया गया तो उसके विरुद्ध तत्काल विभागीय कार्यवाही की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य भय उत्पन्न करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि परीक्षा की गरिमा अक्षुण्ण रहे और परिश्रम करने वाले विद्यार्थियों का विश्वास दृढ़ बना रहे।

# हिमाचल में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर, ऊना सबसे गर्म



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शुक्रवार को अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। बीते 24 घंटों में तापमान में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं देखा गया, लेकिन औसत अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहा। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में कहीं भी वर्षा या हिमपात दर्ज नहीं किया गया।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार ऊना में प्रदेश का सर्वाधिक अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा बिलासपुर में 26.4, सुंदरनगर में 25.2, नाहन में 27.2 के आसपास, कांगड़ा में 24.2 और शिमला में 18.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। जनजातीय क्षेत्र किन्नौर के कल्पा में 13 डिग्री तथा लाहौल-स्पीति के ताबो में 5.7 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया, जो मैदानी क्षेत्रों की तुलना में काफी कम रहा।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि अधिकतम तापमान में पिछले 24 घंटों के दौरान कोई उल्लेखनीय उतार-चढ़ाव नहीं हुआ है। औसत अधिकतम तापमान सामान्य से लगभग 5 डिग्री तक अधिक दर्ज किया गया, जिससे दिन के समय हल्की गर्माहट महसूस की गई। फिलहाल राज्य में मौसम शुष्क बना हुआ है और निकट भविष्य में भी किसी बड़े बदलाव के संकेत नहीं हैं।

# डिजिटल शासन में हिमाचल प्रदेश ने लगाई बड़ी छलांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (नवाचार, डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं सुशासन) गोकुल बुटेल ने शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता में राज्य सरकार की प्रमुख ई-गवर्नेंस पहलों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डिजिटल टेक्नोलॉजी एवं गवर्नेंस विभाग ने बीते वर्षों में जनसेवा को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और सरल बनाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन 1100 को एकीकृत शिकायत निवारण मंच के रूप में विकसित किया गया है, जिसने संतोषजनक निस्तारण दर में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी स्थान प्राप्त किया है।



- **पारदर्शिता, नवाचार और जनसुविधा पर केंद्रित नई पहलें**

व्हाट्सऐप चैटबॉट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रणाली के माध्यम से शिकायतों की निगरानी और त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि आधार नामांकन, विशेषकर शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग में, हिमाचल प्रदेश ने देश में प्रथम स्थान हासिल किया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में आधार आधारित मुख पहचान प्रमाणीकरण लागू करने वाला हिमाचल पहला राज्य बना है। 'हिम परिवार' राज्य सामाजिक रजिस्ट्री के माध्यम से एकीकृत एवं सत्यापित नागरिक डेटाबेस तैयार किया गया है, जिससे पात्र लाभार्थियों की सटीक पहचान संभव हुई है और सामाजिक सुरक्षा पेंशन में अपात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर राज्य को प्रति माह करोड़ों रुपये की बचत हो रही है।

गोकुल बुटेल ने कहा कि 'हिम एक्सेस' एकल लॉगिन मंच तथा हिम सेवा पोर्टल के माध्यम से सैकड़ों सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई गई हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित दस्तावेज सत्यापन प्रणाली आवेदन प्रक्रिया को सरल बना रही है। राज्य डेटा सेंटर का विस्तार कर उसकी क्षमता बढ़ाई गई है तथा हिमस्वान नेटवर्क से हजारों सरकारी कार्यालय जुड़े हैं। ब्लॉकचेन तकनीक के माध्यम से भूमि अभिलेखों को सुरक्षित और अपरिवर्तनीय बनाया जा रहा है, जबकि कांगड़ा और शिमला में सूचना प्रौद्योगिकी पार्क तथा इनक्यूबेशन केंद्र स्थापित कर निवेश और नवाचार को प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

# भाजपा का वॉकआउट प्रदेश हितों की अनदेखी : विनय

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश का राजस्व घाटा अनुदान बंद किए जाने के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक से भारतीय जनता पार्टी के वॉकआउट को दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक बताते हुए कहा है कि इससे स्पष्ट होता है कि भाजपा को प्रदेश के हितों और अधिकारों की कोई वास्तविक चिंता नहीं है, बल्कि वह केवल अपनी राजनीतिक स्वार्थसिद्धि में लगी हुई है।

उन्होंने कहा कि यदि भाजपा को सचमुच प्रदेश के भविष्य और जनता के अधिकारों की फिक्र होती तो वह बैठक में शामिल होकर अपने बहुमूल्य सुझाव देती और केंद्र के समक्ष प्रदेश की आवाज को मजबूती प्रदान करती। विनय कुमार ने आरोप लगाया कि भाजपा का रवैया सदैव दोहरा रहा है और वह घड़ियाली आंसू बहाकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास करती रही है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष आई प्राकृतिक आपदा के समय भी भाजपा ने प्रदेश के प्रति कोई संवेदनशीलता नहीं दिखाई और अब राजस्व घाटा अनुदान बंद होने जैसे गंभीर विषय पर भी उसका नकारात्मक रुख प्रदेश के प्रति उसकी उदासीनता को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा प्रतीत होता है मानो भाजपा प्रदेश की जनता द्वारा सत्ता से बाहर किए जाने का प्रतिशोध ले रही हो, जो लोकतांत्रिक मर्यादाओं और जनभावनाओं के विरुद्ध तथा अत्यंत खेदजनक है।

# जनता की चौखट पर सरकार: सीएम सुक्खू ने सुनीं लोगों की फरियाद

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को शिमला में आयोजित जन-सुनवाई कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के कोने-कोने से आए लोगों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं। पहाड़ों के दूरस्थ अंचलों, दुर्गम घाटियों और सीमांत क्षेत्रों से पहुंचे नागरिक अपने मन में उम्मीद और विश्वास लेकर मुख्यमंत्री के समक्ष उपस्थित हुए। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक व्यक्ति की व्यथा को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मामलों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासन का असली दायित्व जनता के दुख-दर्द को समझना और उसे दूर करना है।

जन-सुनवाई के दौरान भूमि, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, सड़क, स्वास्थ्य तथा रोजगार से जुड़े अनेक प्रकरण सामने आए।



समस्याएं सुनते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए जरूरतमंदों को शीघ्र राहत प्रदान की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले लोगों को अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें और प्रशासन स्वयं आगे बढ़कर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें।

# शिक्षा बोर्ड ने सीबीएसई सब-कैडर 2026 भर्ती के लिए सिलेबस किया जारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश के 134 सीबीएसई संबद्ध सरकारी स्कूलों में सीबीएसई सब-कैडर-2026 के तहत विभिन्न श्रेणियों के 5,623 पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने हेतू हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने स्क्रीनिंग टेस्ट के लिए विस्तृत सिलेबस जारी कर दिया है।

- **प्रदेश के 134 सरकारी स्कूलों में 5,623 पदों पर स्क्रीनिंग टेस्ट 22 मार्च को**

उक्त स्कूलों में शैक्षणिक और प्रशासनिक पदों के लिए नए पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी शिक्षा बोर्ड ने अपनी आधिकारिक वेबसाईट पर साझा की है। 5,623 पदों में प्रिंसिपल के 134 पद शामिल हैं। अंग्रेजी प्रवक्ता के 384 पद, कॉमर्स में 288, इतिहास, हिंदी और राजनीति शास्त्र में 182-182 पद भरे जाने हैं। इसके अलावा टीजीटी आर्ट्स के 480 पद और जेबीटी के 640 पदों पर शिक्षकों की तैनाती की जाएगी। शारीरिक शिक्षक (डीपीई/पीईटी), शास्त्री, संगीत और भाषा अध्यापकों के लिए भी बड़ी संख्या में रिक्तियां घोषित की गई हैं।

प्रिंसिपल पद के लिए शिक्षा और नेतृत्व पर विशेष जोर दिया गया है। फिजिकल एजुकेशन टीचर के लिए शारीरिक शिक्षा का इतिहास, खेल-कूद के बदलते रुझान, योग और एनाटॉमी जैसे मुख्य विषयों को पाठ्यक्रम में जगह दी गई है। सिलेबस में अलग-अलग विषयों के लेक्चरर्स के लिए भी विषय-वार जानकारी दी गई है। इसके अलावा हिस्ट्री, जियोग्राफी, इकोनॉमिक्स और साइकोलॉजी जैसे विषयों के लिए भी गहन अध्ययन की जरूरत पर बल दिया गया है। ड्राइंग मास्टर के लिए भारतीय कला का इतिहास आदि शामिल किया गया है।

इन पदों पर मेरिट के आधार पर चयन सुनिश्चित करने के लिए 22 मार्च (रविवार) को स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित किया जाएगा। यह भर्ती केवल हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग में कार्यरत नियमित इन-सर्विस शिक्षकों के लिए ही है। जो शिक्षक निर्धारित भर्ती एवं पदोन्नति (अरएंडपी) नियमों के तहत योग्यता रखते हैं, वही इस स्क्रीनिंग टेस्ट के पात्र होंगे।

# हिमाचल विधानसभा में बजट सत्र से पहले पत्रकार दीर्घा समिति की बैठक 15 को

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में आगामी बजट सत्र से पहले राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। सत्र को सुचारु और मर्यादित ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से 15 फरवरी को पत्रकार दीर्घा समिति तथा 16 फरवरी को सर्वदलीय बैठक आयोजित की जाएगी। दोनों बैठकों की अध्यक्षता कुलदीप सिंह पठानिया करेंगे।

- **विधानसभा अध्यक्ष करेंगे दोनों बैठकों की अध्यक्षता**

15 फरवरी, 2026 को अपराह्न 12:15 बजे हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय के मुख्य समिति कक्ष में पत्रकार दीर्घा समिति की बैठक होगी। बैठक के उपरांत अध्यक्ष मुख्य समिति कक्ष में ही संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसके अगले दिन 16 फरवरी, 2026 को अपराह्न 12:15 बजे उनके कार्यालय कक्ष में सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में संसदीय कार्य मंत्री एवं मुख्य सचेतक हर्ष वर्धन चौहान, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानियां तथा भारतीय जनता पार्टी के मुख्य सचेतक सुखराम चौधरी सहित अन्य विधायक भाग लेंगे।

विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि बजट सत्र आरम्भ होने से पूर्व यह बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सत्तापक्ष और प्रतिपक्ष दोनों से सदन की गरिमा बनाए रखते हुए रचनात्मक सहयोग देने का आग्रह किया।

### हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड का बड़ा फैसला

# 10वीं से 12वीं तक लागू होगा एफए सिस्टम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने प्रदेश के सरकारी और निजी विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को अधिक सुदृढ़ और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। बोर्ड द्वारा आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए फारमेटिव असेस्मेंट (एफए)-1, एफए-2 और प्री-बोर्ड परीक्षाओं की व्यवस्था शुरू की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को बोर्ड परीक्षाओं के साथ-साथ भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप तैयार करना है। शिक्षा बोर्ड ने पाठ्यक्रम के बोझ को कम करने के लिए 10वीं से 12वीं तक के सिलेबस का चरणबद्ध विभाजन किया है।

इस नई व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने और विभाजित पाठ्यक्रम की समीक्षा करने के लिए शुक्रवार को बोर्ड मुख्यालय, धर्मशाला में विषय विशेषज्ञों और विद्यालय प्रतिनिधियों की एक विशेष कार्यशाला हुई, जिसमें प्राप्त सुझावों के आधार पर पाठ्यक्रम को और अधिक व्यवहारिक और छात्र-हितैषी बनाने पर चर्चा की गई।

> इन सुधारात्मक कदमों का लक्ष्य केवल परीक्षा लेना नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और समान अवसर सुनिश्चित करना है। पाठ्यक्रम के विभाजन से विद्यार्थियों पर अध्ययन का बोझ संतुलित रहेगा और वे समयबद्ध रूप से बेहतर तैयारी कर सकेंगे। बोर्ड का निरंतर प्रयास है कि हिमाचल के छात्र राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं में बेहतर प्रदर्शन करें, जिसके लिए शिक्षा प्रणाली में गुणवत्तापूर्ण बदलाव किए जा रहे हैं।
>
> **-डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, एचपीसईबी**



# अनुराग ठाकुर बने संयुक्त संसदीय समिति के सदस्य

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर से लोकसभा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर को विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक 2025 पर गठित संयुक्त संसदीय समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह समिति उच्च शिक्षा व्यवस्था में संरचनात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से प्रस्तावित विधेयक का विस्तृत परीक्षण करेगी।

विधेयक के तहत वर्तमान में कार्यरत कमीशन को समाप्त कर विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान की स्थापना का प्रावधान किया गया है, जिससे शिक्षा प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया जा सके। समिति में लोकसभा और राज्यसभा के कुल 31 सदस्य शामिल हैं। समिति की अध्यक्षता आंध्र प्रदेश के राजमुंद्री से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डी पूर्णदेशवरी कर रही हैं। यह समिति विधेयक के प्रावधानों की गहन समीक्षा कर यह सुनिश्चित करेगी कि वे देश की शैक्षिक सुधार नीति और विकसित भारत की परिकल्पना के अनुरूप हों।

**सूरत-ए-हाल**

### भाखड़ा विस्थापितों का दर्द कायम: 11,777 परिवार उजड़े, 254 अब भी प्लॉट से वंचित

# विस्थापन के 63 साल बाद भी अधूरा पुनर्वास

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** देश को रोशन करने वाली ऐतिहासिक परियोजना भाखड़ा बांध ने विकास की नई इबारत लिखी, लेकिन इसकी सबसे बड़ी कीमत बिलासपुर की जनता ने चुकाई। बांध निर्माण के दौरान करीब 11,777 परिवार विस्थापित हुए और लगभग 256 गांव जलमग्न हो गए। छह दशक से अधिक समय बीत जाने के बावजूद पुनर्वास की फाइलें आज भी पूरी तरह बंद नहीं हो सकीं।

**विस्थापन के समय एक परिवार को एक प्लॉट:** विस्थापन के समय 'एक परिवार-एक प्लॉट' की नीति अपनाई गई थी। उस दौर में यह व्यवस्था पर्याप्त मानी गई, लेकिन आज उन्हीं परिवारों की दूसरी-तीसरी पीढ़ी बढ़ चुकी है। परिवारों का आकार कई गुना बढ़ा, जबकि जमीन और प्लॉट की संख्या वही रही-नतीजा, समस्या और जटिल हो गई।

**मालिकाना हक अब भी अधूरा:** कई विस्थापित परिवार दशकों से बस तो गए, लेकिन उन्हें पूर्ण मालिकाना अधिकार नहीं मिला। पुनर्वास कॉलोनियों में सड़क, सीवरेज, पेयजल और पक्के पट्टों जैसी बुनियादी सुविधाएं अब भी अधूरी हैं। जिन 254 परिवारों को प्लॉट नहीं मिला, वे वर्षों से प्रशासनिक दरवाजे खटखटा रहे हैं।




### आंकड़ों में हकीकत

- **कुल विस्थापित परिवार:** 11,777
- **डूबे गांव (केवल बिलासपुर में):** लगभग 256
- **2007 तक बिलासपुर शहर में आवंटित प्लॉट:** 1,323
- **बाद में पट्टे पर दिए गए प्लॉट:** 118
- **अब भी प्लॉट से वंचित परिवार:** 254

*(सरकारी सूची अनुसार)*

### राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बीच फंसा मुद्दा

**विस्थापितों** का आरोप है कि प्रमुख राजनीतिक दलों ने इस संवेदनशील मुद्दे को वोट की राजनीति तक सीमित कर दिया। चुनावी घोषणाओं में पुनर्वास का जिक्र जरूर होता है, लेकिन जमीनी स्तर पर निर्णायक कदम नहीं उठाए गए।

### शिक्षाविदों और पूर्व अधिकारियों की चिंता



**भाखड़ा** विस्थापित एवं शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक सुशील पुंडीर ने कहा कि जिन परिवारों ने राष्ट्रहित में अपना घर-बार छोड़ा, उनकी समस्याएं आज भी लगभग वैसी ही बनी हुई हैं। कई परिवारों को पूर्ण पुनर्वास, भूखंड आवंटन, उचित मुआवज़ा और बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं। उन्होंने उच्चस्तरीय समिति गठित कर समयबद्ध समीक्षा की मांग की।



**शिक्षाविद्** प्रोफेसर रविंद्र भट्टा ने भी गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी का विषय है। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि लंबित मामलों का गंभीरता से संज्ञान लेकर ठोस और समयबद्ध कार्ययोजना बनाई जाए, ताकि विस्थापित परिवारों को उनका अधिकार और सम्मान मिल सके।

### सर्वदलीय समिति के महासचिव का तर्क



**सर्वदलीय** भाखड़ा विस्थापित समिति के महासचिव जगदीश नड्डा ने कहा है कि लंबित समस्याओं के समाधान को लेकर समिति शीघ्र ही मुख्यमंत्री से भेंट करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि विस्थापन के दशकों बाद भी अनेक परिवार पुनर्वास, प्लॉट आवंटन, मुआवज़ा और बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं, जो अत्यंत चिंता का विषय है। नड्डा ने कहा कि समिति विस्थापितों के हक की लड़ाई मजबूती से लड़ रही है और जब तक सभी लंबित मामलों का न्यायपूर्ण एवं स्थायी समाधान नहीं हो जाता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने प्रदेश सरकार से मानवीय दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया।

### प्रशासन का पक्ष



**एडीसी** ओमकांत ठाकुर ने बताया कि उपायुक्त द्वारा एक आंतरिक समिति गठित की गई है, जो विस्थापितों की पुनर्वास समस्या पर मंथन कर रही है। जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि कुछ लोगों ने मकान बना लिए हैं, फिर भी वे विस्थापन श्रेणी में प्लॉट की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में विस्तृत जांच चल रही है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार को पत्र लिखकर विभिन्न विभागों की उपलब्ध भूमि की स्थिति मांगी गई है। यदि कहीं अतिरिक्त भूमि उपलब्ध होती है तो वहां से भी विस्थापितों को प्लॉट देने की संभावना पर विचार किया जा सकता है। हालांकि, अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है और प्रक्रिया परीक्षण चरण में है।

### बढ़ती पीढ़ियां, घटती उम्मीद

**एक** प्लॉट की नीति उस समय की जरूरत थी, पर आज एक ही प्लॉट पर कई परिवार गुजर-बसर कर रहे हैं। बढ़ती आबादी, सीमित जमीन और लंबित कानूनी प्रक्रियाएं विस्थापितों की चिंता को और गहरा रही हैं। देश की तरक्की के लिए अपना घर-आंगन छोड़ने वाले भाखड़ा विस्थापित आज भी सम्मानजनक पुनर्वास की प्रतीक्षा में हैं। आंकड़े बताते हैं कि अधिकांश को बसाया गया, पर 254 परिवारों की अधूरी फाइलें इस विकास गाथा पर सवाल खड़े करती हैं। अब नजरें सरकार और प्रशासन पर टिकी हैं-क्या छह दशक पुरानी यह पीड़ा आखिरकार खत्म होगी, या फिर अगली पीढ़ी भी इसी इंतजार में बड़ी होगी?

### सर्वदलीय भाखड़ा विस्थापित समिति

**शहरी** क्षेत्र में सक्रिय यह समिति अधिकारों की कानूनी पैरवी पर जोर दे रही है। भूमि आवंटन, स्वामित्व प्रमाणपत्र और पट्टों के नियमितीकरण को लेकर प्रशासनिक बैठकों में प्रतिनिधित्व कर चुकी है। कई बार राजस्व अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठकें हुईं, लेकिन ठोस समयबद्ध समाधान अब तक नहीं निकला। दोनों समितियां अपने-अपने स्तर पर सक्रिय हैं, पर विस्थापितों का कहना है कि बैठकों और आश्वासनों से आगे बात नहीं बढ़ रही।

### समितियों की सक्रियता पर समाधान दूर

**ग्रामीण** भाखड़ा विस्थापित समिति ग्रामीण क्षेत्रों के विस्थापितों को संगठित कर लगातार धरने-प्रदर्शन, रैलियां और मांगपत्र अभियान चला रही है। हाल के महीनों में बड़ी रैली की चेतावनी और मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने की पहल इसी समिति ने की। गांव-स्तर पर बैठकें कर लंबित मामलों की सूची तैयार की गई है।

# पत्नी पर पेट्रोल छिड़ककर जलाने की कोशिश



एसपी मंडी से मिलते पीड़ित पक्ष के लोग। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी जिले के कोटली उपमंडल के सपलोह में घरेलू विवाद ने भयावह रूप ले लिया जब एक पति ने अपनी पत्नी पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने का प्रयास किया, जिससे महिला गंभीर रूप से झुलस गई और उसे प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार दंपती ने करीब दस वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था और उनके दो बच्चे हैं, जिनकी आयु 10 और 7 वर्ष बताई गई है। विवाह के कुछ समय बाद से दोनों के बीच विवाद चल रहा था।

वीरवार को हुए झगड़े के दौरान पति ने कथित रूप से यह कदम उठाया। पीड़िता नीलम के चेहरे और बाल बुरी तरह झुलस गए। पहले उसे सिविल अस्पताल ले जाया गया, फिर जोनल अस्पताल, नेरचौक मेडिकल कॉलेज और बाद में पीजीआई चंडीगढ़ भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

एएसपी अभिमन्यु वर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा आरएफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाए। एसपी मंडी विनोद कुमार ने बताया कि सभी पहलुओं से जांच की जा रही है और आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड की मांग की गई है। घटना के बाद पीड़िता के पिता कृष्ण चंद सहित करीब 50 महिलाओं का प्रतिनिधिमंडल एसपी से मिला और सख्त कार्रवाई की मांग की। रिटायर्ड सैनिक व समाजसेवी भास्कर ठाकुर ने भी उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन तथा एसपी से मिलकर न्याय की मांग उठाई।

# न न्यूनतम वेतन, न श्रम कानूनों के तहत मिल रही एंबुलेंस कर्मियों को सुविधाएं

## कई वर्षों से लंबित मांगों को लेकर मुखर हुए 102-108 एंबुलेंस कर्मचारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** न न्यूनतम वेतन न ही श्रम कानूनों के तहत सुविधाएं मिल रही हैं। यही नहीं कंपनी द्वारा नियुक्ति पत्र देने से भी गुरेज किया जा रहा है। कई वर्षों से लंबित मांगों पर हड़ताल करने पर आश्वासन मिलते रहे, लेकिन अब कंपनी प्रबंधन के आश्वासन से काम नहीं चलेगा, जो सुविधाएं मिलनी चाहिए, उन्हें दिया जाए। यह मांग 108/102 एंबुलेंस कर्मी यूनियन ने सरकार व कंपनी प्रबंधन से की है। सीटू के बैनर तले हिमाचल प्रदेश 108 तथा 102 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन के सदस्यों का धरना शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। यूनियन सदस्य तरूण कुमारी ने कहा कि आपात सेवा 102 तथा 108 एंबुलेस को लेकर कर्मचारी शोषण का शिकार हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत इन सेवाओं के निजीकरण की पहल की थी। वहीं इन कर्मचारियों को न तो न्यूनतम वेतन नियमों के तहत वेतन दिया जा रहा है और न ही श्रम कानून के तहत दूसरी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि न तो कमचारियों को कोई नियुक्ति पत्र जारी किया गया है ओर न ही कोई पहचान पत्र जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि श्रम कानूनों को लेकर कर्मचारियों को पूरी तरह नजर अंदाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीटू के बैनर तले किए जा रहे इस प्रदर्शन को लेकर उनकी मांग है कि कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन जारी किया जाए, आवासीय सुविधा, अवकाश तथा दूसरी सुविधाएं जारी की जाएं। उन्होंने कि इन सेवाओं को चला रही कंपनी की ओर से ऐसे कर्मचारियों को निकाल दिया जाता है जो अपने हकों के लिए मांग उठाते हैं।

उन्होंने कहा कि अपने हकों की मांग उठाने पर कंपनी कर्मचारियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वो 12 फरवरी से धरने पर बैठे हैं तथा आगामी 16 फरवरी को हिमाचल प्रदेश सचिवालय के बाहर विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर सरकार फिर भी उनकी मांगों को नहीं मानती है तो वो अनिश्चित कालीन धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।



मांगों को लेकर धरने पर बैठे एंबुलेंस कर्मी। अनंत ज्ञान

# मिड-डे मील वर्कर का हत्यारोपी 5 दिन के पुलिस रिमांड पर

## आरोपी अदालत में किया पेश, शुरुआती जांच में पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद की बात आई सामने

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**पिंकी, डाडासीबा।** चनौर के प्राइमरी स्कूल की रसोई, जहां कभी बच्चों के लिए भोजन की खुशबू उठती थी, आज भी उस दर्दनाक घटना की गूंज से भारी है। मिड-डे मील वर्कर महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने 45 वर्षीय आरोपी राकेश कुमार उर्फ मनु को अदालत में पेश कर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। नई अपडेट के मुताबिक शुरुआती जांच में पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद की बात सामने आ रही है एक ऐसा विवाद, जिसने कथित तौर पर एक परिवार की दुनिया उजाड़ दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी मेहनत-मजदूरी करता था और कभी-कभार मृतका के बेटे के साथ शादी-ब्याह व अन्य कार्यक्रमों में टैंट लगाने का काम भी करता रहा है।

यही परिचय अब जांच की अहम कड़ी बन गया है। आखिर कितनी रकम और किस बात ने रिश्तों में इतनी कड़वाहट घोल दी कि मामला हिंसा तक पहुंच गया, रिमांड के दौरान पुलिस हर पहलू को खंगाल रही है। यहां तक कि पुलिश अरोपी का पुराना हिसाब, संभावित रंजिश और घटना से पहले की परिस्थितियां भी बारिकी से खगाल रही है ताकि पता चल सके कि अरोपी का पिछला रिकार्ड किया है। आरोपी की पारिवारिक स्थिति भी चर्चा में है। पिता का साया पहले ही उठ चुका है, दो बहनों की शादी हो चुकी है और वह अपनी वृद्ध मां के साथ अकेला रह रहा था। कुछ वर्ष पहले उत्तर प्रदेश की एक युवती से इसने भाग कर विवाह किया था लेकिन इसकी ऐसी हरकतो को देखते हुए बह इसे छोडकर अपने मायके ची गई थी, लेकिन पुलिस का साफ कहना है कि जांच तथ्यों और साक्ष्यों पर आधारित होगी, न कि अफवाहों पर।



मिड-डे मील वर्कर हत्याकांड का आरोपी। अनंत ज्ञान

### दिवंगत के परिवार को दें 25 लाख मुआवजा

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** सीटू जिला कमेटी, कांगड़ा ने देहरा उपमंडल के चनौर गांव में मिड डे मील कार्यकर्ता 58 वर्षीय सोलोचना देवी की दिनदहाड़े हुई निर्मम हत्या की घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। यह घटना न केवल अत्यंत दुखद है, बल्कि समाज एवं प्रशासन की कानून-व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाती है। सीटू जिला कमेटी के प्रधान केवल कुमार, जिला सचिव रविन्द्र कुमार, एवं जिला वित सचिव अशोक कटोच ने बताया कि इस प्रकार खुलेआम हत्या पूरे क्षेत्र को स्तब्ध करने वाली है तथा मेहनतकश महिलाओं की सुरक्षा के प्रश्न को गंभीरता से सामने लाती है। सीटू जिला कमेटी कांगड़ा मांग करती है कि मृतका के परिवार को तुरंत 25 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए। परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। दोषियों के खिलाफ फास्ट ट्रैक अदालत में मुकदमा चलाकर कड़ी से कड़ी सजा सुनिश्चित की जाए। मिड-डे मील एवं अन्य महिला कर्मचारियों की सुरक्षा हेतु ठोस और प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों से जुड़े अपराधों की जांच की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो नई दिल्ली के तत्वावधान से सौम्या सांबशिवन प्रधानाचार्य पीटीसी डरोह के मार्गदर्शन में महिला सुरक्षा पर पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय डरोह में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 11 से 13 फरवरी तक किया गया। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं इकाइयों के 30 अन्वेषण अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान संजय शर्मा उप पुलिस अधीक्षक, तिलक सिंह उप पुलिस अधीक्षक, कुलदीप कुमार उप पुलिस अधीक्षक, कपिल देव शर्मा डीए, सुदीप सिंह डीए, अनिल शर्मा डिप्टी डीए, विनोद कुमार शर्मा, सीएलआई एचपी पीटीसी, प्रदीप सिंह उप निरीक्षक, अवनेश कुमार उप निरीक्षक, सरवण कुमार ने महिलाओं व बच्चों से संबंधित अपराधों के अन्वेषण एवं अन्वेषण में वैज्ञानिक पद्धति का उपयोग, भौतिक साक्ष्यों का अभिग्रहण करते समय एसएईसी किट का प्रयोग तथा आपराधिक मामलों में डीएनए का महत्व एवं सोशल मीडिया का उपयोग, महिलाओं का घरेलू हिंसा से संरक्षण, माननीय न्यायालयों के महत्वपूर्ण निर्णयों तथा महिलाओं से संबंधित नवीनतम कानूनी प्रावधानों आदि पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

### दो माह की यात्रा से लौटने पर धर्मगुरु का स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा शुक्रवार को बौद्ध नगरी मैक्लोडगंज पहुंच गए। दक्षिण भारत की दो माह की यात्रा उपरांत मैक्लोडगंज पहुंचने पर निर्वासित तिब्बतियों, बौद्ध अनुयायियों ने कांगड़ा एयरपोर्ट से लेकर मैक्लोडगंज तक विभिन्न स्थानों पर तोरणद्वार लगाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान एयरपोर्ट परिसर लॉन्ग लिव हिज होलीनेस और प्रार्थना मंत्रों से गूंज उठा। पारंपरिक परिधानों में सजे श्रद्धालुओं ने उन्हें पारंपरिक तिब्बती स्कार्फ भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दक्षिण भारत प्रवास के दौरान दलाई लामा ने विभिन्न बौद्ध शिक्षण संस्थानों और मठों में धर्मोपदेश दिए तथा करुणा, अहिंसा और वैश्विक शांति का संदेश प्रसारित किया। उनकी शिक्षाओं में बड़ी संख्या में देश-विदेश से पहुंचे अनुयायियों ने भाग लिया। इस यात्रा को आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। धर्मगुरु के स्वागत व दर्शन को चौंतड़ा से पहुंची यूंगा की खुशी और उत्साह दोनों देखते ही बन रहा था। उन्होंने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि परम पावन की दो महीने की वापसी से वो कितने उत्साहित हैं, इसका अंदाजा आप दूर दराज के क्षेत्रों से आये अनुयायियों की मौजूदगी से लगा सकते हैं।

### बीड़ में हथकरघा वस्त्रों की प्रदर्शनी व बिक्री शुरू

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** उपमंडल बैजनाथ के अंतर्गत बीड़ में शुरू हुई उत्कृष्ट हथकरघा वस्त्रों की प्रदर्शनी एवं बिक्री का शुभारंभ प्रधानाचार्या बृज मोहन शर्मा ने किया, विकास आयुक्त (हथकरघा) वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार उद्योग भवन नई दिल्ली द्वारा (बल्ह कलस्टर) हिल क्वीन हस्तशिल्प एवं हस्तबुनकर कल्याण सभा समिति मनाली के द्वारा आयोजित किया गया। इसमें कुल्लू शाल ,जेंट्स शॉल ,स्टॉल, मफलर ,जैकेट ,कुल्लू टोपी ,पट्टू सलवार सूट आदि यहां प्रदर्शनी में मिलेंगे । यह प्रदर्शनी सूर्या क्लासिक होटल तिब्बतियन कॉलोनी में 13 से 20 फरवरी तक चलेगी। इसकी जानकारी बल्ह क्लस्टर के संयोजक दौलत राम ठाकुर ने दी और कहा कि इस क्लस्टर में 205 महिलाएं काम कर रही हैं ,और इसमें महिलाओं को रोजगार मिला हुआ है। इस प्रदर्शनी में बीड़ पूर्व प्रधान सुरेश ठाकुर, नरेश ठाकुर(सूर्या होटल ऑनर), प्रवीण शर्मा,कलस्टर विकास कार्यकारी दीपिका कपूर,गोदावरी , सुदर्शना,मीनू, रक्षा, भादरी देवी ,विद्या , लोती देवी , सुमन गोस्वामी, राजकुमारी, उपासना,आदि मौजूद रहे।

### डॉ. ओमप्रकाश बने शैक्षणिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विश्व हिंदी परिषद ने हिमाचल प्रदेश में हिंदी के शैक्षणिक विकास, प्रचार-प्रसार और शोध गतिविधियों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश (सीयूएचपी) के सहायक आचार्य डॉ. ओम प्रकाश प्रजापति को प्रदेश के शैक्षणिक प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनीत किया है। यह मनोनयन परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. विपिन कुमार द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के माध्यम से किया गया। राष्ट्रीय महासचिव डॉ. विपिन कुमार ने कहा कि डॉ. प्रजापति लंबे समय से हिंदी शिक्षण, शोध एवं भाषा-संवर्धन के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके व्यापक अकादमिक अनुभव और शोध-दृष्टि से प्रदेश में हिंदी से संबंधित शैक्षणिक कार्यक्रमों, कार्यशालाओं और शोध गतिविधियों को नई दिशा एवं ऊर्जा मिलेगी। नव-मनोनीत अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश प्रजापति ने परिषद के मुख्य संरक्षक इंद्रेश कुमार संरक्षक अजय कुमार मिश्रा, राष्ट्रीय अध्यक्ष यार्लगड्डा लक्ष्मी प्रसाद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र तथा राष्ट्रीय महासचिव डॉ. विपिन कुमार का आभार व्यक्त किया। डॉ. प्रजापति ने कहा कि वे हिमाचल प्रदेश में हिंदी की शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करने, शोध प्रवृत्ति को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों व शिक्षकों के लिए एक सशक्त संवादात्मक मंच तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### 234 प्रशिक्षु-अध्यापकों ने दी शिक्षण परीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला के तृतीय सत्र के प्रशिक्षु-अध्यापकों की अंतिम शिक्षणाभ्यास परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह परीक्षा उनके चार माह के सतत परिश्रम और व्यवहारिक प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण चरण रही। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. युवराज सिंह पठानिया ने बताया कि प्रशिक्षुओं ने 17 शिक्षणाभ्यास विद्यालयों में अध्यापन कौशल का व्यावहारिक अभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने गतिविधि-आधारित शिक्षण पद्धति और सृजनात्मक शिक्षण सामग्री के प्रयोग में दक्षता हासिल की। विद्यालय प्रशिक्षुता कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अतुल आचार्य ने बताया कि परीक्षा 10 से 13 फरवरी तक दो चरणों में आयोजित की गई, जिसमें 234 प्रशिक्षु-अध्यापकों ने भाग लिया। बाह्य परीक्षकों ने अध्यापन कौशल, पाठ योजना और प्रस्तुतीकरण का समग्र मूल्यांकन किया। यह परीक्षा उनके भावी शिक्षकीय जीवन की मजबूत नींव सिद्ध होगी।

### स्मार्ट मीटर जागरूकता पखवाड़ा 16 को

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि समस्त उपभोक्ताओं, जोकि पालमपुर विद्युत उपमंडल डरोह के अंतर्गत आते हैं, को सूचित किया जाता है कि 16 फरवरी 2026 को जागरुकता स्मार्ट मीटर पखवाड़ा का आयोजन अंबेडकर भवन डरोह में दोपहर 3.00 से सायं 5.00 बजे तक किया जाना सुनिश्चित किया है। इस आयोजन में स्मार्ट मीटर के उपयोग और इसके लाभों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस कार्यक्रममें एपीएआरवीए और विद्युत विभाग के नोडल अधिकारी उपस्थित रहेंगे। अतः आप सब माननीय उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा जनसंख्या में उपस्थिति दर्ज करवाएं।

# प्रदेश सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए चलाईं कई योजनाएं : पठानिया

अनंत ज्ञान

◆ **कहा- जागोरी संस्था कर रही सराहनीय कार्य**

**शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने आज रैत के चंबी में जागोरी संस्था द्वारा आयोजित उमड़ते 100 करोड़ अभियान के अंतर्गत यूथ थिएटर फेस्टिवल 2026 में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से महिलाएं आज पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जागोरी संस्था समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। ग्रामीण स्तर तक अपनी पहचान बनाना और महिलाओं के उत्पीडन् के विरुद्ध निरंतर संघर्ष इसकी प्रमुख विशेषता है।

विधायक ने कहा कि पूर्व समय में गांवों में आपसी समन्वय और भाईचारे की भावना प्रबल थी, लेकिन वर्तमान परिवेश में इसमें कमी आई है, जो चिंताजनक है। हम सभी को इस विषय पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए संस्था को बधाई दी तथा हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

संस्था की समन्वयक मनीषा ने मुख्यातिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्था और कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की थीम देह से धरती तक, हमारे शरीर हमारी धरती है, जिसके अंतर्गत गीत-संगीत एवं नाट्य माध्यम से देशभर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस फेस्टिवल में जिला कांगड़ा के रैत, धर्मशाला, कांगड़ा, नगरोटा बगवां एवं नगरोटा सूरियां क्षेत्र की महिलाओं तथा विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। साथ ही विभिन्न महिला समूहों द्वारा हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका मुख्यातिथि द्वारा अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### छात्रा मौत मामला: सहायक प्रोफेसर व दो छात्राओं की अग्रिम जमानत पर फैसला अब 17 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला की छात्रा मौत मामले में सहायक प्रोफेसर व दो छात्राओं की अग्रिम जमानत को लेकर अब 17 फरवरी को फैसला लिया जाएगा। मामले में आरोपियों की अंतरिम जमानत अवधि खत्म होने के बाद शुक्रवार को कोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद न्यायाधीश द्वारा मामले से संबंधित अग्रिम जमानत का फैसला 17 फरवरी तक सुरक्षित रखा गया। इस मामले में पुलिस द्वारा अब तक की जांच रिपोर्ट सहित सहायक प्रोफेसर के लाइ डिटेक्ट, ब्रेन व वायस टेस्ट की रिपोर्ट, आरएफएसएल से प्राप्त डिजिटल रिपोर्ट का स्टेटस कोर्ट में रखा गया। गौरतलब है कि धर्मशाला की 19 वर्षीय छात्रा की 26 दिसम्बर को संदिग्ध अवस्था में हुई मौत के बाद इस मामले ने 31 दिसम्बर व 1 जनवरी को वीडियो वायरल होने के बाद तूल पकड़ा था। उसके पश्चात 1 जनवरी को धर्मशाला कालेज की 4 छात्राओं के खिलाफ रैगिंग व मारपीट, जबकि एक प्रोफेसर पर शारीरिक उत्पीडन् के आरोप में मामला दर्ज किया गया। उसके बाद यूजीसी, महिला आयोग व राज्य शिक्षा निदेशालय ने इस प्रकरण का संज्ञान लिया था। उधर, एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि छात्रा मौत मामले में पुलिस ने अब तक अब तक की छानबीन व पड़ताल की स्टेटस रिपोर्ट कोर्ट में पेश की है। अब मामले में अगली सुनवाई 17 फरवरी को होगी।

# जनता पर बोझ डालकर राजस्व को बढ़ाना विकास नहीं: विपिन परमार

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** भाजपा उपाध्यक्ष एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि एक ओर मुख्यमंत्री मंचों से आर्थिक तंगी, खाली खजाने और वित्तीय संकट का विलाप करते नहीं थकते, दूसरी ओर फैसलों, घोषणाओं और नए आर्थिक बोझ की ऐसी झड़ी लगा दी गई है मानो प्रदेश खजाने से लबालब भरा हो। यह विरोधाभास नहीं, बल्कि प्रशासनिक दिशाहीनता का प्रमाण है। अब स्थिति यह हो गई है कि सरकार स्वयं अपने बयानों को झुठलाती नजर आ रही है।

उन्होंने शुक्रवार को सुलह विधानसभा क्षेत्र के गांव मेंझा, घडोरल, मोरला, चाहडखोला व घनेटा में लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार पर तीखे शब्दों में प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश में आर्थिक अनुशासन की बात केवल भाषणों तक सीमित है। परमार ने कहा कि राजस्व बढ़ाने के नाम पर जनता पर बोझ डालना सबसे आसान रास्ता है और यही रास्ता वर्तमान सरकार ने चुन लिया है। कभी शराब महंगी, कभी बाहरी वाहनों पर अतिरिक्त शुल्क, कभी लॉटरी की तैयारी—क्या यही विकास का विजन है ? क्या आर्थिक सुधार का अर्थ केवल जेब पर प्रहार करना रह गया है ? प्रदेश की जनता यह जानना चाहती है कि स्थायी राजस्व मॉडल कहां है ? उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की फटकार केवल कानूनी टिप्पणी नहीं, बल्कि शासन की कार्यशैली पर कड़ा संदेश है। लोकतांत्रिक संस्थाओं को समय पर सक्रिय रखना सरकार की जिम्मेदारी है, न कि अदालतों के निर्देश का इंतजार करना। यदि हर निर्णय न्यायालय की चेतावनी के बाद ही होगा, तो फिर शासन किसके हाथ में है? परमार ने कहा कि एक दिन युक्तिकरण की बात, दूसरे दिन नए दायित्वों का विस्तार।

उन्होंने कहा कि भाजपा रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेशहित में लिए गए हर सकारात्मक निर्णय का समर्थन किया जाएगा, लेकिन जहां जनता के अधिकारों और संसाधनों से खिलवाड़ होगा, वहां मुखर विरोध भी होगा। उन्होंने कहा प्रदेश को स्थिर नेतृत्व, स्पष्ट नीति, पारदर्शी प्रशासन और सख्त वित्तीय अनुशासन की आवश्यकता है।



विपिन परमार का स्वागत करते हुईं। अनंत ज्ञान

### सीबीएसई सेवा नियमों में संशोधन करने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय टीजीटी कला संघ ने सीबीएसई सेवा नियमों में आवश्यक संशोधन की मांग उठाई है। संघ ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव और स्कूल शिक्षा निदेशक को ज्ञापन भेजकर आग्रह किया है कि सीबीएसई कैडर में जाने वाले शिक्षकों की पिछली सेवा का लियन जारी रखा जाए और उन्हें उनकी पूर्व सेवा के सभी लाभ प्रदान किए जाएं। संघ का कहना है कि हाल ही में राजपत्र में जारी नियमों के अनुसार सीबीएसई उप-कैडर में शामिल होने वाले शिक्षकों का मूल कैडर में लियन समाप्त हो जाएगा और उनकी पूर्व सेवा का लाभ नहीं मिलेगा। इससे विशेष रूप से उन शिक्षकों को कठिनाई हो सकती है, जिनकी पदोन्नति निकट भविष्य में प्रस्तावित है। इसलिए संघ ने नियमों में संशोधन कर पूर्व सेवा को पूर्ण मान्यता देने की मांग की है। यह मांग संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय बरवाल, महिला विंग अध्यक्ष रीता बाल्याणी, प्रदेश महासचिव विजय हीर सहित पूरी कार्यकारिणी ने संयुक्त रूप से उठाई है। संघ ने यह भी सुझाव दिया है कि पदोन्नति, वेतन एवं अन्य सेवा लाभ पूर्व सेवा के आधार पर जारी रखे जाएं तथा मूल कैडर में लियन सुरक्षित रखा जाए। इसके अतिरिक्त, जिन शिक्षकों के विरुद्ध केवल प्राथमिकी दर्ज है, उन्हें आवेदन से वंचित न किया जाए और इस शर्त में भी न्यायसंगत संशोधन किया जाए।

### केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 2026 का आगाज

# बीम प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार की दिशा पर मंथन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के भौतिकी एवं खगोलीय विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सह गोलमेज चर्चा बीम प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुप्रयुक्त अनुसंधान एवं नवाचार विषय पर आधारित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आईसीटीआरआईबीटी-2026 का भव्य उद्घाटन मल्टीपर्पज हॉल, बीएड कॉलेज, धर्मशाला में हुआ। इस सम्मेलन के मुख्य संरक्षक प्रो. एसपी बंसल, कुलपति, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय रहे। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. दिनेश कुमार, कुलपति, श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, हरियाणा रहे। अपने संबोधन में उन्होंने भौतिकी विभाग की दूरदर्शी सोच की सराहना करते हुए पूरी आयोजन टीम का उत्साहवर्धन किया।

सम्मेलन की संरक्षक प्रो. अर्चना शर्मा, एएनआरएफ प्रधानमंत्री प्रोफेसर, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर हैं। सम्मेलन के मुख्य वक्ता प्रो. अशोक कुमार दास, प्रतिष्ठित वैज्ञानिक, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र रहे, जिन्होंने बीम प्रौद्योगिकी एवं ट्रांसलेशनल अनुसंधान के क्षेत्र में अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। इस तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 40 आमंत्रित वक्ता तथा लगभग 120 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में तमिलनाडु, गुजरात, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र सहित भारत के विभिन्न राज्यों से वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों एवं शोधार्थियों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली।

सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य बीम प्रौद्योगिकी में नवाचार, ट्रांसलेशनल अनुसंधान तथा अकादमिक-औद्योगिक सहयोग को प्रोत्साहित करना है। समारोह के अंत में कुलपति प्रो. एस. पी. बंसल ने भौतिकी एवं खगोलीय विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. बी. सी. चौहान एवं उनकी पूरी टीम को इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय बताया।



केंद्रीय विवि में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में गणमान्य। अनंत ज्ञान

# तेल और गैस बचाओ, हरित ऊर्जा अपनाओ का दिया संदेश

अनंत ज्ञान

◆ **एचआरटीसी-लोकल का संयुक्त जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

**अजय पाल, पालमपुर।** पालमपुर बस स्टैंड परिसर में एचआरटीसी और लोकल के संयुक्त तत्वावधान में सक्षम अभियान के तहत तेल और गैस बचाओ, हरित ऊर्जा अपनाओ विषय पर एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ईंधन संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और सडक़ सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिविजन मैनेजर पंकज चड्ढा उपस्थित रहे।

रीजनल मैनेजर ने नितेश शर्मा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने संबोधन में पंकज चड्ढा ने कहा कि बढ़ती ईंधन खपत और प्रदूषण आज एक गंभीर चुनौती है। ऐसे में हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह तेल और गैस की बचत करे तथा हरित ऊर्जा को अपनाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए। उन्होंने कहा कि परिवहन क्षेत्र में ईंधन दक्षता और सुरक्षित ड्राइविंग से न केवल संसाधनों की बचत होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

इस अवसर पर सुभाष नर्सिंग कॉलेज के छात्रों ने जागरूकता रैली निकाली और सडक़ दुर्घटनाओं व यातायात नियमों पर आधारित एक प्रेरणादायक नाटक प्रस्तुत किया। छात्रों की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को सडक़ सुरक्षा और जिम्मेदार ड्राइविंग के महत्व का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चालक, परिचालक, मैकेनिक और कार्यालय स्टाफ को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह के माध्यम से कर्मचारियों को बेहतर प्रदर्शन और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

# विधायक भवानी और भाजपा नेता ओपी चौधरी सहित 73 लोगों ने किया रक्तदान

अनंत ज्ञान

◆ **फतेहपुर में सामाजिक सरोकार की मिसाल**

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देते हुए फतेहपुर में एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली, जहां प्रेस क्लब फतेहपुर द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में जनप्रतिनिधियों से लेकर आम नागरिकों तक ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जरूरतमंदों की जिंदगी बचाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर ने एक बार फिर साबित किया कि समाज सेवा की भावना आज भी लोगों के दिलों में जीवित है। प्रेस क्लब फतेहपुर द्वारा पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह फतेहपुर में पांचवें वार्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में कुल 73 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। प्रेस क्लब फतेहपुर के प्रधान रविन्द्र चौधरी ने बताया कि क्लब द्वारा यह पांचवां वार्षिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों और चिकित्सा टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्लब भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्य निरंतर करता रहेगा। इस अवसर पर स्थानीय विधायक भवानी पठानिया ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने प्रेस क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान दान है, जिससे किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। वहीं भाजपा ओबीसी नेता ओपी चौधरी ने भी शिविर में भाग लेते हुए रक्तदान किया और इस पहल की सराहना की। इस शिविर में राजपूत कल्याण सभा फतेहपुर का भी भरपूर सहयोग रहा। सभा के सदस्य सुबह से शाम तक सेवा कार्य में जुड़े रहे और पूरे आयोजन को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई। समाजसेवा के इस कार्य में सभा की सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही। शिविर में एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती, सतबीर गुलेरिया, जेई गणेश शर्मा, प्रेम शर्मा, समाजसेवी रघुवीर, भामसं नेता मदन राणा, भाजपा ओबीसी नेता ओपी चौधरी, सूरजकांत, बीडीओ फतेहपुर व डॉ. विनित सहित कई मौजूद रहे।

### व्यापार मंडल योल के चुनाव: 22 को मतदान 4 बजे आएंगे नतीजे

**अनंत ज्ञान, मनोज चंदेल, योल।** व्यापार मंडल योल की चुनाव समिति की बैठक शुक्रवार को श्री राधा कृष्ण मंदिर, योल बाजार में चुनाव समिति के संयोजक राजेश ग्रोवर की अध्यक्षता में हुई । बैठक में आगामी चुनाव प्रक्रिया को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। चुनाव समिति के अनुसार नामांकन पत्र 14 और 15 फरवरी को भरे जाएंगे, जबकि नाम वापसी की तिथि 16 और 17 फरवरी निर्धारित की गई है। प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह 18 फरवरी को आवंटित किए जाएंगे। इसके बाद 19, 20 और 21 फरवरी को चुनाव प्रचार किया जाएगा। मतदान 22 फरवरी को प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा। मतगणना उसी दिन शाम 4 बजे की जाएगी और परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनाव समिति ने सभी व्यापारी भाइयों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बढ़-चढक़र भाग लेने और नई कार्यकारिणी के गठन में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की है।

# जयसिंहपुर महाविद्यालय और 2 विद्यालयों के बीच समझौता



जयसिंहपुर कॉलेज व स्कूलों में एमओयू पर हस्ताक्षर किए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चन्द राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर एवं दो निकटवर्ती विद्यालयों राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दग़ोह और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संघोल के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए। जयसिंहपुर क्षेत्र में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करने तथा उच्च शिक्षा और स्कूली शिक्षा के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से जयसिंहपुर महाविद्यालय और विद्यालयों के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। दग़ोह विद्यालय की प्रधानाचार्य नीना रानी की ओर से अंजना कुमारी और संघोल विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजलि डोगरा की ओर से नीना देवी को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए अधिकृत किया गया।

इस एमओयू के अंतर्गत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक सहयोग, मार्गदर्शन, शैक्षणिक गतिविधियों का संयुक्त आयोजन, करियर काउंसलिंग, प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय संसाधनों का साझा उपयोग तथा शिक्षकों के बीच अकादमिक संवाद को बढ़ावा दिया जाएगा।

### हिमाचल ने 1731 करोड़ की स्वास्थ्य परियोजना के लिए मांगी सहायता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी को संसद में बताया कि हिमाचल सरकार ने स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी के माध्यम से कुल 1731 .00 करोड़ की परियोजना के लिए वित्तीय सहायता के लिए आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि इस 1731 .00 करोड़ की परियोजना लागत में से 1384 .00 करोड़ की वित्तीय सहायता जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी द्वारा प्रदान की जाएगी, जबकि बाकि की धनराशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएग। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत मेडिकल कॉलेज अस्पतालों को अपग्रेड और सुदृढ़ किया जाएगा। केंदीय संचार राज्य मंत्री चंद्र शेखर ने बताया कि देश के ग्रामीण, दुर्गम, पिछड़े क्षेत्रों में इंटरनेट सुविधाएं प्रदान करने के लिए दूर संचार विभाग ने स्टार लिंक सैटेलाइट कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड, वन वेब इंडिया कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड और जिओ सैटालाइट कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड को लाइसेंस दिया है।

# दुर्दशा पर आंसू बहा रहा कृषि मंत्री के इलाके का रेस्ट हाउस

## लापरवाही: डेढ़ साल से भी कम अर्से में बिगड़ी हालत, कमरों में कचरा, दीवारों पर सीलन और बाथरूम की फ्लश बंद

अनंत ज्ञान

**जवाली।** कृषि मंत्री चंद्र कुमार के घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर जल शक्ति विभाग का रेस्ट हाउस आज अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। डेढ़ साल से भी कम अर्से में इसकी हालत ऐसी हो गई है कि यहां अब कोई ठहरना पसंद नहीं करता। कमरों में जमी धूल और बाहर लगे कचरे के ढेर तथा परिसर में बिखरा मलबा, जले हुए अवशेषों के निशान, दीवारों पर सीलन और पपड़ी, छत में खराबी, टूटी लकड़ी की पैनलिंग और जगह-जगह उखड़ा प्लास्टर साफ संकेत दे रहे हैं कि रखरखाव केवल कागजों तक सीमित है।

बाथरूम में फ्लश तक काम नहीं करता और सिंक गंदगी से अटे पड़े हैं, डस्टबिन बदहाल हैं और सफाई व्यवस्था नाममात्र। इतना ही नहीं, रेस्ट हाउस के भीतर रखे बिजली उपकरण और फर्नीचर भी धूल फांक रहे हैं, जिससे यहां ठहरने वाले अधिकारियों और आगंतुकों को असुविधा झेलनी पड़ती है। जो एक बार यहां आ जाता है दोबारा आने का नाम नहीं लेता।

एक तरफ प्रदेश को पर्यटन से जोड़कर सरकार अपना राजस्व बढ़ाने की जुगत में है तो वहीं दूसरी तरफ इस रेस्ट हाउस की हालत को देखकर भला यहां कोई पर्यटक क्यों रुकेगा? नवंबर 2024 में बड़े तामझाम और सरकारी दावों के साथ इस रेस्ट हाउस का उद्घाटन हुआ था, तब लगा था कि यह विभाग के कर्मचारियों के अलावा आम लोगों और पर्यटकों के ठहरने के लिए एक अच्छी और सुविधाजनक जगह साबित होगा, लेकिन जिस तरीके से इसके रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जा रहा उससे लगता है कि यह थोड़े समय बाद और भी बदतर हालत में पहुंच जाएगा। भवन की स्थिति ऐसी है मानो वर्षों से देखरेख से वंचित हो। जिस परियोजना को उपलब्धि बताकर प्रस्तुत किया गया था, वही आज उपेक्षा का प्रतीक बनती दिख रही है।

यहां आने वाले आंगतुकों का कहना है कि ऑनलाइन बुकिंग तो जारी है, लेकिन जब मूलभूत सुविधाएं ही ठप हों तो यह सुविधा किस काम की? तस्वीरें बता रही हैं कि उद्घाटन के समय किए गए वादे और वर्तमान स्थिति में जमीन-आसमान का अंतर है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यह रेस्ट हाउस प्रदेश के एक वर्तमान कृषि मंत्री के गृह क्षेत्र में स्थित है। उद्घाटन पट्टिका पर उनका उल्लेख है और उस समय इसे क्षेत्र के विकास का प्रतीक बताया गया था, लेकिन आज उसी क्षेत्र में यह भवन बदहाली की कहानी सुना रहा है।

क्या मंत्री के गृह क्षेत्र में ऐसी अनदेखी उचित है? क्या उद्घाटन के बाद निगरानी की जिम्मेदारी समाप्त हो गई है? सरकारी धन से निर्मित इस भवन की यह हालत केवल तकनीकी कमी नहीं, बल्कि प्रशासनिक उदासीनता का उदाहरण है। यदि अभी भी सख्त कदम नहीं उठाए गए तो यह रेस्ट हाउस विकास के दावों पर स्थायी प्रश्नचिन्ह बन जाएगा। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या मंत्री और प्रशासन इस बदहाली पर संज्ञान लेते हैं या फिर यह भवन यूं ही उपेक्षा की मार झेलता रहेगा, ये ऐसे सवाल हैं जिनका जवाब जनता भी जानता चाहती है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मचाया था हुड़दंग

**यह** वही रेस्ट हाउस है जिस पर कभी अय्याशी की खबरें अखबारों और डिजिटल मीडिया की सुर्खियां बनीं थीं। इस रेस्ट हाउस में पिछले साल मई, 2025 में फटे हुए कपड़े, बिखरे कंडोम और शराब की बोतलें मिलीं थीं। वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुए थे। इस सरकारी रेस्ट हाउस में कांग्रेस के ही युवा नेताओं ने खूब हुड़दंग मचाया था। बिना अनुमति घुसकर उन्होंने चौकीदार को धमकाया था। इतना ही नहीं, शराब की बोतलें और फर्नीचर भी तोड़ दिया था। तब कृषि मंत्री ने इस घटना में शामिल लोगों पर केस दर्ज करने के निर्देश दिए थे। कुछ समय के लिए यहां व्यवस्था एकदम चकाचक रही, लेकिन अब जिस तरीके से इस रेस्ट हाउस की हालत बना दी गई है, एक बार फिर जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है।

अनंत ज्ञान मुद्दा



रेस्ट हाउस की दुर्दशा बयां करती तस्वीरें, जहां ऑनलाइन बुकिंग का शोर तो है, मगर सुविधा नहीं। अनंत ज्ञान

### एक्सटेंशन पर चल रहे अधिशासी अभियंता ने रसीव नहीं की कॉल

**संबंधित** अधिकारी से संपर्क करने की कई कोशिशें की गईं, पर जवाब देने की तैयारी नहीं थी। एक्सटेंशन पर चल रहे जल शक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) अजय शर्मा को बार-बार फोन किए गए, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। अन्य जिम्मेदार अधिकारी भी चुप्पी साधे रहे। ऐसे में सवाल उठता है कि जवाबदेही आखिर तय किसकी होगी?

> **मीडिया** के माध्यम से मेरे ध्यान में मामला लाया गया है, एसई नूरपुर को इस संबंध में उचित कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं। अगर रेस्ट हाउस की हालत वाकई दयनीय है तो उसे अवश्य सुधारा जाएगा।
>
> **-दीपक गर्ग, चीफ इंजीनियर, जल शक्ति विभाग, कांगड़ा जोन**

## न्यूज ब्रीफ

### यातायात नियमों का पालन करने का दिया संदेश



**अनंत ज्ञान, कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां के रोड़ सेफ्टी क्लब एवं कॉमर्स सोसाइटी द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सोनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में लगभग 100 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने हाथों में जागरूकता संबंधी स्लोगन एवं बैनर लेकर लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार सोनी, रोड सेफ्टी क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. राजीव कुमार तथा डॉ. सोनिका भी उपस्थित रहे। रैली का आयोजन राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां परिसर से प्रारंभ होकर नगरोटा बगवां बाजार तक किया गया।

### अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** सेना भर्ती कार्यालय पालमपुर द्वारा जानकारी प्रदान की गई है कि भर्ती वर्ष 2027 की अधिसूचना (नोटिफिकेशन) को वेबसाइट पर जारी किया जा चुका है। इसके तहत अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क/एसकेटी, अग्निवीर ट्रेड मेन (दसवीं पास) और अग्निवीर ट्रेड मेन (आठवीं पास), अग्निवीर वूमन एमपी शामिल हैं। युवा अपना ऑनलाइन पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) भारतीय सेना के आधिकारिक वेबसाईट पर 13 फरवरी से 01 अप्रैल तक करा सकते हैं। कांगड़ा चंबा के इच्छुक युवा वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण करवा सकते हैं। उम्मीदवारों को यह भी सूचित किया जाता है कि पंजीकरण के लिए ई-मेल आईडी और आधार कार्ड मोबाईल नम्बर से लिंक होना अनिवार्य है।

### बीसीए छात्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में बीसीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 45 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन गौरव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को फ्रंट-एंड, बैक-एंड, रिएक्ट जेएस और जावा स्क्रिप्ट जैसी आधुनिक तकनीकों के बारे में बताया जाएगा। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में बताया। इस अवसर पर बीसीए समन्वयक डॉ. दिवाकर, प्रो. स्वाति सूद, प्रो. महक मेहरा, प्रो. दिशा, प्रो. निधि तथा प्रो. नीतिका उपस्थित रहे।

### बीहण में ग्रामीणों को बताई बैंकिंग योजनाएं

**अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित शाखा नेहरनपुखर ने शुक्रवार को गांव बीहण में नावाई द्वारा वित पोषित वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में लोगों को बचत खाता व उससे जुड़े फायदों से अवगत करवाया। सहायक प्रबंधक संजीव सोहल ने बैंक में उपलब्ध विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति वीया, सुरक्षा बीमा योजना, जनधन व अटल पेंशन योजना के बारे में जानकारी सांझा की तथा लोगों को बलिग में डिजिटल माध्यमों का ज्यादा उपयोग व धोखाधड़ी से बचने के लिए जागरुक किया। इस मौके पर पंचायत सचिव, राजीन कुमार, शक्ति सिंह, नीलम, परवीन, ममता सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### चामुंडा में महाशिवरात्रि महोत्सव आरंभ

**अनंत ज्ञान, मनोज चंदेल, योल।** श्री चामुंडा नंदीकेश्वर के बारीदारों एवं श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम न्यास के सौजन्य से चार दिवसीय महाशिवरात्रि पर्व पर होमात्मक रूद्रमहयाग का शुक्रवार को कलश स्थापना के साथ आरंभ किया गया। जिसमें धर्मशाला नगर निगम के पूर्व महापौर व वर्तमान पार्षद देवेन्द्र जग्गी ने पूजा अर्चना कर आरम्भ करवाया। चार दिनों तक 31 विद्वान पंडितों द्वारा होमात्मक रुद्रमहायाग का पाठ व जाप कर रहे है। वहीं 15 फरवरी को शाम के 4 बजे पूर्णाहुति जाएगी।

## पंद्रह सौ मत दो, 125 यूनिट की सब्सिडी भी ले लो, लेकिन स्मार्ट मीटर न लगाओ

अनंत ज्ञान



स्मार्ट मीटर को लेकर विरोध करतीं महिलाएं। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** स्मार्ट मीटर को लेकर विरोध का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। डीसी कार्यालय धर्मशाला के बाहर आए दिन महिला मंडल पदाधिकारी स्मार्ट मीटर का विरोध जता रही हैं। महिलाओं का कहना है कि सरकार ने महिलाओं को जो 1500 रुपये देने का वादा किया था, उसे मत दो, 125 यूनिट फ्री बिजली भी बंद कर दो, लेकिन स्मार्ट मीटर न लगाओ और गरीब जनता पर बोझ मत बढ़ाओ। महिलाओं का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में जो स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई है, हमारे घर में स्मार्ट मीटर लगाने आने वालों को विरोध का सामना करना पड़ेगा। शुक्रवार को गगल की निकटवर्ती ग्राम पंचायत ढुगियारी व त्यारा के करीब 6 ग्रामीण महिला मंडलों की महिलाओं ने पूर्व जिला पार्षद जोगिंद्र सिंह पंकू की अगुवाई में जिला प्रशासन के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान सर्व शक्ति महिला मंडल तियारा की प्रधान सुषम लता मनकोटिया, गणेश महिला मंडल ढुगियारी की प्रधान सुनीता कुमारी व सचिव रीना, आदर्श महिला मंडल तियारा की प्रधान कंचन, गायत्री महिला मंडल तियारा (चौंकी) प्रधान कृष्णा मनकोटिया, सरस्वती महिला मंडल की प्रधान सुदेश कुमारी व अन्य ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा स्मार्ट बिजली मीटर लगाए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। वर्तमान में जो बिजली मीटर लगे हुए हैं, वे सही एवं संतोषजनक रूप से कार्य कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में नए स्मार्ट मीटर लगाने पर करोड़ों रुपये व्यय किया जाना उचित प्रतीत नहीं हो रहा है, विशेषकर जब राज्य सरकार आर्थिक संकट से गुजर रही है। महिलाओं का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर से संबंधित विभिन्न प्रकार की तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याएं सामने आने की आशंका है, जिससे आम जनता को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने प्रदेश सरका से मांग की है कि ग्रामीण क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर पुनर्विचार किया जाए। साथ ही महिलाओं ने चेताया कि यदि उनके क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने के लिए कर्मचारी आए तो उन्हें भी विरोध का सामना करना पड़ेगा।

### कृषि विभाग में विकास खंड स्तर पर पंहुचा प्राकृतिक मक्की का आटा: डॉ. कुलदीप धीमान

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए तथा किसानों को सीधा लाभ पहुंचाने के लिए प्राकृतिक खेती की विधि से उगाये गए मक्की, धान व हल्दी के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। जानकारी देते हुए उप कृषि निदेशक जिला कांगड़ा डॉ. कुलदीप धीमान ने बताया कि प्राकृतिक खेती के उत्पाद उपभोक्ताओं को भी सस्ती दरों से मिलें इसलिए इनकी बिक्री कृषि विभाग के माध्यम से की जा रही है। धीमान ने बताया कि गेहूं का आटा व दलिया कृषि विभाग के कार्यालयों में पहले से ही उपलब्ध करवा दिया गया था और अब मक्की का आटा भी कृषि विभाग के विकास खंड स्तर के कार्यालयों में उपलब्ध हो गया है, अब कोई व्यक्ति किसी भी मात्रा में यह मक्की का आटा या दलिया खरीद सकते हैं। उन्होंने कहा कि गेहूं का आटा 5 किलो और दलिया आधा किलो की पैकिंग में, जबकि मक्की का आटा 1 किलो की पैकिंग में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अब मक्की का आटा छोटी पैकिंग में उपलब्ध है इसलिए छोटे उपभोक्ताओं को भी यह आटा खरीदने की सुविधा रहेगी। प्राकृतिक खेती के मक्की के आटे का कुल मूल्य 60 रुपए प्रति किलो है, लेकिन सभी उपभोक्ताओं के लिए यह आटा अनुदान पर 55 रुपए प्रति किलो की दर से उपलब्ध रहेगा।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों ने दिया शिव भक्ति का संदेश



बीके पब्लिक स्कूल में महाशिवरात्रि पर्व मनाया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जयसिंहपुर।** बीके पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल जयसिंहपुर में शुक्रवार को महाशिवरात्रि का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ब्रह्मकुमारी जयसिंहपुर की इंचार्ज बीके सपना दीदी उपस्थित रहीं। उनके साथ बीके पूजा भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं।

विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा भजन, नृत्य एवं नाटिका सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें शिव भक्ति एवं नैतिक मूल्यों का सुंदर संदेश दिया गया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में बीके सपना दीदी ने विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनाव को किस प्रकार नियंत्रित करें, इसके व्यावहारिक उपाय बताए। उन्होंने सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन एवं नियमित अभ्यास पर बल दिया। साथ ही विद्यार्थियों को ध्यान (मेडिटेशन) के महत्व से अवगत कराते हुए बताया कि नियमित ध्यान से मन एकाग्र होता है और परीक्षा का दबाव कम होता है।

अंत में विद्यालय के चेयरमैन बीएस गुलेरिया ने मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने महाशिवरात्रि के पावन संदेश को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## सहौलदा में स्वास्थ्य शिविर में 200 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल शाहपुर द्वारा शुक्रवार को ग्राम पंचायत सहौलदा में एक निशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के नागरिकों को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श सेवाएं प्रदान करना था। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने भाग लिया और लगभग 200 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। मरीजों की सामान्य जांच जैसे रक्तचाप, शुगर टेस्ट, हीमोग्लोबिन जांच, अन्य आवश्यक परीक्षण नि:शुल्क किए गए। जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान ने शिविर का उद्घाटन किया और कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्ग के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं। उन्होंने आयोजकों के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की।

शिविर में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और आयोजन की सराहना की। आयोजकों ने भविष्य में भी इसी प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया। पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल शाहपुर के प्रबंध निदेशक डॉ. रिपिन हीरा ने सभी डॉक्टरों, स्वयंसेवकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करता है, जिनके सहयोग से यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## धर्मशाला में यूजीसी के समर्थन में महारैली 28 को

### 93वां संविधान संशोधन लागू न किया तो चुनाव में उतारेगा ओबीसी समुदाय

अनंत ज्ञान



ओबीसी/एससी/एसटी संघर्ष समिति करेगी आयोजन। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** यूजीसी के नए नियमों के समर्थन में जिला कांगड़ा मुख्यालय धर्मशाला में 28 फरवरी को महारैली का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन ओबीसी/एससी/एसटी संघर्ष समिति हिमाचल प्रदेश के बैनर तले होगा, जिसमें विभिन्न समुदायों के लोग शामिल होंगे। इसी के साथ यदि प्रदेश सरकार ने 93वें संविधान संशोधन को इसी वर्ष लागू नहीं किया तो आगामी वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में ओबीसी समुदाय अपने प्रतिनिधि चुनाव में उतारेगा।

यह बात ओबीसी संघर्ष समिति के अध्यक्ष सौरभ कौंडल ने कही। उनके साथ विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। सौरभ कौंडल ने कहा कि 28 फरवरी को धर्मशाला के दाड़ी मैदान से डीसी कार्यालय तक महारैली का आयोजन होगा तथा डीसी के माध्यम से प्रदेश के राज्यपाल को ज्ञापन भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने ही यूजीसी को जातिगत भेदभाव के बढ़ते मामलों के चलते कठोर नियम बनाने के निर्देश जारी किए थे, जिस पर यूजीसी ने नए नियम तैयार किए जो कि 13 जनवरी 2026 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किए। सौरभ कौंडल ने कहा कि इन नियमों के विरुद्ध 24 जनवरी को सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई और 29 जनवरी को सुनवाई के दौरान न्यायालय ने यह कहते हुए नियमों पर स्थगन आदेश लगा दिया कि इनका दुरुपयोग हो सकता है।

उन्होंने कहा कि एक ओर न्यायालय ने जातिगत भेदभाव बढने पर सख्त नियम बनाने के निर्देश दिए और दूसरी ओर उन्हीं नियमों पर रोक लगाई, जो अपने आप में विरोधाभासी स्थिति उत्पन्न करता है। सौरभ कौंडल ने कहा कि 93वें संविधान संशोधन को दो दशक बाद भी प्रदेश में लागू नहीं किया गया है। जबकि ओबीसी समुदाय लगातार इसकी मांग उठा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार चाहे भाजपा की हो या कांग्रेस की, ओबीसी समुदाय की अनदेखी की गई है। प्रदेश में कई विधानसभा क्षेत्र ओबीसी बाहुल्य हैं, ऐसे में वर्ष 2026 में प्रदेश कांग्रेस सरकार ने 93वें संविधान संशोधन को लागू कर ओबीसी समुदाय के बच्चों को राहत नहीं दी तो आगामी वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों में समुदाय अपने प्रतिनिधि चुनावी मैदान में उतारेगा, जिससे कि विधानसभा में ओबीसी समुदाय के हितों की पैरवी की जा सके।

## हैप्पी बर्थडे



सनौरा के श्रृयन डोगरा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### 24 को पशु मित्र भर्ती का शारीरिक परीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी देहरा डॉ. राजेश भाटिया ने बताया कि उपमंडल देहरा में पशु मित्र के पात्र अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। यह शारीरिक परीक्षण 24 फरवरी को प्रात: 10 बजे बाल स्कूल प्रागपुर में आयोजित किया जाएगा। यह शारीरिक परीक्षण पशु चिकित्सा अस्पताल ढलियारा, धवाला, सकरी, पशु औषधालय ठाकुरद्वारा, भटोली फकोरिया, मूहल, बुच्छू गुलेर, उपमंडलीय पशु चिकित्सा अस्पताल गरली, पशु चिकित्सा अस्पताल शांतला, डाडासीबा व पशु चिकित्सा अस्पताल घमरूर के अंतर्गत प्रस्तावित पदों के लिए आयोजित किया जा रहा है। सभी पात्र अभ्यर्थी निर्धारित तिथि, समय पर पहुंचे।

**रोजगार मेला** 506 युवाओं ने करवाया पंजीकरण, पराशर ने 101 को पक्की नौकरी मिलने की दी गारंटी

## मेरी राजनीति के केंद्र में रोजगार है सबसे ऊपर: पराशर

अनंत ज्ञान



रोजगार मेले में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए संजय पराशर। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कैप्टन संजय पराशर ने कहा है कि वो राजनीतिक सोच ही कैसी है, जिसमें युवाओं के रोजगार की बात न होती हो। शुक्रवार को जसवां-प्रागपुर क्षेत्र के कस्बा कोटला के दुर्गई गांव में आयोजित रोजगार मेले में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पराशर ने कहा कि बेरोजगारी आज समाज का सबसे बड़ा दंश बन गई है। यह वह पीड़ा है जो युवा मन को भीतर ही भीतर तोड़ती है, परिवारों की उम्मीदों को कमजोर करती है और भविष्य की संभावनाओं पर प्रश्नचिह्न लगा देती है।

उन्होंने कहा कि यह विडंबना ही है कि जिन कंधों पर युवाओं को रोजगार देने की जिम्मेदारी तय है, वे लंबे समय से इस संवेदनशील विषय को नजरअंदाज करते रहे हैं। परिणामस्वरूप युवा वर्ग असमंजस, निराशा और असुरक्षा की स्थिति में जीने को मजबूर है। कहा कि अब समय केवल आश्वासनों का नहीं, ठोस प्रयासों का है। पराशर ने कहा कि यहां पहुंचे युवाओं की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि क्षेत्र में रोजगार की कितनी तीव्र आवश्यकता है। कुल 506 से अधिक युवाओं ने इस रोजगार मेले में अपना पंजीकरण करवाया। यह संख्या मात्र आंकड़ा नहीं, अपितु उन 506 परिवारों की उम्मीदों का प्रतिनिधित्व करती है जो अपने बेटों और बेटियों को आत्मनिर्भर देखना चाहते हैं। पराशर ने भरोसा दिलाया कि इस रोजगार मेले के माध्यम से 101 युवाओं को मर्चेंट नेवी में पक्की नौकरी मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह इस नौकरी में आकर्षक वेतन, सुरक्षित भविष्य और देश-विदेश देखने का सुनहरा अवसर भी होगा।

पराशर ने कहा कि उनके विजन में रोजगार सबसे ऊपर है और वह इसी ध्येय के साथ आगे बढ़ रहे हैं। यह घोषणा सुनते ही युवाओं के चेहरों पर जो चमक दिखाई दी, वह इस आयोजन की सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण थी। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित सेवानिवृत्त कर्नल बिपिन ने भी अपने संबोधन में संजय पराशर के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पराशर रोजगार की टार्च लेकर युवाओं के साथ चल रहे हैं। कर्नल बिपिन ने कहा कि बेरोजगारी के अंधेरे में अनुभव से अंधे व्यक्ति किसी को सही राह नहीं दिखा सकते हैं। । उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे कैप्टन पराशर के सानिध्य में अवसरों को पहचानें, मेहनत करें और अपने भीतर के आत्मविश्वास को कभी कमजोर न होने दें। इस रोजगार मेले में मर्चेंट नेवी के प्रशिक्षण संस्थान टीएस रहमान मुंबई के प्राचार्य कैप्टन डॉ. आशुतोष अपांडकर ने मर्चेंट नेवी से संबंधित तमाम जानकारी युवाओं को गहनता से दी। समुद्र की नौकरी करने के लिए भी हौसले व हिम्मत की जरूरत होती है। कब और कितनी बड़ी लहर आएगी, यह समुद्र तय करता है, लेकिन उस लहर में जहाज को कैसे संभालना है, यह भी समुद्र में जाकर ही पता चलता है। संजय पराशर हिमाचल प्रदेश व जसवां-प्रागुपर क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार सृजन के अवसर पैदा करने के लिए काम कर रहे हैं। हिमाचल से युवतियां भी अब समुद्र में जहाज की नौकरी करने लगी हैं और यह पराशर के कारण ही संभव हो पाया है। वहीं कार्यक्रम में पहुंचे युवाओं अंकित, आर्यन, अमित, गौरव और सुप्रिया ने बताया कि रोजगार मेले का यह आयोजन क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक संकेत लेकर आया है। जब राजनीति का केंद्र बिंदु रोजगार बनता है, तब विकास की दिशा स्वत: स्पष्ट हो जाती है।

इस कार्यक्रम में संजय की धर्मपत्नी सोनिका पराशर, एचआईएमटी से कैप्टन वैभव दालवी, मैरीटाइम एकाडमी आफ इंडिया से कैप्टन सूरज और नूसी, गोवा से नीरज ने भी युवाओं को रोजगार से संबंधति टिप्स व जानकारी दी।

## पर्यटन की दृष्टि से काठगढ़ शिव मंदिर को विकसित करने के लिए किए जाएंगे विशेष प्रयास: मलेंद्र राजन

अनंत ज्ञान



काठगढ़ में स्वागत द्वार का शिलान्यास करते हुए। अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** विधायक मलेंद्र राजन ने काठगढ़ पंचायत में लगभग 10 लाख से निर्मित किए जाने वाले स्वागत द्वार का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने हेतु निरंतर योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

विधायक ने बताया कि इंदौरा-कुरसान-काठगढ़ सड़क का निर्माण कार्य लगभग 12 करोड़ से प्रगति पर है, जिसे शीघ्र पूर्ण कर आम जनता के आवागमन हेतु समर्पित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को बेहतर परिवहन सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। सड़क के दोनों ओर सोलर लाइटें स्थापित किए जाने का भी प्रावधान किया गया है, जिससे रात्रि के समय यातायात व्यवस्था सुचारू एवं सुरक्षित बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि काठगढ़ महादेव, गंगथ क्यालु बाबा महाराज तथा डमटाल राम मंदिर जैसे धार्मिक स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए सरकार द्वारा आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। मलेंद्र राजन ने कहा कि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने से क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार एवं आजीविका के नए अवसर प्राप्त होंगे।

इस अवसर पर विधायक ने 14 से 16 फरवरी तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय जिलास्तरीय शिवरात्रि मेले में स्थानीय लोगों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया तथा कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण एवं संवर्धन होता है। कार्यक्रम के दौरान लोक निर्माण विभाग से अधिशाषी अभियंता दीपक महाजन, सहायक अभियंता सिकंदर सिंह, ओबीसी सेल के अध्यक्ष केवल कृष्ण,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ओम प्रकाश कटोच, पंचायती राज खंड अध्यक्ष विजय कुमार, काठगढ़ पंचायत के पूर्व प्रधान शेर अली,कार्यकर्ता करण परमार, सरजीव कटोच, लाल सिंह, बोधराज, सुंदर कटोच, स्वदेश सोनू तथा स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### भोरंज में ट्रेनी अप्रेंटिस के साक्षात्कार 20 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बद्दी की इंडोरमा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में ट्रेनी अप्रेंटिस के 15 पदों को भरने के लिए 20 फरवरी को सुबह दस बजे उपरोजगार कार्यालय भोरंज में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 18 से 24 वर्ष तक के दसवीं व बारहवीं पास और वैल्डर, प्लंबर, मशीनिस्ट, रिफ्रिस्ट व एयर कंडीशनर ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमा धारक पुरुष उम्मीदवार पात्र होंगे। चयनित उम्मीदवारों को सभी भत्तों सहित कुल 16,500 रुपए मासिक वेतन मिलेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है, तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

### पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** ठाकुर जगदेव चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय में ईको क्लब के सौजन्य से 'सेव अर्थ' विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. नितेश कुमार (हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय) ने औषधीय पौधों के वैज्ञानिक महत्व व पर्यावरण संतुलन में उनकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को पौधारोपण और जैव विविधता संरक्षण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों के लिए स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। प्राचार्य डॉ. विभा ठाकुर ने प्रकृति की सुरक्षा को प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व बताते हुए हरित वातावरण बनाने का संदेश दिया। ईको क्लब संयोजिका डॉ. सपना राणा के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में उप-प्राचार्य डॉ. जितेंद्र ठाकुर सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### वित्तीय साक्षरता शिविर में दी योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक समिति शाखा अणु द्वारा राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता शिविर नाबार्ड के सौजन्य से ग्राम पंचायत चौकी जंबाला के गांव घराना मसंदा में शिविर आयोजन किया गया। इस शिविर में शाखा कर्मचारी अनुराधा, नरेश कुमार ने ग्रामीण महिलाओं को स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना, री केवाईसी, के बारे में लोगों को जानकारी दी। इस अवसर पर राजीव चंद कटोच, संजीव चंद कटोच, महेंद्र कुमार, आशा देवी, इंदू बाला, अनु बाला, फूलां देवी, गांव के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### बैंक खातों में ई-केवाईसी के बारे में जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कांगड़ा बैंक शाखा हमीरुपर द्वारा आईटीआई हमीरपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रबंधक सुशील बंधु ने उपस्थित छात्रों को मोबाइल पर आने वाले फर्जी लिंक, कॉल व संदेशों से सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने बैंक खातों में केवाईसी तथा ई-केवाईसी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोई भी खाताधारक अपना बैंक खाता किसी अन्य व्यक्ति को धन राशि के लेनदेन के लिए उपलब्ध न कराए। यदि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा आपके बैंक खाते के माध्यम से धन प्राप्त या भेजता है, तो इसके लिए खाताधारक स्वयं जिम्मेवार होगा और कानूनी कार्रवाई का सामना भी करना पड़ सकता है। अतः अपने खाते से संबंधित जानकारी, ओटीपी या पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें। उन्होंने यह भी कहा कि सही वित्तीय निर्णय न केवल व्यक्ति की आर्थिक स्थिती को सुदढ़ बनाते हैं, बल्कि परिवार एवं समाज की समग्र प्रगति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगां में वित्तीय साक्षरता व जागरूकता विकसित करना तथा उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना था।

### लाइट एंड साउंड, मेन आर्केस्ट्रा के टेंडर 18-19 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुजानपुर में एक से 4 मार्च तक आयोजित किए जाने वाले राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव-2026 की सांस्कृतिक संध्याओं में स्टार कलाकारों की व्यवस्था, लाइट एंड साउंड और मेन ऑर्केस्ट्रा के लिए 3 अलग-अलग निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। एडीसी अभिषेक गर्ग ने बताया कि स्टार कलाकारों की व्यवस्था के लिए पात्र इवेंट फर्मों एवं मैनेजरों से 19 फरवरी दोपहर साढ़े बारह बजे तक निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। ये निविदाएं उसी दिन खोल दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि मेन ऑर्केस्ट्रा की निविदाएं 18 फरवरी सुबह साढ़े ग्यारह बजे तक और लाइट एंड साउंड की निविदाएं 18 फरवरी दोपहर साढ़े बारह बजे तक जमा करवाई जा सकती हैं। ये निविदाएं भी उसी दिन खोल दी जाएंगी। इनसे संबंधित विस्तृत जानकारी जिला प्रशासन की वेबसाइट पर भी उपलब्ध करवाई गई है।

### 31 मार्च तक गृह कर जमा करवाया तो मिलेगी छूट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नगर निगम हमीरपुर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का गृह कर 31 मार्च तक जमा करवाने वाले शहरवासियों को गृह कर में 10 प्रतिशत छूट प्रदान करने की घोषणा की है। निगम के आयुक्त राकेश शर्मा ने बताया कि निर्धारित अवधि के भीतर गृह कर जमा करने वाले भवन मालिकों को इस छूट का लाभ मिलेगा। उन्होंने शहर वासियों से 31 मार्च तक गृह कर जमा करवाकर इस छूट का लाभ उठाने तथा निगम के विकास कार्यों में सहयोग की अपील की है।

### जनसुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** विभिन्न जन सुरक्षा योजनाओं, बैंक उपभोक्ताओं के अधिकारों व निष्क्रिय बैंक खातों में पड़ी धनराशि के बारे में आम लोगों को जागरूक करने के लिए आरंभ किए गए विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत बणी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक शिमला कार्यालय के एजीएम आशीष शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने लोगों को बैंकों के लंबे समय से निष्क्रिय खातों में पड़ी धनराशि को निकलवाने की प्रक्रिया, बैंक उपभोक्ताओं के विभिन्न अधिकारों, उपभोक्ताओं की समस्याओं के निवारण और अन्य मुद्दों पर कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने विभिन्न जनसुरक्षा योजनाओं व डिजिटल बैंकिंग की जानकारी भी दी तथा डिजिटल ठगी से बचाव के उपायों से अवगत करवाया। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के निदेशक अजय कतना ने संस्थान के विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों, उद्यमिता, हिमाचल प्रदेश सरकार की डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना व अन्य योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की बणी शाखा की प्रबंधक नेमी शर्मा, वित्तीय साक्षरता सलाहकार जीसी भट्टी और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# मनरेगा बचाओ संग्राम में जो रहेगा एक्टिव, जिला व ब्लॉक कार्यकारिणी में पाएगा स्थान

## जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुमन भारती ने अनुराग ठाकुर की दोगली राजनीति पर भी कसा तंज, पूछा-आरडीजी पर प्रदेश के सातों सांसद क्यों हैं चुप?

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया हमीरपुर।** जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुमन भारती ने कहा कि मनरेगा बचाव संग्राम में पार्टी का जो कार्यकर्ता एक्टिव भूमिका निभाएगा, निश्चित रूप में उसे जिला और ब्लाक कार्यकारिणियों में स्थान दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जिला कार्यकारिणी में निष्क्रिय लोगों को बिलकुल जगह नहीं मिलेगी इसीलिए मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिले के सभी ब्लॉकों में अच्छा काम हो रहा है। इसमें कई कार्यकर्ता बहुत ही एक्टिव भूमिका में दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला व ब्लॉक कार्यकारिणियों की घोषणा बहुत जल्दी की जाएगी व इसमें किसी तरह की देरी की ज्यादा गुंजाइश नहीं है, क्योंकि पंचायत चुनाव भी अब सिर पर हैं।



सुमन भारती
(हमीरपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष)
अनंत ज्ञान विशेष बातचीत

शुक्रवार को 'अनंत ज्ञान' से विशेष बातचीत में सुमन भारती ने बताया कि हमीरपुर जिला के पार्टी कार्यकर्ताओं के उत्साह को और ज्यादा बढ़ाने के लिए जिला स्तर पर वर्कर सम्मेलन का आयोजन बहुत जल्दी किया जाएगा। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री और हिमाचल के प्रभारी विशेष रूप में मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि इसका आयोजन पंचायत चुनावों से पहले किया जाएगा, ताकि कार्यकर्ताओं को इन चुनावों के लिए बेहतर दास दिशा के लिए सक्रियता के साथ आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्कर सम्मेलन का आयोजन बहुत जरूरी है और किसकी रूपरेखा बहुत जल्दी फाइनल कर ली जाएगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भाजपा के तमाम सांसद हिमाचल के लोगों के प्रति अपनी वफादारी को निभाने में कामयाब नहीं हो पाए हैं।

आर्थिक संकट से हिमाचल को भरने के लिए उनका कतई भर भी योगदान नहीं रहा है। आने वाले पंचायत चुनावों में बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की टीम बनाने के लिए वे काम कर रहे हैं। ताकि कांग्रेस को बेहतर दशा दिशा इन चुनावों में प्रदान हो सके।

### हिमाचल प्रदेश को वर्तमान बजट में भी कुछ नहीं दिया गया

**हिमाचल** प्रदेश के आरडीजी बंद करने के मुद्दे पर सुमन ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रदेश की आरडीजी ग्रांट को बंद करने का निर्णय लिया लेकिन भाजपा के साथ सांसदों के द्वारा इस पर कोई भी विरोध नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को वर्तमान बजट में भी कुछ नहीं दिया गया है। बावजूद इसके सभी सांसद बजट की सलाह न कर रहे थे, जो निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सांसद अनुराग ठाकुर पांचवीं बार हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से चुने गए हैं, लेकिन आज तक लोगों को रेल पहुंचाने का वादा पूरा नहीं कर पाए हैं। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर ही टीका टिप्पणी करते हैं और उनकी निगरानी रखने का काम करते हैं। क्या उनकी जिम्मेदारी हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के प्रति नहीं है?

# पैचवर्क करवाने के लिए नहीं एनएच के पास बजट

## हीरा नगर में गड्ढे से रोजाना उखड़ रही बजरी, वाहन चालक परेशान

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** शहर में कई ऐसी सड़के हैं, जहां पर पैचवर्क तो किया, लेकिन कुछ समय बाद ही उखड़ना शुरू हो गया।

एनएच विभाग ने इन सड़कों की मरम्मत के लिए टेंडर भी अवार्ड किए, लेकिन स्थिती जस की तस बनी हुई है। यह पैचवर्क चंद माह में ही उखड़ गया है। एनएच-03 पर हीरानगर चौक पर पड़े गड्ढों की मरम्मत कर उसपर पैचवर्क किया गया था, लेकिन पानी की लीकेजे और बारिश से यह पैचवर्क उखड़ना शुरू हो गया। अब हालात यह हैं कि यह गड्ढा दिन-प्रतिदिन गहरा होता जा रहा है और गड्ढे से निकलने वाली बजरी को लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी दो चार दिन बाद साफ कर रहे हैं। इस सड़क पर पड़े गड्ढों को फिर पैचकर्व करवाने के लिए टेंडर किया जाएगा, लेकिन फिलहाल अभी तक विभाग के पास पैचवर्क करवाने के लिए बजट नहीं है जिससे इस सड़क मरम्मत करवाई जा सके। जल शक्ति विभाग ने इस चौक से पाइप क्रॉस की थी, जिसकी वजह से यह सड़क उखाड़ी गई थी। हालांकि, विभाग ने सड़क को ठीक करने के लिए टेंडर अवार्ड कर पैचवर्क करवाया, लेकिन यह कुछ समय बाद ही उखड़ गया। चौक पर बना यह गड्ढा किसी मुसीबत से कम नहीं है।

अनंत ज्ञान मुद्दा



हीरा नगर चौक पर पैचवर्क उखड़ने के बाद पड़ा गड्ढा और गहरा होता जा रहा। अनंत ज्ञान

एक तरफ गड्ढा है और दूसरी तरफ गड्ढे से निकली बजरी दुर्घटना को न्योता दे रही है। एनएच विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जल शक्ति विभाग की पाइप लीक होने से पैचवर्क उखड़ गया, जिसे फिर से ठीक करवाया जाना है, अब लीकेज तो समाप्त हो गई है, लेकिन अब विभाग के पास मरम्मत करवाने के लिए बजट नहीं है। जब तक बजट का प्रावधान नहीं होता, तब तक लोगों और वाहन चालकों को इसी समस्या से जूझना पड़ेगा। इस बारे में एनएच विभाग के अधिशाषी अभियंता अनिल शर्मा ने बताया कि हीरा नगर चौक पर जल शक्ति विभाग की पाइप से लीकेज तो बंद हो गई है, लेकिन पैचवर्क करवाने के लिए विभाग के पास बजट नहीं है। उन्होंने बताया कि बजट का प्रावधान होने के बाद फिर से पैचवर्क करवा दिया जाएगा।

# एंबुलेंस कर्मियों ने रैली निकाल किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** 102 और 108 एंबुलेंस कर्मचारियों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। सीटू से संबंधित 102 और 108 एंबुलेंस कर्मचारियों ने शुक्रवार को भी प्रदेश सरकार के खिलाफ अस्पताल से लेकर मिनी सचिवालय तक रैली निकाली और धरना-प्रदर्शन किया।

102 और 108 एंबुलेंस कर्मचारी पिछले 15-15 सालों से स्वास्थ्य विभाग में एंबुलेंस में बतौर ड्राइवर और फार्मासिस्ट अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन इतना समय गुजर जाने के बाद भी इन कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन नहीं मिलता है और न ही ओवरटाइम भुगतान किया जाता है, उल्टा इन्हें कंपनी और विभाग द्वारा प्रताड़ित किया जाता है। इसके विरोध में ये कर्मचारी पांच दिन की हड़ताल पर हैं और आज दूसरे दिन भी हड़ताल जारी रही। 102 और 108 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन ने फैसला लिया है कि अगर इनकी जायज मांगों को नहीं माना गया, तो ये लोग शिमला डायरेक्टर स्वास्थ्य विभाग कार्यालय का घेराव करेंगे।



102 और 108 एंबुलेंस कर्मचारी मिनी सचिवालय के बाहर धरना प्रदर्शन करते हुए। अनंत ज्ञान

न्यूनतम वेतन न मिलने पर पहले भी यह कर्मचारी हड़ताल पर चले गए थे, उस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वासन दिया था कि 102 और 108 एंबुलेंस कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन दिलाने के लिए कंपनी के अधिकारियों से बात की जाएगी, लेकिन फिर भी इस समस्या का समाधान नहीं हुआ। 102 और 108 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन के प्रधान राजेश कुमार ने बताया कि जब तक न्यूनतम वेतन नहीं दिया जाता, यह हड़ताल जारी रहेगी। इस अवसर पर सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कशमीर सिंह ठाकुर ने कहा कि जब तक सरकार इन कर्मचारियों की मांगों को नहीं मानती, यह हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि वेतन लेना कर्मचारी का हक है और इन कर्मचारियों की मांगें जायज हैं जिन्हें सरकार पूरा नहीं कर रही है।

# होली मेले में विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए 9 अलग-अलग निविदाएं आमंत्रित

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** सुजानपुर में एक से 4 मार्च तक आयोजित किए जाने वाले राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव-2026 से संबंधित विभिन्न प्रबंधों के लिए 9 अलग-अलग निविदाएं आमंत्रित की गई हैं।

मेले में फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, एलईडी व सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, साज-सज्जा की सामग्री, फूल-मालाओं और गमलों आदि की व्यवस्था, निमंत्रण कार्ड और स्मारिका की प्रिंटिंग, पगड़ी-दुपटटों की व्यवस्था, पगड़ी बांधने एवं ढोली की व्यवस्था, स्मृति चिह्न, लोकल ऑर्केस्ट्रा, भोजन की व्यवस्था आदि के लिए संबंधित फर्मों से 9 अलग-अलग निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। ये सभी निविदाएं 17 फरवरी सुबह साढे दस बजे तक एसी टू डीसी कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। एसी टू डीसी चिराग शर्मा ने बताया कि ये सभी निविदाएं इसी दिन खोल दी जाएंगी। इनसे संबंधित विस्तृत जानकारी जिला प्रशासन की वेबसाइट पर भी उपलब्ध करवाई गई है।

### जर्मन हैंगर व टेंट के लिए 2 निविदाएं आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव-2026 के लिए जर्मन हैंगर और टेंट लगाने तथा कुर्सियों आदि की व्यवस्था करने के लिए 2 अलग-अलग निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। एसी टू डीसी चिराग शर्मा ने बताया कि जर्मन हैंगर लगाने की निविदाएं 21 फरवरी सुबह 11 बजे तक जमा करवाई जा सकती हैं। ये निविदाएं उसी दिन खोल दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि टेंट, शामियाना और कुर्सियों से संबंधित निविदाएं 19 फरवरी सुबह 11 बजे तक जमा करवाई जा सकती हैं। ये निविदाएं उसी दिन खोल दी जाएंगी।

# भाजपा नेतृत्व में राहुल गांधी के देशहित से जुड़े सवालों का सामना करने का साहस नहीं: प्रेम

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी प्रधानमंत्री एवं केंद्र सरकार के लिए एक बड़ी और मजबूत चुनौती के रूप में सामने आए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दो कार्यकालों में बिना नेता प्रतिपक्ष के मनमाने ढंग से सरकार चलाई, लेकिन अब राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनने के उपरांत उनकी भूमिका से सरकार व प्रधानमंत्री परेशान नजर आ रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि भाजपा नेतृत्व में राहुल गांधी के देशहित व जनता से जुड़े सवालों का सामना करने का साहस नहीं है, जिसकी वजह से एक साजिश के तहत पहले भी उनकी लोकसभा सदस्यता छीनने का प्रयास किया गया और अब एक सिरफिरे सांसद के माध्यम से राहुल गांधी के आजीवन चुनाव लड़ने पर रोक लगाने जैसे प्रस्ताव की चर्चा हो रही है। कौशल ने कहा कि यदि सांसद और देश की जनता को गुमराह करने तथा झूठ बोलने का कार्य किसी ने किया है, तो वह देश के प्रधानमंत्री ने किया है।

अमेरिका के साथ हुई एक तरफा व्यापार डील और पूरे विश्व में हैवानियत व मानवता की तमाम हदें पार करने वाले प्रकरण एपस्टीन फाइल में हुए खुलासों पर स्पष्टीकरण मांगना गुनाह कैसे हो गया। यह हैरानी का विषय है मोदी सरकार का एक मंत्री यह स्वीकार कर रहा है कि वह हैवानियत की हदें पार करने वाले जेफरी एपस्टीन से तीन चार बार मिला है। यह बहुत हैरान करने वाला विषय है कि एक ऐसा व्यक्ति जिसके ऊपर अबोध नाबालिग बच्चियों के प्रति हैवानियत के आरोप थे और जो समूचे विश्व में अपने कुकृत्यों के लिए बदनाम था, ऐसे दुष्ट शैतान से इन महाशय को कैसा प्रोफेशनल कार्य हो सकता था।

# पुलिस ने बरामद की 50 ग्राम चरस

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** उपमंडल बड़सर के अंतर्गत बिझड़ी में पुलिस द्वारा लगाए गए नाके के दौरान एक स्विफ्ट कार से 50 ग्राम चरस और 11,000 रुपए की नकद राशि बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार, कार में सवार 20 से 25 वर्ष की आयु के युवक पुलिस को देखकर घबरा गए, जिसके बाद तलाशी लेने पर नशीला पदार्थ बरामद हुआ। इससे पूर्व इन युवकों को वन विभाग ने खैर की लकड़ी और ट्रॉले के साथ पकड़ा था, जिसे विभाग ने जप्त कर लिया था। वहां से छूटने के बाद जब ये युवक कार से जा रहे थे, तब पुलिस नाके की चपेट में आ गए। डीएसपी बड़सर लालमन शर्मा ने बताया कि युवकों के कब्जे से चरस व नकदी बरामद की गई है। पुलिस ने नियमानुसार नोटिस देकर आगामी जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र में इस बात की भी चर्चा है कि ये युवक किसके संरक्षण में खैर की लकड़ी और नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त थे।

# सोहरी गांव की सड़क समस्या का समाधान जनसहयोग व समाजसेवा की भावना से हुआ

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी रूबल सिंह ठाकुर ने ग्रामीणों की मांग को प्राथमिकता देते हुए निजी खर्चे से जेसीबी मशीन भिजवाकर गांव की सड़क निकलवाने का कार्य संपन्न कराया। ग्रामवासियों के अनुसार, सड़क की स्थिति काफी समय से खराब थी, जिस कारण आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी।

बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती थी, जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और किसानों को विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कई बार संबंधित विभाग, लोक निर्माण विभाग से जेसीबी मशीन उपलब्ध करवाने की मांग की। ग्रामीणों की मांग पर रूबल सिंह ठाकुर ने भी विभाग के एक्सईएन से फोन के माध्यम से संपर्क कर जल्द कार्रवाई करने का आग्रह किया। बावजूद इसके, विभागीय स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। विभाग की ओर से अपेक्षित सहयोग न मिलने पर तथा ग्रामवासियों की लगातार मांग को देखते हुए रूबल सिंह ठाकुर ने स्वयं पहल करते हुए अपने निजी



खर्च से जेसीबी मशीन की व्यवस्था करवाई व पूरी सड़क को निकलवाने का कार्य पूरा कराया। इस कार्य से गांव में आवागमन सुगम हो गया है। ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

ठाकुर ने कहा, 'गांव की सेवा करना मेरा सौभाग्य है। जनता की सुविधा व विकास मेरे लिए सर्वोपरि है। यदि विभागीय स्तर पर देरी होती है, तो हम सबको मिलकर समाज के हित में आगे आना चाहिए, जब भी मेरे क्षेत्र के लोगों को मेरी आवश्यकता होगी, मैं सदैव तत्पर रहूंगा।' ग्रामवासियों ने रूबल सिंह ठाकुर के इस कदम की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया है।

# तीन ब्लॉकों के 80 सचिवों ने सीखीं डिजिटल बारीकियां



कंप्यूटराइजेशन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** दी कुठेड़ा कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित कुठेड़ा में राकेश कुमार डिप्टी रजिस्ट्रार सहकारी सहकारी सभाएं धर्मशाला की अध्यक्षता में कंप्यूटराइजेशन पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें हमीरपुर जिले के तीन ब्लॉक हमीरपुर, टौणीदेवी व सुजानपुर ब्लॉक के लगभग 80 सचिवों ने भाग लिया। इसमें सहकारिता विभाग की ओर से जिला अंकेषक अधिकारी राजेश कौशल, जिला इंस्पेक्टर कीर्ति नरेश, निरीक्षक सुनील कुमार, पवन पठनीया, मीनाक्षी शर्मा, मनोज कुमार, गौरव गुलेरिया, संदीप कुमार व कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की ओर से रजत पाल, वनीत, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर कंपनी की ओर से रोहित ने भाग लिया।

उन्होंने कंप्यूटर सॉफ्टवेयर में आने वाली भिन्न भिन्न समस्याओं का जल्द समाधान किया और सभी सचिवों को अपनी समस्या को हल करने के लिए टिकट जनरेट करने बारे भी जानकारी दी गई। इसमें कुठेड़ा कृषि सेवा सहकारी सभा के प्रधान अमर चंद, उपप्रधान बालम चंद व अन्य प्रबंधक कमेटी सदस्यों द्वारा भी भाग लिया, जिसमें इफको के कर्मचारी अनुज कुमार ने भी इफको के उत्पादों बारे जानकारी उपलब्ध करवाई।

**बैठक** सभी प्रबंधों से संबंधित टेंडरों और अन्य प्रक्रियाओं में हो पूरी पारदर्शिता

# राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव का हो भव्य आयोजन: सुरेश

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** भोरंज के विधायक सुरेश कुमार और सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने शुक्रवार को हमीर भवन में राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव सुजानपुर-2026 की तैयारियों की समीक्षा के लिए जिला और उपमंडल स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक की।

इस अवसर पर सुरेश कुमार ने कहा कि सुजानपुर के होली उत्सव का अपना एक अलग ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व है। यह उत्सव इस बार भी धूमधाम से मनाया जाएगा और इसे भव्य रूप दिया जाएगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए आयोजन समिति और सभी संबंधित विभागों की ओर से किसी भी तरह की कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि होली उत्सव की तैयारियों व इसके सुचारु आयोजन के लिए आयोजन समिति के अलावा अलग-अलग उप समितियों का गठन भी कर दिया गया है और इन उप समितियों में गैर सरकारी सदस्यों को भी शामिल किया गया है। सुरेश कुमार ने कहा कि सभी उपसमितियों के अध्यक्ष व सदस्य अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए उत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दें। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रबंधों व व्यवस्थाओं से संबंधित सभी टेंडर व अन्य प्रक्रियाएं पारदर्शिता के साथ पूर्ण होनी चाहिए। इनमें किसी भी तरह का अनावश्यक विवाद नहीं होना चाहिए। बैठक में सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि उत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा खेलकूद, महिलाओं का सामूहिक लोकनृत्य झमाकड़ा, रस्साकशी व कई अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। इनमें अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी होनी चाहिए। उत्सव की चारों सांस्कृतिक संध्याओं के लिए कलाकारों के चयन, खेलकूद व अन्य गतिविधियों के आयोजन, उद्घाटन और समापन अवसर पर निकलने वाली भव्य शोभायात्रा, निमंत्रण कार्ड तथा स्मारिका के प्रकाशन, प्रदर्शनी स्टॉल्स, परिवहन, पार्किंग, यातायात, कानून व्यवस्था, सफाई, शौचालय और अन्य सभी व्यवस्थाओं को लेकर बैठक में व्यापक चर्चा की गई। इस अवसर पर उपायुक्त गंधर्वा राठौड़, एसपी बलवीर सिंह, एडीसी अभिषेक गर्ग, एसडीएम सुजानपुर विकास शुक्ला, एसी टू डीसी चिराग शर्मा व विभिन्न उपसमितियों के अन्य अधिकारियों ने अभी तक की तैयारियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुमन भारती ने भी बैठक में भाग लिया।




होली मेले की तैयारियों के लिए बैठक में भोरंज के विधायक सुरेश व सुजानपुर के विधायक कै. रणजीत चर्चा करते हुए। अनंत ज्ञान

# भोरंज में 50 बिस्तरों वाले क्रिटिकल केयर ब्लॉक को कैबिनेट की मंजूरी

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल ने स्वास्थ्य क्षेत्र में एक अहम निर्णय लेते हुए भोरंज विधानसभा क्षेत्र के 50 बिस्तरों की क्षमता वाले आधुनिक क्रिटिकल केयर ब्लॉक के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस फैसले से क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं को बड़ी मजबूती मिलने की उम्मीद है।



इस घोषणा के बाद भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने मुख्यमंत्री सुक्खू और प्रदेश कैबिनेट का आभार व्यक्त किया। विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि यह क्रिटिकल केयर ब्लॉक भोरंज क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा, अब तक गंभीर मरीजों को इलाज के लिए जिला मुख्यालय हमीरपुर या मेडिकल कॉलेजों की ओर रुख करना पड़ता था, लेकिन इस सुविधा के शुरू होने से दिल का दौरा, गंभीर चोट और अन्य आपातकालीन मामलों में स्थानीय स्तर पर ही विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध हो सकेगा। प्रस्तावित ब्लॉक में आईसीयू, वेंटिलेटर तथा उन्नत डायग्नोस्टिक उपकरणों की सुविधा होगी। साथ ही, विशेषज्ञ चिकित्सा स्टाफ की तैनाती भी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे गंभीर मरीजों को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण इलाज मिल सकेगा। मुख्यमंत्री की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए विधायक ने कहा कि वर्तमान सरकार 'व्यवस्था परिवर्तन' के लक्ष्य के साथ दूरदराज क्षेत्रों में आधुनिक सुविधाएं पहुंचा रही है। भोरंज की जरूरतों को प्राथमिकता देना सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। शिक्षा व स्वास्थ्य उनकी पहली प्राथमिकता है और आने वाले समय में भोरंज विधानसभा क्षेत्र को प्रदेश का मॉडल क्षेत्र बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जाएंगे। इस फैसले का स्थानीय लोगों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी स्वागत किया है और इसे विधायक के निरंतर प्रयासों तथा मुख्यमंत्री की भोरंज के प्रति सकारात्मक सोच का परिणाम बताया है।

> मृत्यु और विनाश बिना बुलाए ही आया करते हैं, क्योंकि ये हमारे मित्रों के रूप में नहीं शत्रुओं के रूप में आते हैं।
>
> -भगवतीचरण वर्मा

## संपादकीय

# राजनीतिक दलों में समन्वय और सहयोग

यह वर्ष हिमाचल प्रदेश के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि केंद्र सरकार के वित्त वर्ष 2026-27 के आम बजट में राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) न देने का निर्णय लिया गया, जो प्रदेश सरकार के सामने एक गंभीर चुनौती के रूप में सामने आया है। यह समस्या केवल वित्तीय दृष्टि से नहीं, बल्कि राजनीतिक विमर्श का भी विषय बन चुकी है, जिसके चलते सत्ता और विपक्ष के बीच संवाद और विश्वास पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है। हिमाचल प्रदेश की आय सृजन क्षमता स्वाभाविक रूप से सीमित है। बड़े और औद्योगिक रूप से विकसित राज्यों की तरह हिमाचल में संसाधनों की उपलब्धता व्यापक नहीं है, और राजस्व सृजन के लिए भौतिक आधार सीमित है। ऐसे में केंद्र से मिलने वाला राजकोषीय सहयोग राज्य के विकास कार्यक्रमों, आधारभूत संरचना निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सेवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है।

आरडीजी बंद होने के बाद प्रदेश की कांग्रेस सरकार के सामने बजट संतुलन बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो गया है। मुख्यमंत्री सुक्खू बार-बार इस समस्या पर ध्यान आकर्षित कर रहे हैं और इसके समाधान के लिए प्रधानमंत्री से मुलाकात की आवश्यकता पर जोर दे रहे हैं। उनका तर्क है कि यह समस्या केवल कांग्रेस सरकार की नहीं, बल्कि छोटे राज्यों की है, जिसमें भाजपा भी शामिल है। यदि भाजपा भी इस मांग को गंभीरता से उठाए, तो केंद्र पर अधिक प्रभाव पड़ेगा। सीएम का यह भी मानना है कि भविष्य में भाजपा सत्ता में आए तो बिना पर्याप्त संसाधनों के प्रदेश का संचालन उसके लिए भी कठिन होगा।

राजनीतिक दलों के बीच समन्वय और सहयोग आवश्यक है, लेकिन कांग्रेस और भाजपा के बीच इस मसले को राजनीतिक रूप में पेश करने से समस्या जटिल हो गई है। जब हिमाचल सरकार ने राजकोषीय घाटा अनुदान बंद होने पर सर्वदलीय बैठक बुलाई, तो भाजपा के विधायक बैठक छोड़कर चले गए। इसके कारण दोनों दलों की विचारधाराओं और प्राथमिकताओं में असंगति रही। इस समस्या की जड़ को लेकर कांग्रेस जो बात भाजपा को समझाना चाहती थी उसे भाजपा समझने के लिए तैयार नहीं थी, और भाजपा ने ऐसे तर्क दे दिए जिसे कांग्रेस ने खारिज कर दिया। जब तक दोनों दल अपना राजनीतिक एजेंडा चलते रहेंगे, हिमाचल के वास्तविक हितों पर ध्यान देना कठिन रहेगा।

हालांकि, हिमाचल प्रदेश के पास सीमित संसाधन हैं, फिर भी यह कहना कि हिमाचल राजस्व उत्पन्न नहीं कर सकता, अतिशयोक्ति होगी। हिमाचल में जल और विद्युत परियोजनाएं, कृषि और बागवानी, शराब उत्पादन और विक्रय, टोल और कर राजस्व, खनन और प्राकृतिक संसाधन जैसे कई क्षेत्र हैं जिनसे राजस्व बढ़ाया जा सकता है। यदि ये स्रोत समयबद्ध और योजनाबद्ध तरीके से विकसित किए जाएं, तो प्रदेश केंद्र पर निर्भरता कम कर सकता है और वित्तीय आधार मजबूत कर सकता है। दुर्भाग्य यह है कि केंद्र ने पहले ही चेतावनी दी थी कि आरडीजी बंद हो सकती है, लेकिन प्रदेश सरकार समय रहते तैयारी नहीं कर पाई। विपक्ष इसका उपयोग यह बताने के लिए करता है कि कांग्रेस सरकार की प्राथमिकता आर्थिक योजनाओं पर कम रही। राजनीतिक विश्लेषक भी मानते हैं कि जब तक बड़े दल एक-दूसरे के साथ सहयोग नहीं करेंगे, हिमाचल की वास्तविक समस्याओं का समाधान कठिन रहेगा। विपक्षी दल तब तक मदद नहीं करता जब तक स्वयं को राजनीतिक लाभ नजर आता हो, और इसी कारण जनता इस व्यवहार से ऊबती जा रही है। इसलिए अब कांग्रेस सरकार के लिए आवश्यक है कि वह राजस्व सृजन के कार्यों को तीव्रता से लागू करे। उद्योग, कृषि, पर्यटन, ऊर्जा और बागवानी क्षेत्रों में सुधार लाकर हिमाचल की संचित शक्तियों का अधिकतम उपयोग किया जाना चाहिए।

साथ ही, राजनीतिक मतभेदों को एक तरफ रखकर भाजपा समेत सभी दलों के साथ सार्थक संवाद स्थापित किया जाए ताकि प्रदेश की समस्याओं का समाधान किया जा सके। हिमाचल के नागरिकों की अपेक्षा यही है कि उनके प्रतिनिधि राजनीति से ऊपर उठकर अर्थव्यवस्था को प्राथमिकता दें। यही राज्य के दीर्घकालिक हित में है और यही हिमाचल की वास्तविक आवाज है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

# भाजपा की शीर्ष महिला राजनीतिज्ञ

**सुषमा स्वराज** भारत की प्रखर, ओजस्वी और जनप्रिय नेता थीं। उनका जन्म 14 फरवरी 1952 को हरियाणा के अंबाला छावनी में हुआ। उनके पिता श्री हरदेव शर्मा थे। उन्होंने कला स्नातक तथा विधि स्नातक की शिक्षा प्राप्त की और उच्चतम न्यायालय में वकालत भी की। 13 जुलाई 1975 को उनका विवाह स्वराज कौशल से हुआ, जो राज्य सभा के सदस्य और मिजोरम के राज्यपाल रहे।



सुषमा स्वराज
जन्म : 14 फरवरी, 1952
मृत्यु : 6 अगस्त, 2019

सुषमा स्वराज ने छात्र राजनीति से अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की। वे हरियाणा विधानसभा की विधायक बनीं और चौधरी देवीलाल सरकार में मंत्री रहीं। बाद में वे कई बार लोकसभा और राज्य सभा की सदस्य चुनी गईं। 1996 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में सूचना और प्रसारण मंत्री बनीं तथा दिल्ली की प्रथम महिला मुख्यमंत्री भी रहीं। 26 मई 2014 से 24 मई 2019 तक उन्होंने भारत की विदेश मंत्री के रूप में कार्य किया और विश्व स्तर पर भारत की छवि सुदृढ़ की। वे प्रभावशाली वक्ता और गंभीर विचारक थीं। बेल्लारी से चुनाव लड़ते हुए उन्होंने पार्टी को नई पहचान दी। संसद में उनकी उपस्थिति सदैव सशक्त मानी जाती थी। वर्ष 2004 के लिए उन्हें उत्कृष्ट सांसद सम्मान प्रदान किया गया। उनका तीन दशकों से अधिक का सार्वजनिक जीवन भारतीय लोकतंत्र के लिए प्रेरणादायी रहा। पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज का 6 अगस्त, 2019 को निधन हो गया था। ■



कविता

## जिंदगानी

केशव शर्मा रसिक, लेखक व साहित्यकार, गांव कोटला, घुमारवीं

**हजारों** मरते हैं हररोज इस दुनिया में,
इतनी क्षणभंगुर यह हमारी जिंदगानी है,
उम्र चाहे कितनी भी लंबी हो किसी की,
मगर मौत तो एक दिन सबकी ही आनी है,
अंत में होती है हमेशा ही जीत सत्य की,
यह बात तो दुनिया में सबने ही मानी है,
जीते हैं जो जीवन अपना औरों की खातिर,
वह उनके जीवन की एक बड़ी कुर्बानी है,
छलावा मात्र है प्रेम इंसान का इंसान से,
सच्चा प्रेम तो बस एकमात्र रूहानी है,
हरपल घटती जा रही हैं सांसें जिंदगी की,
यह बात हर इंसान को मन में बिठानी है,
इंसान खोया है दुनियावी सामान जुटाने में,
यह तो बस उसकी सबसे बड़ी नादानी है,
बार-बार बात होती है जिस अमरता की,
वह तो किसी की काल्पनिक कहानी है,
जबकि हरेक चीज नश्वर है इस दुनिया की,
केवल यही बात आज सबको समझानी है।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# 'प्रेम दिवस' पर 'शहादत' की अमर गाथा



वसुंधरा धर्माणी
स्वतंत्र लेखिका
घुमारवीं, बिलासपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र



कैलेंडर की कुछ तिथियां केवल तारीख नहीं होती, बल्कि वे अपने भीतर इतिहास, भावनाएं और स्मृतियां समेटे होती हैं। 14 फरवरी भी ऐसी ही एक तिथि है। विश्व के अधिकांश देशों में यह दिन 'वेलेंटाइन डे' के रूप में प्रेम, स्नेह और रिश्तों के उत्सव का प्रतीक है, किंतु भारत के लिए यह तिथि पुलवामा आतंकी हमले की पीड़ादायक स्मृति भी है। इस दिन प्रेम और बलिदान-दो विपरीत भाव एक साथ हमारे मन में उमड़ते हैं।

भारत वर्षों से आतंकवाद की चुनौती का सामना करता आ रहा है, किंतु कुछ घटनाएं ऐसी होती हैं जो केवल सुरक्षा व्यवस्था ही नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र की आत्मा को झकझोर कर देती हैं। 14 फरवरी 2019 को हुआ पुलवामा आतंकी हमला ऐसी ही एक हृदयविदारक घटना थी। यह हमला केवल केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों पर नहीं, बल्कि भारत की एकता, अखंडता और शांति पर किया गया कायरना आक्रमण था। इस हमले में सीआरपीएफ की 40 वीर जवान शहीद हो गए और पूरा देश शोक, आक्रोश और पीड़ा में डूब गया।

14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर में सीआरपीएफ का एक बड़ा काफिला श्रीनगर से जम्मू की ओर राष्ट्रीय राजमार्ग 44 से गुजर रहा था। दोपहर लगभग 3:15 बजे, पुलवामा जिले के अवंतीपुरा क्षेत्र में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी को काफिले की एक बस से जोरदार टक्कर मार दी। कुछ ही क्षणों में एक भीषण विस्फोट हुआ जिसने बस को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। चारों ओर धुआं, आग और चीख-पुकार और मलबा फैल गया। सड़क पर बिखरे शहीदों के सामान और रक्त रंजित दृश्य ने हर भारतीय की आंखें नम कर दी। इस हमले में 40 सीआरपीएफ जवान शहीद हो गए। यह जवान देश के अलग-अलग राज्यों से थे-किसी का घर बिहार में था, किसी का उत्तर प्रदेश में, किसी का राजस्थान, महाराष्ट्र या दक्षिण भारत में। कोई किसी का बेटा था, कोई पति, कोई पिता और कोई भाई था। उनके घरों में उस दिन मातम पसरा, लेकिन साथ ही गर्व था कि उनके अपनों ने मां भारती की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर किए।

शहीदों के पार्थिव शरीर जब तिरंगे में लिपटे उनके घर पहुंचे, तो हर गांव, हर शहर ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। 'भारत माता की जय' और 'शहीद अमर रहे' के नारों ने यह सिद्ध कर दिया कि देश अपने वीरों को कभी नहीं भूलेगा।

इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने ली। हमलावर की पहचान आदिल अहमद डार के रूप में हुई, जो जम्मू-कश्मीर का ही निवासी था और लंबे समय से आतंकियों के संपर्क में था। आत्मघाती हमलावर स्थानीय युवक था, जिसे कट्टरपंथी विचारधारा से उकसाया गया।

इस हमले ने सुरक्षा एजेंसियों के सामने यह चुनौती रखी कि आतंकवाद केवल सीमा पार से नहीं, बल्कि स्थानीय स्तर पर भी युवाओं को गुमराह कर पनपाया जा सकता है। पुलवामा हमले के ठीक 12 दिन बाद, 26 फरवरी 2019 को भारत में आतंकवाद के खिलाफ एक ऐतिहासिक कदम उठाया। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट क्षेत्र में स्थित जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी प्रशिक्षण शिविरों पर एयर स्ट्राइक की। यह कार्रवाई इसलिए ऐतिहासिक थी, क्योंकि यह नियंत्रण रेखा के पार की गई। यह शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि थी।। बालाकोट एयर स्ट्राइक ने दुनिया को यह दिखा दिया कि भारत आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा।

पुलवामा आतंकी हमला भारत के इतिहास का एक दर्दनाक अध्याय है, लेकिन साथ ही यह अध्याय साहस, संकल्प और प्रतिरोध की कहानी भी है। यह हमें स्मरण करता है कि आतंकवाद मानवता का शत्रु है और उससे लड़ाई केवल हथियारों से ही नहीं, बल्कि एकता, जागरूकता और राष्ट्र प्रेम से जीती जा सकती है। शहीदों का बलिदान हमें यह सिखाता है कि राष्ट्र सर्वोपरि है और उसकी रक्षा के लिए दिया गया प्रत्येक त्याग अमूल्य होता है। आज की युवा पीढ़ी 14 फरवरी को वेलेंटाइन डे के रूप में मनाती है, जो स्वाभाविक है। प्रेम मानव जीवन की सुंदरतम भावना है, किंतु प्रेम केवल व्यक्तिगत संबंधों तक सीमित नहीं होता। प्रेम का व्यापक अर्थ जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और समर्पण भी है। हमारे सैनिकों का बलिदान देश के प्रति उनके गहरे प्रेम का सर्वोच्च उदाहरण है। उन्होंने अपने परिवार, अपने सपनों और अपने सुखों का त्याग इसलिए किया ताकि हम सुरक्षित और स्वतंत्र रह सकें।

पुलवामा के शहीद हमें साहस, एकता और कर्तव्य का संदेश देते हैं। उनकी कुर्बानी व्यर्थ नहीं गई, उसने देश को और अधिक जागरूक, संगठित और दृढ़ बनाया। स्कूलों, सभाओं और राष्ट्रीय अवसरों पर उनके नाम सम्मान से लिए जाते हैं, ताकि आने वाली पीढ़ियां समझ सकें कि स्वतंत्रता और सुरक्षा कितनी बड़ी कीमत पर प्राप्त होती है।

अतः 14 फरवरी केवल व्यक्तिगत प्रेम व्यक्त करने का दिन नहीं, बल्कि देशप्रेम को स्मरण करने का अवसर भी है। यदि हम इस दिन अपने प्रियजनों के साथ-साथ उन वीरों को भी नमन करें, जिनके कारण हम सुरक्षित हैं, तो यह दिन और अधिक सार्थक बन सकता है।

प्रेम और देशप्रेम विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। सच्चा प्रेम वही है जो अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज, राष्ट्र और मानवता के हित में समर्पित हो। यही संतुलन एक सशक्त, संवेदनशील और जागरूक राष्ट्र का निर्माण करता है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# वेलेंटाइन डे : प्रेम का उत्सव या पाश्चात्य प्रभाव?-एक खोजपूर्ण दृष्टि



सुमन देवल सोनू
स्वतंत्र लेखिका, बिलासपुर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र



हर वर्ष 14 फरवरी को मनाया जाने वाला वेलेंटाइन डे आज भारत सहित विश्व के अनेक देशों में व्यापक रूप से प्रचलित हो चुका है। बाजारों की सजावट, सोशल मीडिया पर संदेशों की बाढ़, उपहारों का आदान-प्रदान और युवा वर्ग का उत्साह इस दिन को विशेष बना देता है, किंतु प्रश्न यह उठता है कि क्या यह उत्सव भारतीय संस्कृति के अनुकूल है? क्या हम अपनी प्राचीन परंपराओं को भूलकर पाश्चात्य संस्कृति की ओर बढ़ रहे हैं, या प्रेम का उत्सव सार्वभौमिक मानवीय भावना का ही एक रूप है? इन प्रश्नों की पड़ताल आवश्यक है।

**वेलेंटाइन डे की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि :** वेलेंटाइन डे का संबंध प्राचीन रोम और ईसाई परंपरा से माना जाता है। कहा जाता है कि तीसरी शताब्दी में एक संत-संत वेलेंटाइन ने उस समय के रोमन शासक क्लाडियस 2 के आदेशों की अवहेलना करते हुए प्रेमी युगलों का विवाह कराया था। सम्राट का मानना था कि अविवाहित पुरुष बेहतर सैनिक बनते हैं, इसलिए विवाह पर रोक थी। संत वेलेंटाइन ने प्रेम और वैवाहिक बंधन को पवित्र मानते हुए इस आदेश का विरोध किया और अंततः उन्हें दंडित किया गया। बाद में 14 फरवरी को उनकी स्मृति में प्रेम-दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। समय के साथ यह धार्मिक स्मृति-दिवस एक सामाजिक और सांस्कृतिक उत्सव में परिवर्तित हो गया। पश्चिमी देशों में यह प्रेम और स्नेह व्यक्त करने का प्रतीक बन गया, और वैश्वीकरण के दौर में यह परंपरा भारत तक पहुंची।

वेलेंटाइन डे को केवल पाश्चात्य प्रभाव मान लेना उचित नहीं है, क्योंकि भारतीय परंपरा में प्रेम को अत्यंत ऊंचा स्थान प्राप्त है। हमारे ग्रंथों और काव्य-धारा में प्रेम जीवन का मूल तत्व माना गया है। रामायण में राम और सीता का संबंध आदर्श दांपत्य प्रेम का प्रतीक है, जबकि महाभारत में विविध रूपों में स्नेह, त्याग और समर्पण की अभिव्यक्ति मिलती है। श्रीमद्भगवदगीता में श्रीकृष्ण का उपदेश प्रेम की आध्यात्मिक व्याख्या प्रस्तुत करता है, जहां प्रेम आत्मा और परमात्मा के मिलन का मार्ग बन जाता है। भारतीय उत्सवों में भी प्रेम और सौहार्द की झलक मिलती है। बसंत पंचमी और होली प्रकृति, उल्लास और पारस्परिक स्नेह के प्रतीक हैं। मध्यकालीन भक्ति आंदोलन में मारा बाई सूरदास और कबीर जैसे संतों ने प्रेम को ईश्वर-प्राप्ति का साधन माना। इस प्रकार भारतीय संस्कृति में प्रेम की जड़ें अत्यंत गहरी और व्यापक हैं।

**क्या यह पाश्चात्य प्रभाव है? :** यह सत्य है कि वलेंटाइन डे का आधुनिक स्वरूप यूरोप से आया और उपभोक्तावादी संस्कृति से जुड़ा है। उपहार, कार्ड और बाजार-प्रचार ने इसे व्यावसायिक रंग दिया है, किंतु संस्कृति स्थिर नहीं होती, वह समय के साथ बदलती और विकसित होती है। भारत ने सदियों से विभिन्न संस्कृतियों को आत्मसात किया है। यदि परंपरा सकारात्मक संवाद और स्नेह को बढ़ावा देती है, तो उसे पूरी तरह अस्वीकार करना भी तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता।

**युवा पीढ़ी का आकर्षण :** आज युवा वर्ग इस उत्सव की ओर इसलिए आकर्षित है क्योंकि वैश्वीकरण, मीडिया और सोशल मीडिया ने इसे लोकप्रिय बनाया है। व्यक्तिगत स्वतंत्रता की भावना, भावनाओं की खुली अभिव्यक्ति और बदलती पारिवारिक संरचना ने भी इसे स्वीकार्यता दी है। उनके लिए यह दिन केवल रोमांटिक प्रेम नहीं, बल्कि मित्रता और आत्मीयता व्यक्त करने का अवसर है।

**संतुलित दृष्टिकोण :** किसी भी उत्सव को मनाना या न मनाना व्यक्तिगत निर्णय है। आवश्यक यह है कि उसे मर्यादा, सम्मान और जिम्मेदारी के साथ मनाया जाए। प्रेम का सच्चा अर्थ प्रदर्शन नहीं, बल्कि विश्वास और संवेदनशीलता है।

बहरहाल, प्रश्न यह नहीं कि वेलेंटाइन डे के नाम पर हम पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में हैं या नहीं, बल्कि यह है कि क्या हम अपने मूल्यों को बनाए रखते हुए वैश्विक परंपराओं को संतुलित रूप से स्वीकार कर पा रहे हैं। प्रेम सार्वभौमिक है-यदि वह आत्मीयता, सम्मान और कर्तव्य से जुड़ा हो, तो वही उसका सच्चा स्वरूप है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# सतत वित्तीय प्रबंधन से सतत विकसित भारत-2047 की ओर बढ़ता भारत!



कुमार सुमीत शर्मा
प्रदेश सचिव, भाजपा हिमाचल प्रदेश

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र



केंद्रीय वित्तीय बजट 2026-27 ऐसे समय में आया है जब भारत न केवल दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, बल्कि वैश्विक नेतृत्व की भूमिका निभाने की ओर भी अग्रसर है। यह बजट किसी एक वर्ग को साधने वाला नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र की आवश्यकताओं को संतुलित करने वाला दस्तावेज है।

यदि इस बजट को पिछले एक दशक की बजटीय यात्रा के संदर्भ में देखा जाए, तो यह किसी एक वर्ष का प्रयोग नहीं, बल्कि निरंतर विकसित भारत की सोच का परिणाम है। 2014 के बाद से मोदी सरकार के बजटों ने सबसे पहले बुनियादी आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित किया-जनधन, उज्ज्वला, स्वच्छ भारत, डिजिटल इंडिया और आयुष्मान भारत जैसी अन्य बहुत सी योजनाओं ने सामाजिक सुरक्षा और आधारभूत ढांचे को मजबूत किया। इन प्रयासों ने करोड़ों लोगों को औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ा, जिससे आज बड़े संरचनात्मक निवेश संभव हो पा रहे हैं। यही कारण है कि भारत आज सर्वोत्तम पांच उभरती अर्थव्यवस्थाओं मे तीसरे पायदान पर पहुंचा है। वर्तमान बजट मे भी 'सबका साथ सबका विकास' के मंत्र के अनुरूप इस बार भी आयकर स्लैब में कोई बदलाव न कर सरकार ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि अब आर्थिक नीति का फोकस अल्पकालिक राहत से अधिक दीर्घकालिक स्थिरता और भरोसे पर है। वहीं रिवाइज्ड रिटर्न दाखिल करने की समय-सीमा को 31 दिसंबर से बढ़ाकर 31 मार्च करना, करदाताओं के प्रति सरकार के भरोसे और 'ईज ऑफ कंप्लायंस' की सोच को दर्शाता है।

इस बजट का दूसरा बड़ा स्तंभ देश के बुनियादी ढांचे को भविष्य के अनुरूप तैयार करना है। सात हाईस्पीड रेल कॉरिडोर: मुंबई-पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-बेंगलुरु, हैदराबाद-चेन्नई, चेन्नई-बेंगलुरु, दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलीगुड़ी केवल यात्रा समय घटाने की योजना नहीं हैं, बल्कि ये आर्थिक गतिविधियों, निवेश और रोजगार के नए गलियारे खोलने वाले निर्णय हैं।

इसके साथ ही 5 लाख से अधिक आबादी वाले टियर-2 और टियर-3 शहरों के लिए 12.2 लाख करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा यह साबित करती है कि विकास अब महानगरों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि छोटे और मझोले शहर भी विकास की मुख्यधारा में आएंगे। स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक न्याय इस बजट की तीसरा बड़ी मानवीय स्तंभ आत्मा हैं। कैंसर की 17 दवाओं और 7 दुर्लभ बीमारियों की दवाओं को आयात शुल्क से मुक्त करना लाखों परिवारों के लिए बड़ी राहत है। तीन आयुर्वेदिक ऐम्स और मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए पांच मेडिकल हब भारत की प्राचीन चिकित्सा परंपरा को आधुनिक वैश्विक मंच पर स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम हैं।

15,000 सेकेंडरी स्कूलों और 500 कॉलेजों में कंटेंट क्रिएटर लैब्स युवाओं को भविष्य की डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए तैयार करेंगी। वहीं, करीब 800 जिलों में बालिकाओं के लिए हॉस्टल की घोषणा महिला सशक्तिकरण को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का प्रयास है।

पिछले वर्षों के बजटों में कृषि और ग्रामीण भारत को विकास का आधार बनाकर गांवों की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सिंचाई परियोजनाओं, ग्रामीण सड़कों और आवास योजनाओं ने गांवों को नई शक्ति दी है। लघु, सूक्ष्म और मध्यम उद्यमों को प्रोत्साहन देकर रोजगार के अवसर बढ़ाए गए हैं। कर सुधारों और वस्तु एवं सेवा कर व्यवस्था ने आर्थिक पारदर्शिता को मजबूत किया है।

महामारी के बाद भी सुधारों की गति बनी रही। स्वास्थ्य क्षेत्र में वृद्धि, पूंजीगत व्यय का विस्तार और आत्मनिर्भर भारत अभियान जैसे प्रयासों ने देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया। समग्र रूप से, बजट 2026 पूर्व नीतियों की मजबूत नींव पर आधारित विकास का दस्तावेज़ प्रतीत होता है, जो तीव्र प्रगति, सशक्त नागरिक और समावेशी उन्नति की दिशा में अग्रसर है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# कौशल-ज्ञान का अलग-अलग होना तरक्की में बड़ा रोड़ा!



दीपक कोहली
स्वतंत्र लेखक

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र




भारतीय संस्कृति में ज्ञान और कौशल कभी भी एक साथ समांतर चलते हुए नहीं दिखाई देते हैं। भारतीय इतिहास बताता है कि एक ओर जहां कौशल को जातियों में बांटा गया तो दूसरी ओर ज्ञान को सीमित कर दिया गया था। किसी भी राष्ट्र और समाज की तरक्की तब तक संभव नहीं है जब तक कि ज्ञान और कौशल का मिश्रण नहीं हो जाता है।

भारतीय समाज में ज्ञान और कौशल को अलग-अलग जातियों व वर्गों में बांटने के कारण समाज के विकास व समृद्धि का पहिया जातिवाद और भेदभाव जैसी कुप्रथाओं में धंस गया। इन कुप्रथाओं के कारण समस्त भारत को सदियों तक गुलाम रहना पड़ा था। अब वक्त आ गया है कि इस विषय पर हम सभी भारतीयों को सोचना चाहिए। भारत के पास ज्ञान का भंडार है, मगर हमने उस ज्ञान का सही से इस्तेमाल किया ही नहीं है। बस ज्ञान के माध्यम से हमने अपने समाज में पाखंडता फैलाई और मनुष्यता को बांटने का काम किया है। भारत के पास ऐसी कौशल कला थी कि उसके उदाहरण- पुराने मंदिर, महल और किलों के रूप में आज भी जिंदा हैं। हमने कभी भी अपने देश और संस्कृति की कौशल कला का वो मान-सम्मान नहीं किया, जो होना चाहिए। बल्कि हम आधुनिकता की दौड़ में अपने देश की कौशल कला को लगातार भूलते या खोते जा रहे हैं। आज हम पश्चिमी कला, कौशल और ज्ञान को सब कुछ मान बैठे हैं। जिस कौशल को हमने जातियों में बांटा दिया था, आज उसी कौशल का नाम पश्चिमी देशों के कारण परिवर्तित होने पर हम सभी उसे बतौर पेशे के रूप में अपना रहे हैं। जैसे- हेयर डिजाइनर यानी नाई, सिविल इंजीनियर्स यानी बढ़ई, फैशन डिजाइनर यानी दर्जी, नर्स यानी दाई, आदि। मतलब जिस कौशल के कारण हमारा समाज जातियों में बांटा रहा और कुछ लोगों के साथ हमारे समाज ने उनके पेशे के कारण जानवरों जैसा व्यवहार किया, मगर आज देखिए उन्हीं लोगों का पेशा हम सभी हंसी-खुशी अपना रहे हैं। यह सब देकर प्रश्न उठता है-आखिर हमारा समाज इतना दोगला क्यों है? पश्चिमी देशों में रंगभेद से लेकर विभिन्न प्रकार की बुराइयां थी, मगर उन्होंने उन बुराइयों को पीछे छोड़कर अपने देश व समाज की प्रगति एवं विकास को आगे रखते हुए आधुनिकता के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया। आज पश्चिमी देश हमसे हर क्षेत्र में कई गुना आगे हैं, मगर हम आज भी जातीय श्रेष्ठता और धर्म के लड़ाई में उलझे हुए। हजारों साल गुलाम रहने के बाद भी अगर हमारा समाज रक्त शुद्धि जैसे खोखले दांवों के साथ अपने ही समाज के लोगों के साथ जातिवाद और भेदभाव करता है, जो यह अवश्य ही मूर्खों जैसा व्यवहार है।

आधुनिक युग में लगभग हर समाज के लोग रक्तदान भी करते हैं और बीमार पड़ने पर उस रक्त का इस्तेमाल भी करते हैं। बाकी किसका कितना रक्त शुद्ध है यह दावा कर पाना अपने आप में ही हमारे लिए अपने पूर्वजों का अपमान है। विश्व पटल पर बतौर राष्ट्र हमें जाति, धर्म को पीछे छोड़कर अब अपने देश के विकास, प्रगति और उन्नति को ध्यान में रखते हुए कौशल और ज्ञान को साथ-साथ आगे बढ़ना होगा। आप और हम सिर्फ यह सोचे कि मैं ही आगे बढ़ूं या मेरा ही समाज आगे बढ़े तो इससे राष्ट्र की प्रगति नहीं होती है, बल्कि इससे राष्ट्र में अमीरी और गरीबी की खाई बढ़ती है जो राष्ट्र को गृह युद्ध की ओर लेकर जाता है। इसलिए हमें जाति और धर्म के बंधन से ऊपर उठकर सोचना होगा। क्यों ना हर देश का नागरिक हमारे भारतीय समाज व संस्कृति का ज्ञान, कला एवं कौशल को अपनाएं। हमारी संस्कृति और सभ्यता 'वसुधैव कुटुम्बकम' यानी एक विश्व-एक परिवार पर आधारित है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# जल शक्ति विभाग की लापरवाही, खुले पाइपों से स्किड हो रहे दोपहिया वाहन

## महादेव में सड़क पर बिछाई गई पानी की पाइप पैदल यात्री के लिए भी बनी जानलेवा

अनंत ज्ञान



सड़क मार्ग पर खुले में डाली गई पानी की पाइप। अनंत ज्ञान

भीम बसेड़ राजपूत, महादेव। नाचन विधानसभा क्षेत्र के एक बड़े भाग में पानी की पाइपें खुदाई करके जमीन में न डालकर खुले में ही जोड़ दी गई हैं जिससे जहां पदयात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है वहीं वाहन चालकों को भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत महादेव के सार्वजनिक स्थानों खासकर सड़क मार्ग पर पानी की छोटी एवं बड़ी पाइपों को खुले में चमकता देखा जा सकता है और यह सब परेशानी में डालने का मंजर पिछले कई वर्षों से देखा जा रहा है। सड़क मार्ग के बीचोंबीच उठी हालत में इन पाइपों पर से पदयात्री उलझती हालत में गिरते- पड़ते अपने गंतव्य की ओर जाने को मजबूर होते हैं।

इसके अलावा वाहन चालक खासकर दोपहिया एक बड़ी संख्या में वाहन चालकों के स्किड होने का सिलसिला भी जारी है क्योंकि खुले में डाली गई पानी की पाइपों का एक बड़ा हिस्सा सड़क मार्ग को घेरे हुए है और ऐसे में जरा सी भी चूक होने से उलझना- फिसलना स्वाभाविक सी बात है जल शक्ति विभाग से पानी की तमाम तरह की पाइपों को भूमिगत करने को लेकर बार बार मांग उठाई जा रही है मगर विभाग की ओर से अभी तक इस दिशा में किसी भी किस्म की कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा सकी है जिससे हादसों को न्योता देने के इस उदासीन रवैए को विभाग की यह एक बड़ी लापरवाही बताई जा रही है क्योंकि यह घनी आबादी के बीच सड़क मार्ग पर आसपास एवं दूरदराज के विभिन्न क्षेत्रों में जुड़े लोगों का रात-दिन आना-जाना लगा रहता है जो विभाग की इस पैदा की गई जी के जंजाल भरी कारगुजारी से दो-चार होते रहते हैं। लोगों ने जल शक्ति विभाग के उच्चाधिकारियों तथा प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही गंभीर हुई उक्त समस्या का समाधान किया जाए।

## उपमुख्यमंत्री 16 को करेंगे महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मंडी में 16 से 22 फरवरी तक आयोजित किये जा रहे अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव-2026 की प्रथम जलेब (शोभायात्रा) में 16 फरवरी को शामिल होंगे तथा पड्डल मैदान में महोत्सव का विधिवत शुभारंभ करेंगे। इसी रात्रि को वे ऐतिहासिक सेरी मंच पर आयोजित महोत्सव की प्रथम सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उप-मुख्यमंत्री 15 फरवरी सायं मंडी पहुंचेंगे। वे सर्किट हाउस में संक्षिप्त विश्राम के उपरांत सायं 6:30 बजे पंचवक्त्र मंदिर के समीप शिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही ब्यास आरती में भाग लेंगे। उनका रात्रि विश्राम सर्किट हाउस मंडी में रहेगा। कार्यक्रम के अनुसार 16 फरवरी को दोपहर 12:45 बजे वे भ्यूली स्थित भीमाकाली मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे तथा मंदिर परिसर में दोपहर का भोजन (देवलु धाम) करेंगे। इसके उपरांत वे मंडी के अधिष्ठाता देवता राज माधो राय जी की पूजा-अर्चना करेंगे।

# भांबला के गांवों में 10 दिन से पानी की सप्लाई ठप

## रोपा ठाठर, हवाणी, चलाह गांव के लोग टैंकर मंगवाने को हो रहे मजबूर

अनंत ज्ञान



खाली बर्तनों के साथ भांबला पंचायत के ग्रामीण। अनंत ज्ञान

रितेश चौहान, सरकाघाट। भांबला पंचायत के गांव रोपा ठाठर हवाणी, चलाह में पिछले 10 दिनों से पानी की सप्लाई ठप पड़ी है। ग्रामीणों का कहना है, कि हमने एसडीओ तथा जे.ई से बार-बार निवेदन किया। परंतु जवाब मिलता है ,कि समरसीबल पंप और मोटर खराब पड़ी है। जिसको ठीक करवाने के लिए दिया गया है। जल्दी ही लाकर पानी की सप्लाई भाल कर दी जाएगी। ग्रामीणों को लगता है कि विभाग पानी के टैंकर माफिया से मिला है। आज दिन तक इस गांव में 20 टैंकर पानी के लोगों द्वारा अपने पैसों से मंगवा कर पानी की समस्या को दूर करने का प्रयास किया गया। गरीब जनता अब बार-बार पानी के टैंकर नहीं मंगवा सकती एक टैंकर के 1000 देने पड़ते हैं। आईपीएस विभाग बिल्कुल सुस्त पड़ा है। किसी प्रकार की लोगों की सुनवाई नहीं हो पा रही है। मुख्यमंत्री सुक्खू, डिप्टी सीएम अग्निहोत्री से प्रार्थना है कि स्थानीय जनता की समस्या को जल्दी निदान किया जाए। यहां पर कभी मोटर खराब, कभी पैनल खराब,और कभी बिजली की तार की चोरी हो जाती है। और 10 -15 दिन पानी की सप्लाई बंद हो जाती है। विभाग शक्ति से काम ले और स्थानीय जनता की मुश्किल को हल करें। हंसराज, टेकचंद बंटी कुमार,संजय कुमार, नरेंद्र पाल, चेत सिंह तेज सिंह, रामलाल जगदीश चंद, विकी कुमार, भूमि सिंह पप्पू आदि ने संयुक्त बयान में कहा कि विभाग ने जल्द हमारी समस्या का समाधान नहीं किया तो वे जल शक्ति विभाग के कार्यालय के बाहर धरना देने को मजबूर होंगे। इस संदर्भ में जल शक्ति विभाग सरकाघाट के अधिशासी अभियंता विवेक हाजिरी ने कहा कि मोटर खराब होने के कारण समस्या आई है शनिवार को हर हाल में ग्रामीणों को पानी मुहैया करवा दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### धनोटू में पागल कुत्ते का आतंक, मजदूर काटा

अनंत ज्ञान, महादेव। ग्राम पंचायत महादेव के अंतर्गत धनोटू नेशनल हाईवे क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक संदिग्ध पागल कुत्ते ने ऑटोमोबाइल वर्कशॉप में काम कर रहे एक प्रवासी मजदूर को काट लिया। घायल मजदूर को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुत्ता पास के नगवाहन गांव में पिल्लों पर भी हमला कर चुका है, जिससे इलाके में दहशत फैल गई है। कई दुकानदारों ने एहतियातन अपने शटर बंद कर दिए और हाथों में डंडे लेकर कुत्ते को भगाने का प्रयास किया। घटना की सूचना संबंधित विभाग और प्रशासन को दे दी गई है। समाजसेवी स्वामी राणा ने सुंदरनगर प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर क्षेत्रवासियों को कुत्ते के आतंक से राहत दिलाने की मांग की है।

### प्लासी-त्रिफालघाट सड़क कल तक बंद

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। उपमंडलाधिकारी सरकाघाट राजेन्द्र कुमार गौतम ने प्लासी-समैला-त्रिफालघाट सड़क मार्ग पर रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य के चलते यातायात अस्थायी रूप से बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। आदेशों के अनुसार इस कार्य को ध्यान में रखते हुए इस सड़क मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही 15 फरवरी तक अस्थायी तौर पर बंद रहेगी। प्रशासन ने निर्देश दिए हैं कि आम जनता की सुविधा के लिए निर्धारित स्थानों पर सूचना एवं डायवर्जन बोर्ड लगाए जाएं तथा डायवर्जन प्वाइंट पर सड़क को पूर्ण रूप से बंद रखा जाए। यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग प्लासी-उखला-बरस-समैला सड़क से रहेगा। प्रशासन ने आम जनता से सहयोग की अपील की है।

### बास्केटबाल-वॉलीबाल चैंपियनशिप आज से

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के चोलथरा में स्वर्गीय दिनेश गुलेरिया की स्मृति में 14 और 15 फरवरी को दो दिवसीय राष्ट्रीय बास्केटबाल और वॉलीबाल चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चोलथरा में आदर्शनी वेलफेयर सोसायटी एवं स्पोर्ट्स क्लब चोलथरा के संयुक्त तत्वावधान में होगा। विभिन्न राज्यों की 30 टीमें भाग ले रही है। बास्केटबॉल और वॉलीबाल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इस चैंपियनशिन को आयोजित करवा रही आदर्शनगर वैलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष वंदना गुलेरिया ने बताया कि इस चैंपियनशिन का शुभारंभ प्रदेश की पूर्व जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर 14 फरवरी को उद्घाटन करेंगे जबकि समापन पूर्व विधायक राजेंद्र राणा 15 तारीख को करेंगे उन्होंने बताया कि विजेता टीमों को 31-31 हजार रुपये तथा उपविजेता टीमों को 21-21 हजार रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी। खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन, सुरक्षा और चिकित्सा की पूरी व्यवस्था स्पोर्ट्स क्लब चोलथरा द्वारा की गई है।

### स्वामी दयानंद के आदर्शों का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन द्वारा हुआ। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण में रंग गया। विद्यार्थियों ने भजन, नाट्य प्रस्तुति और भाषणों के माध्यम से स्वामी दयानंद के जीवन, समाज सुधार और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सामान्य ज्ञान और अंग्रेजी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने विद्यार्थियों को सत्य, अनुशासन और परिश्रम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह, श्रद्धा और सांस्कृतिक रंगों का समागम देखने को मिला।

### पशु मित्र भर्ती की शारीरिक परीक्षा स्थगित

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। उपमंडल जोगिंद्रनगर के अंतर्गत पशुपालन विभाग द्वारा आयोजित पशु मित्र (मल्टी टास्क वर्कर) भर्ती प्रक्रिया के तहत निर्धारित शारीरिक परीक्षा को प्रशासनिक कारणों से आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिया गया है।यह जानकारी अरविंद शर्मा, वरिष्ठ चिकित्सक, पशुपालन विभाग जोगिंद्रनगर ने दी। उन्होंने बताया कि 17 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाली शारीरिक परीक्षा को विभागीय प्रशासनिक कारणों के चलते फिलहाल स्थगित किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शारीरिक परीक्षा की नई तिथि एवं संबंधित दिशा-निर्देश पृथक से अधिसूचित किए जाएंगे। इसकी सूचना कार्यालय एवं संबंधित संस्थानों के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी। विभाग ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे आगामी सूचना के लिए कार्यालय के सूचना पट्ट का नियमित अवलोकन करते रहें, ताकि नई तिथि की जानकारी समय पर प्राप्त हो सके।

### निकिता ने यूजीसी नेट परीक्षा में रचा कीर्तिमान

अनंत ज्ञान, सरकाघाट । धर्मपुर उपमंडल के गांव बहरी की होनहार बेटी निकिता ठाकुर ने यूजीसी-नेट परीक्षा (राजनीति विज्ञान) में 191 अंक और 97 प्रतिशताइल हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। निकिता ठाकुर ने अपनी दसवीं की शिक्षा राजकीय उच्च विद्यालय बहरी से तथा बारहवीं की पढ़ाई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धर्मपुर से पूरी की। इसके बाद उन्होंने स्नातक की डिग्री वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी से प्राप्त की। मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर निकिता ने यह महत्त्वपूर्ण सफलता अर्जित की है। निकिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और मित्रों को दिया है। उन्होंने कहा कि निरंतर परिश्रम और सकारात्मक सोच से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। क्षेत्र के शिक्षाविदों और गणमान्य व्यक्तियों ने निकिता ठाकुर को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र की अन्य छात्राओं को भी प्रेरणा मिलेगी।

### स्मार्ट मीटर को लेकर बैठक 17 फरवरी को

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। सहायक अभियंता, विद्युत उप-मंडल सरकाघाट ई0 राज सिंह ने बताया कि विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार तथा हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड के निर्देशानुसार विद्युत उपभोक्ताओं में स्मार्ट मीटर के प्रति जागरूकता एवं विश्वास बढ़ाने तथा प्रीपेड स्मार्ट मीटर अपनाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 9 फरवरी से 23 फरवरी तक देशभर में स्मार्ट मीटर पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में विद्युत उप-मंडल सरकाघाट द्वारा 17 फरवरी को लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह, सरकाघाट में प्रातः 11:30 बजे जागरूकता बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, इसके लाभ, बिलिंग प्रणाली तथा उपभोक्ताओं की शंकाओं के समाधान संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बैठक में विद्युत उप-मंडल सरकाघाट के अंतर्गत आने वाले सभी विद्युत उपभोक्ताओं एवं आम जनता की सहभागिता अपेक्षित है, ताकि स्मार्ट मीटर से संबंधित सही जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके।

# कंचना गुलेरिया और रेखा देवी बनी प्रधान

## सरकाघाट के सफाई और सीवरेज मजदूरों ने बनाई यूनियन

अनंत ज्ञान



सरकाघाट के सफाई-सीवरेज मजदूरों ने यूनियन बनाई। अनंत ज्ञान

सरकाघाट। सरकाघाट नगर परिषद क्षेत्र, अस्पताल और सीवरेज ट्रिटमेंट प्लांट बर्छवाड़ और पपलोग में आउटसोर्स आधार पर कार्यरत दर्जनों सफाई मजदूरों ने सीटू से सबंधित यूनियन का गठन किया और नई कमेटियों का चुनाव सर्वसम्मति से किया। नगर परिषद क्षेत्र सरकाघाट के सफाई मजदूरों ने कुंता देवी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें सीटू के जिला प्रधान भी उपस्थित हुए।

बैठक में नई कमेटी का गठन किया गया, जिसमें कुंता देवी को सलाहकार, कंचना गुलेरिया को प्रधान, अमित कुमार को उपप्रधान, अंजना देवी सचिव, कैलाशी देवी सहसचिव, सविता को कोषाध्यक्ष व मितलेश, ममता और रीनू को कार्यकरिणी सदस्य चुना गया। बैठक में इसी महीने सभी सफाई मज़दूरों को यूनियन का सदस्य बनाया जायेगा और स्थानीय मांगों के बारे में एसडीएम और नगर परिषद के प्रशासक को मांगपत्र दिया जाएगा। सीटू जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह ने बताया कि बहुत से सफाई मजदूर बीस-बीस साल से ठेके पर काम कर रहे हैं, लेकिन इन्हें निर्धारित न्यूनतम वेतन ठेकेदार अदा नहीं कर रहे हैं और सरकार ने इन्हें नियमित करने के लिए कोई नीति अभी तक नहीं बनाई।

उधर, सरकाघाट रैफरल अस्पताल में कार्यरत सफाई कर्मचारियों ने भी यूनियन का गठन किया जिसमें रेखा देवी को प्रधान और अंजू को सचिव चुना गया। वहीं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बर्छवाड़ यूनियन कमेटी के प्रधान गुलशन कुमार और शालू को सचिव और पपलोग प्लांट कमेटी का प्रधान शननी और सचिव संतोष कुमार को बनाया गया है। उन्होंने कहा कि सीवरेज मजदूरों को हरमहीने वेतन नहीं दिया जाता है और उनका वेतन लंबे समय से नहीं मिल रहा है। इसलिए मजदूरों ने विभाग और ठेकेदार के खिलाफ सड़कों पर उतरने का निर्णय लिया है।

## मीटर रेंट के नाम पर करोड़ों की वसूली बंद करे सरकार: एनके पंडित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। मंडी में मीडिया से विशेष बातचीत करते हुए मंडी सदर कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एन के पंडित ने आरोप लगाया कि हिमाचल सरकार स्मार्ट मीटर और मीटर रेंट के नाम पर लाखों उपभोक्ताओं से करोड़ों रुपये वसूल रही है और इस खेल को तुरंत बंद किया जाए। बिलासपुर जिला से संबद्ध रखने वाले एन के पंडित ने कहा कि प्रदेश में घरेलू करीब 19 लाख, कमर्शियल 6 लाख और इंडस्ट्रियल 1 लाख, कुल लगभग 26 लाख उपभोक्ता हैं। उनका कहना है कि बाजार में



लगभग 1000 रुपये का मिलने वाला मीटर होने के बावजूद उपभोक्ताओं से हर माह औसतन 100 रुपये मीटर रेंट लिया जाए तो 26 लाख उपभोक्ताओं से करीब 26 करोड़ रुपये प्रति माह और लगभग 312 करोड़ रुपये सालाना वसूले जाते हैं। जिन मकानों को बने 25 साल हो चुके हैं, उनसे भी लगातार मीटर रेंट लिया जा रहा है। मण्डी सदर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता एन के पंडित ने ऊर्जा मंत्री और हिमाचल के मुखिया को पत्र लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि मीटर रेंट के नाम पर करोड़ों रुपये वसूलना बंद कर जनहित में निर्णय लिया जाए।

# यूजीसी और जातिगत आरक्षण समाज को तोड़ने की साजिश : राजीव परमार

अनंत ज्ञान

◆ कहा- देशभर में एससी एसटी एक्ट के 29 हजार केस फर्जी

ब्यूरो, मंडी। मंडी में समाजसेवी राजीव परमार ने यूजीसी के विरोध और जातिगत आरक्षण के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि मौजूदा आरक्षण व्यवस्था देश और समाज को लगातार बांटने का काम कर रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आरक्षण का आधार जाति नहीं बल्कि आर्थिक स्थिति होनी चाहिए, ताकि वास्तव में जरूरतमंद को लाभ मिल सके।

राजीव परमार ने कहा कि देश में आम जनजीवन में कहीं भी जाति दिखाई नहीं देती। जब कोई व्यक्ति दुकान से समोसा खरीदता है, चाय पीता है या बाजार में लेन-देन करता है, तो कोई यह नहीं पूछता कि उसकी जाति क्या है। किसी के घर में कौन प्रवेश करेगा या नहीं करेगा, यह उसका व्यक्तिगत निर्णय हो सकता है, लेकिन सार्वजनिक जीवन में जाति का कोई अस्तित्व नहीं है। जाति दिखाई देती है तो केवल प्रमाण पत्रों में, सरकारी सुविधाओं में और राजनेताओं के भाषणों में। उन्होंने आरोप लगाया कि यह एक सुनियोजित गणित है, जिसे राजनेता समाज को तोड़ने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। राजीव परमार ने कहा कि देशभर में एससी-एसटी एक्ट के लगभग 29 हजार मामले फर्जी पाए गए हैं, जिस पर सभी राजनीतिक दलों और नेताओं को जनता की अदालत में जवाब देना चाहिए कि ये मामले फर्जी कैसे साबित हुए और दोषियों पर क्या कार्रवाई हुई। उन्होंने आगे कहा कि यदि संसद में कानून एकतरफा सोच के साथ बनाए जाते हैं और समाज के हर वर्ग की बात नहीं सुनी जाती, तो ऐसे कानून अन्यायपूर्ण, तानाशाही प्रवृत्ति से प्रेरित और दुर्भावना से ग्रसित माने जाएंगे। उन्होंने इसे मानसिक बीमारी से ग्रसित कानून तक बताया। राजीव परमार ने मांग की कि अब समय आ गया है कि सरकार और नीति निर्माता जातिगत राजनीति छोड़कर आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करें, ताकि देश एकजुट रह सके और सामाजिक सौहार्द बना रहे।

# भाषण में नव्या व चित्र निर्माण प्रतियोगिता में देवयानी अव्वल



भाषण व चित्र निर्माण प्रतियोगिता के विजेता व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। हिमालय पब्लिक स्कूल पंडोह में स्वामी विवेकानंद के विचारों पर आधारित गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर अनुपमा सिंह (पूर्व प्रति-कुलपति, एसपीयू) उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष प्रेम भूषण शर्मा सहित समस्त शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अमित शर्मा ने मुख्य अतिथि के स्वागत और सरस्वती वंदना के साथ किया। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से भाषण तथा चित्र निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भक्ति गीत और लोकगीत ने सभी का मन मोह लिया। चित्र निर्माण प्रतियोगिता में देवयानी प्रथम, उपासना द्वितीय और कनिष्का तृतीय रहीं, जबकि भाषण प्रतियोगिता में नव्या प्रथम, जतिन द्वितीय और केतांशी तृतीय स्थान पर रहे।

प्रोफेसर अनुपमा सिंह ने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए विकसित भारत 2047 में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपनाकर व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया।

## विधायक दलीप ठाकुर ने कांग्रेस सरकार की नीतियों पर उठाए सवाल

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। भारतीय जनता पार्टी मंडल सरकाघाट एवं बलद्वाड़ा की संयुक्त मासिक बैठक भाजपा मंडल सरकाघाट अध्यक्ष पवन ठाकुर तथा बलद्वाड़ा मंडल अध्यक्ष बासुदेव नड्डा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सरकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित जनसमस्याओं, संगठनात्मक विषयों एवं स्थानीय मुद्दों को प्रमुखता से रखा। साथ ही आगामी पार्टी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और उनकी सफल क्रियान्विति के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश तय किए गए। विधायक दलीप ठाकुर ने बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मनरेगा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जनता को गुमराह कर रही है और वास्तविक तथ्यों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर विधायक ने 'विकसित भारत-रोज़गार और आजीविका मिशन (ग्रामीण)' योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प देश को आर्थिक, सामाजिक एवं तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची की शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। इस विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत मतदाता सूची का घर-घर सत्यापन किया जाएगा, ताकि फर्जी, डुप्लीकेट एवं अपात्र मतदाताओं के नाम हटाए जा सकें तथा पात्र मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े जा सकें।

# 1-5 अप्रैल तक चलेगा जोगिंद्रनगर का राज्यस्तरीय लघु शिवरात्रि मेला

अनंत ज्ञान

◆ देवी-देवताओं को भेजा जाएगा निमंत्रण, चार सांस्कृतिक संध्याएं भी होंगी आयोजित

जोगिंद्रनगर। जोगिंद्रनगर का राज्यस्तरीय लघु शिवरात्रि मेला 1 से 5 अप्रैल तक पूरे धार्मिक श्रद्धा व रीति-रिवाज के साथ मनाया जाएगा। प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी मेले में शामिल होने के लिए देवी-देवताओं को विधिवत निमंत्रण भेजा जाएगा। मेले के दौरान चार भव्य सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें से एक संध्या स्थानीय कलाकारों को समर्पित रहेगी। बैठक में गत वर्ष आयोजित मेले का आय-व्यय विवरण भी प्रस्तुत किया गया।

मेले के सफल आयोजन को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए मेला समिति के अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी ने बताया कि इस वर्ष भी राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला 1 से 5 अप्रैल तक धार्मिक आस्था, परंपरा और उल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेला समिति के पास पंजीकृत लगभग 115 देवी-देवता हैं, जिन्हें मेले में शामिल होने के लिए औपचारिक आमंत्रण भेजा जाएगा।उन्होंने बताया कि मेले के दौरान चार सांस्कृतिक संध्याएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही खेल-कूद प्रतियोगिताएं, छिंज और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी मेले का आकर्षण रहेंगे। यदि पर्याप्त विज्ञापन प्राप्त होते हैं तो मेले की स्मारिका का प्रकाशन भी किया जाएगा। मेले के सफल संचालन के लिए विभिन्न उपसमितियों का गठन किया जाएगा। इस बार मेला स्थल का आवंटन निविदा प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। एसडीएम ने मेले के दौरान स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नगर परिषद, पेयजल आपूर्ति के लिए जलशक्ति विभाग, निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए संबंधित विभाग तथा स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता के लिए स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से मेले के सफल आयोजन हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया।

बैठक में बीडीओ चौंतड़ा अनुभव, तहसीलदार जोगिंद्रनगर रजत सेठी, तहसीलदार लड़भड़ोल डॉ. मुकुल शर्मा, एसएचओ सकीनी कपूर, व्यापार मंडल के सचिव सतबीर शर्मा, प्रेस क्लब के अध्यक्ष कैलाश चंद सहित कई उपस्थित रहे।

**अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव** छोटी काशी साहित्य उत्सव के नाम से संकन गार्डन में होगा आयोजन, उपायुक्त ने जारी किया पोस्टर

# मंडी का प्रथम लिटरेचर फेस्टिवल आज

अनंत ज्ञान



मुख्य अतिथि को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

अनिल शर्मा, मंडी। अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव को लेकर 12 फरवरी को देर सायं आयोजित पत्रकारवार्ता में उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि इस वर्ष महोत्सव में एक नया आयाम जोड़ते हुए 14 फरवरी को मंडी का प्रथम लिटरेचर फेस्टिवल आयोजित किया जा रहा है, जिसे छोटी काशी साहित्य उत्सव नाम दिया गया है।

उन्होंने इस अवसर पर उत्सव का आधिकारिक लोगो भी जारी किया। उपायुक्त ने कहा कि ऐतिहासिक मंडी नगर अपनी स्थापना के 500वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है और इसकी समृद्ध सांस्कृतिक एवं साहित्यिक विरासत को समर्पित यह आयोजन विशेष महत्व रखता है। मंडी से अनेक प्रतिष्ठित लेखक जुड़े रहे हैं और यहां की साहित्यिक परंपरा अत्यंत समृद्ध है। धर्मशाला, कसौली और शिमला में साहित्य उत्सव आयोजित होते रहे हैं, लेकिन मंडी में ऐसा आयोजन न होना खटक रहा था। इसी सोच के साथ इस वर्ष महोत्सव के अंतर्गत साहित्य उत्सव को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन 14 फरवरी को संकन गार्डन में होगा तथा सुप्रसिद्ध लेखक राजा भसीन प्रथम लिटरेचर फेस्टिवल का उद्घाटन करेंगे। प्रशासन का प्रयास रहेगा कि यह फेस्टिवल आगे चलकर और विस्तृत स्वरूप ले तथा स्थायी पहचान बनाए।

उत्सव के अंतर्गत पांच सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रथम सत्र में मंडयाली लोक साहित्य एवं समकालीन साहित्य विषय पर चर्चा होगी। दूसरे सत्र में कैमरा, मंडी कलम और रंगमंच के माध्यम से मंडी की कलात्मक अभिव्यक्ति पर संवाद आयोजित किया जाएगा। तीसरे सत्र में किस्सों की विरासत -लोक कथा से बाल कथा तक विषय पर विचार-विमर्श होगा।

चौथे सत्र में युवा लेखन एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर चर्चा की जाएगी, जबकि पांचवें सत्र में प्राचीन पारंपरिक साहित्यिक शैलियों के विकास पर विमर्श होगा। इसके अतिरिक्त साहित्य क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। सायंकाल गजल संध्या भी कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहेगी।

### कल दूसरी ब्यास आरती

उपायुक्त ने बताया कि 15 फरवरी को दूसरी ब्यास आरती का आयोजन भी किया जाएगा। इस आरती का संचालन करने के लिए बनारस से पांच विद्वान आमंत्रित किए गए हैं। पत्रकारवार्ता में महोत्सव की तैयारियों, विभिन्न आयोजनों और व्यवस्थाओं की रूपरेखा पर भी विस्तार से जानकारी दी गई।

## मंडी नगर के पांच सौ वर्षों की यात्रा पर आयोजित होगा मंडी कला उत्सव

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव-2026 के अवसर पर इस वर्ष मंडी नगर की 500 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा पूर्ण होने का गौरवपूर्ण उत्सव भी मनाया जा रहा है। देवभूमि हिमाचल की छोटी काशी मंडी में आयोजित होने वाला यह महोत्सव आस्था, परंपरा और लोक-संस्कृति का जीवंत संगम है, जहां देवी-देवताओं की सहभागिता के साथ देश-विदेश से कला, संगीत और जन-उत्सव का अनूठा स्वरुप देखने को मिलता है।

नगर निगम के आयुक्त रोहित राठौर ने बताया कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि को स्मरणीय एवं जन भागीदारी से समृद्ध बनाने के उद्देश्य से नगर निगम मंडी द्वारा 'मंडी कला उत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत शहर के ऐतिहासिक एवं प्रमुख स्थलों जैसे इंदिरा मार्किट, संकन गार्डन व आस-पास के अन्य चयनित क्षेत्रों में वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता शिवरात्रि की आध्यात्मिक चेतना, मण्डी की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक-देवताओं की परंपरा तथा आधुनिक सृजनात्मक अभिव्यक्ति को इन चित्रों के माध्यम से जनमानस तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग के युवा कलाकार भाग ले सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागी 15 फरवरी को सायं 5.00 बजे तक अपने आवेदन अपनी पहले बनाई गई कलाकृतियों (आर्ट वर्क) के छायाचित्र सहित ई-मेल mandi-artfestival@gmail.com पर भेज सकते हैं।

उन्होंने बताया कि प्राप्त कलाकृतियों के छायाचित्र की विधिवत जांच व छंटनी उपरांत ही चयनित आवेदकों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 17 फरवरी, से आरंभ होकर 18 फरवरी को संपन्न होगी। शॉर्टलिस्ट किए गए प्रतिभागियों व टीमों को नगर निगम मंडी द्वारा ठहरने एवं भोजन की आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### बिलासपुर कॉलेज में 17-18 को राष्ट्रीय सम्मेलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर और इंग्लिश टीचर्स फोरम हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में 17-18 फरवरी को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित होगा। प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने बताया कि 'इंडिजेंस इंप्रूट्सः रेविसिटिंग फोक, ट्राइबल, रीजनल अंड वर्नाक्युलर लिटरेचर्स' विषय पर केंद्रित इस सम्मेलन का उद्देश्य भारत की लोक, जनजातीय व क्षेत्रीय साहित्यिक परंपराओं का पुनरावलोकन करना है। मुख्य वक्तव्य गणेश नारायणदास देवी देंगे, जो सोमईया विद्याविहार यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर एमिनेंस एवं निदेशक हैं और भारतीय भाषाओं पर अपने कार्य के लिए प्रसिद्ध हैं। समापन सत्र को दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. कृष्णन उन्नी पी. संबोधित करेंगे। सम्मेलन में 52 प्रतिभागी भाग लेंगे तथा छह समानांतर तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे, जो अकादमिक संवाद व अंतःविषय विमर्श को मंच प्रदान करेंगे।

### मुकेश क्रिकेट टूर्नामेंट में बतौर मुख्यातिथि होंगे शामिल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 14 फरवरी (शनिवार) को ऊना जिले के एकदिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सायं 3 बजे चौधरी स्पोर्ट्स क्लब, बीटन द्वारा शहीदों की स्मृति में आयोजित 11वें मेगा क्रिकेट टूर्नामेंट के पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री का रात्रि ठहराव गोंदपुर जयचंद में रहेगा।

### मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना से मरयाणी में हरित बदलाव

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं के मरयाणी क्षेत्र (भराड़ी वन रेंज) में मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना के तहत 5 हेक्टेयर वन भूमि पर 5,500 फलदार व औषधीय पौधे रोपित किए गए हैं। कभी आगजनी व पेड़ों की कमी से प्रभावित रहा यह क्षेत्र अब पुनः हरियाली की ओर लौट रहा है, जिससे पर्यावरण संरक्षण व जैव विविधता को मजबूती मिली है। योजना के अंतर्गत आंवला, हरड़, बहेड़ा, अर्जुन, कचनार, शीशम व खैर जैसे पौधे लगाए गए हैं। पौधों की सुरक्षा के लिए बाड़बंदी व वर्षा जल संरक्षण के लिए ट्रेंच बनाए गए हैं, जिससे नमी बनी रहती है व पौधों की वृद्धि बेहतर हुई है। इस पहल से स्थानीय स्तर पर रोजगार भी सृजित हुआ है। महिला समूह की प्रधान मीरा देवी सहित छह महिलाएं पौधों की देखरेख कर रही हैं। इससे उनमें पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ी है। उनका विश्वास है कि 3-4 वर्षों में यह क्षेत्र घने वन का रूप ले लेगा। वन मंडलाधिकारी राजीव कुमार के अनुसार वर्ष 2025-26 में बिलासपुर वन मंडल के भराड़ी व सदर परिक्षेत्र में 15 हेक्टेयर भूमि पर 16,500 पौधे रोपे गए हैं, जिन पर लगभग 10 लाख रुपए व्यय किए जा रहे हैं। डीसी राहुल कुमार ने कहा कि योजना को सामुदायिक भागीदारी से प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है, जिससे दीर्घकालिक पर्यावरणीय लाभ सुनिश्चित होंगे।

### बुजुर्ग दुकानदार के बैग से बाइक सवार ने निकाले पैसे

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** वीरवार को थाना चिंतपूर्णी के अंतर्गत चंबी बाजार में एक बुजुर्ग दुकानदार से एक अज्ञात बाइक सवार युवक 1 लाख 51 हजार 500 रुपए की नकदी लेकर फरार हो गया। शातिर चोर ने काउंटर पर रखे बैग को हाथ नहीं लगाया, बल्कि बड़ी ही सफाई से बैग के अंदर से पैसे निकाले और भाग गया। बुजुर्ग दुकानदार ने तुरंत युवक का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन वह उसे पकड़ने में असफल रहे। बताया जा रहा है कि पुलिस को सूचना देने में हुई देरी के कारण आरोपी मौके से भागने में सफल रहा। दुकानदार ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा एलआईसी में कार्यरत है। बेटा आज सुबह ही काम के सिलसिले में लुधियाना गया था और जाने से पहले उसने यह राशि अपने पिता को दी थी, जिसे बाद में अंब पहुंचाया जाना था। घटना की सूचना मिलते ही इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर महेंद्र सोनी और कांस्टेबल ऋषभ ने मौके पर पहुंचकर दुकानदार के बयान दर्ज किए। पुलिस टीम बाजार में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है, ताकि बाइक सवार की पहचान की जा सके। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को सलाखों के पीछे होगा।

### एलआईसी में बीमा सलाहकार के भरे जाएंगे 50 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** एलआईसी शाखा कार्यालय ऊना द्वारा बीमा सलाहकार के 50 (अस्थायी) पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 17 फरवरी को सुबह 10.30 बजे उप रोजगार कार्यालय हरोली में लिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि बीमा सलाहकार पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण व अनुत्तीर्ण व न्यूनतम आयु 18 वर्ष रखी गई है। इसके अलावा पहले तीन वर्षों के लिए 7 हजार प्रतिमाह(महिला) और 5 हजार प्रतिमाह(पुरुष) सहित इंसेंटिव दिया जाएगा। योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट आकार की फोटो, मूल प्रमाण पत्र एवं बायोडाटा की कॉपी सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 01975-226192, 79860-17859 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अलावा साक्षात्कार में आने जाने का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

### प्रवीण लाडली फाउंडेशन की कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** लाडली फाउंडेशन की राज्य अध्यक्ष शालू व राज्य महासचिव बीए शाह की सहमति से जिला ऊना से समाजसेविका प्रवीण चौधरी को लाडली फाउंडेशन हिमाचल प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया है। प्रवीण चौधरी कई वर्षों से प्रमुख सामाजिक संस्था रेनबो स्टार क्लब, सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच एव लाडली फाउंडेशन के साथ मिलकर सामाजिक कुरीतियों को जड़ से उखाड़ने के लिए हमेशा कटिबद्ध रही हैं। महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, पर्यावरण संरक्षण, वन संपदा संरक्षण, कुष्ठरोग की जागरूकता, कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम जैसे सामाजिक कार्यों में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई है लाडली फाउंडेशन हिमाचल प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण चौधरी का कहना है कि भविष्य में उनका यही उद्देश्य है कि कहीं भी कोई सामाजिक विसंगती न हो। कोई भी गरीब भूखा न सोए व कमजोर वर्ग को न्याय मिले इसके लिए वह हमेशा प्रयासरत रहेंगी।

### प्रोमिला ने चिट्टा रोकथाम पर साझा किए विचार

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता में प्रोटेक्टिव एजिंग कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय उपमंडलीय स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की मुख्यातिथि एसडीएम झंडूता अर्शिया शर्मा रहीं। इसमें वरिष्ठ नागरिकों, विद्यार्थियों व विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में आयुष विभाग द्वारा प्राणायाम सत्र व स्वास्थ्य शिविर, मानसिक स्वास्थ्य पर अभिमुखीकरण, यूको बैंक के प्रबंधक अनुपम द्वारा डिजिटल साक्षरता, तथा पुलिस विभाग द्वारा साइबर सुरक्षा जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। पंचायतीराज विभाग ने आजीविका सुदृढ़ीकरण पर मार्गदर्शन दिया, जबकि जिलाधिकारी प्रोमिला ने चिट्टा रोकथाम पर विचार साझा किए। मानव सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश बंसल ने अंतर-पीढ़ी संवाद पर बल दिया।

### प्रधानाचार्य वरुण शर्मा का भव्य अभिनंदन

**अनंत ज्ञान, लठियानी।** उपमंडल के डीएवी पब्लिक स्कूल लठियानी में वरुण शर्मा ने आधिकारिक रूप से प्रधानाचार्य का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने हिमाचली शाल, टोपी और केक काटकर उनका भव्य स्वागत किया। अपने संबोधन में वरुण शर्मा ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नैतिक मूल्यों और अनुशासन पर जोर देते हुए शिक्षा को केवल परीक्षाओं तक सीमित न रखने का आह्वान किया। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से टीमवर्क के साथ कार्य करने की अपील की ताकि विद्यालय राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों को छू सके। कार्यकारी प्रधानाचार्य सुमन सैनी व स्टाफ ने उनके दूरदर्शी नेतृत्व में विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य का संकल्प लिया।

### नलवाड़ी मेले को भव्य बनाने के लिए तैयारियां तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला-2026 को भव्य बनाने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 17 से 23 मार्च तक आयोजित होने वाले मेले के सफल संचालन के लिए अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर की अध्यक्षता में कल्चरल सब कमेटी की बैठक आयोजित हुई। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा व कलाकार चयन की पारदर्शी प्रक्रिया पर चर्चा की गई। इस वर्ष पहली बार 'वॉयस ऑफ बिलासपुर' प्रतियोगिता शुरू की जा रही है, जिसमें 16 से 30 वर्ष आयु वर्ग के जिला स्तरीय प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। प्रारंभिक ऑडिशन 28 फरवरी 2026 को भाषा एवं संस्कृति विभाग के ऑडिटोरियम में होंगे, जहां से 15 प्रतिभागी चयनित कर उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। अंतिम 8 प्रतिभागी मुख्य मंच पर प्रस्तुति देंगे। जिला स्तरीय ऑडिशन 2 और 3 मार्च को विभिन्न उपमंडलों में तथा प्रदेश स्तरीय ओपन ऑडिशन 5 मार्च को आयोजित होंगे।

# तस्करी कर प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों की लकड़ी पंजाब ले जाते छह वाहन जब्त

अनंत ज्ञान



प्रतिबंधित लकड़ी के साथ पकड़े गए वाहन। अनंत ज्ञान

**गगरेट।** बहुमूल्य वनसंपदा की तस्करी कर इसे पंजाब की लकड़ी मंडियों में ले जा रहे छह वाहन वन विभाग की मुस्तैदी से हिमाचल-पंजाब की सीमा से कुछ दूर पहले पकड़े गए हैं।

इनमें से चार वाहन मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के गृह विधानसभा क्षेत्र से संबंधित हैं, तो दो वाहन मुख्यमंत्री की पत्नी कमलेश ठाकुर के विधानसभा क्षेत्र देहरा से संबंधित हैं। वन विभाग ने बिना वैध कागजात प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी लेकर पंजाब जा रहे इन वाहनों को लकड़ी सहित जब्त कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। बेशक हिमाचल प्रदेश में प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ काटना मना है, लेकिन वन विभाग के नाक तले ही प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों का कटान जारी है। इसका खुलासा वीरवार-शुक्रवार रात्रि वन विभाग की कार्रवाई में ही हुआ है। वन विभाग की टीम ने गगरेट के समीप नाका लगाया हुआ था कि इस दौरान कुछ पिकअप जीप आती दिखाई दी। इन्हें रोककर जब तलाशी ली गई, तो गाड़ियों में प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी पाई गई। जिन पेड़ों की लकड़ी इन वाहनों में लदी थी उन्हें काटने की वन विवाग भी अनुमति नहीं देता। यही नहीं बल्कि वन संपदा को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने के लिए भी वन विभाग ही अनुमति प्रदान करता है।

इन वाहनों के पास यह अनुमति भी नहीं थी। खास बात यह भी है कि नादौन व देहरा से प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी लेकर चली छह गाड़ियां आसानी से हिमाचल-पंजाब की सीमा के समीप पहुंच गईं लेकिन रास्ते में इनकी कहीं भी जांच नहीं हो पाई। अगर गगरेट में भी वन विभाग की टीम ने मुस्तैदी न दिखाई होती तो छह गाड़ियां तस्करी की लकड़ी लेकर आसानी से पंजाब की सीमा में प्रवेश कर जातीं।

वन विभाग की टीम ने इन सभी गाड़ियों को लकड़ी सहित जब्त कर लिया है। वन मंडल अधिकारी सुशील राणा का कहना है कि वन संपदा की तस्करी को रोकने के लिए वन विभाग मुस्तैद है। यह मुस्तैदी का ही नतीजा है कि छह वाहन पंजाब को लकड़ी ले जाते पकड़े गए हैं।

## योगासन व प्राणायाम का अभ्यास किया

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के तहत आयुष आरोग्य मंदिर नाहरी देवी सिंह के योगा ट्रेनर उदय उपमन्यु द्वारा गांव बग्गी तथा आंगनबाड़ी केंद्र में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों, महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। योगा ट्रेनर उदय उपमन्यु ने उपस्थित लोगों को बताया कि नियमित योगाभ्यास से अनेक शारीरिक व मानसिक रोगों से बचाव संभव है। उन्होंने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक तनाव, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा और जोड़ों के दर्द जैसी समस्याओं से भी राहत दिलाने में सहायक है। उन्होंने प्रतिभागियों को प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपालभाति तथा सूक्ष्म व्यायाम के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट योग करने की सलाह दी। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविरों से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नियमित रूप से योग करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

## अडानी फाउंडेशन की पहल-बरमाना में नशा निवारण जागरूकता दिवस, 25 स्कूलों के प्रिंसिपल हुए शामिल



नशा निवारण जागरूकता दिवस में उपस्थित लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** अडानी फाउंडेशन गागल सीमेंट वर्क्स बरमाना द्वारा एसीसी डीएवी पब्लिक स्कूल बरमाना के सहयोग से नशा निवारण जागरूकता दिवस का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सदर उपमंडल के 25 विद्यालयों के प्राचार्यों ने भाग लेकर नशा उन्मूलन के मुद्दे पर गंभीर मंथन किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि जिला उपायुक्त राहुल कुमार रहे, जबकि विशेषातिथि के रूप में उच्च शिक्षा विभाग के डिप्टी डायरेक्टर रेनु कौशल उपस्थित रहीं। डीएवी स्कूल प्रबंधन ने अगस्त माह से संचालित अभियान निजात के तहत किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी साझा की। एचआर क्लस्टर हेड सजीव शंकर व सीएसआर हेड हितेंद्र कपूर ने इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने सहित नियमित परामर्श सत्र आयोजित करने तथा अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया जा रहा है, ताकि अन्य विद्यालय भी इस पहल को अपनाकर नशे की कड़ी को तोड़ सकें। उन्होंने सभी विद्यालय को इस मुहिम को अमलीजामा पहनाने के लिए अडानी फाउंडेशन हर संभव मदद करेगा। इस दौरान सुरक्षा विभाग के एसओडी ने 5-एस टूल के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी देते हुए बताया कि इससे विद्यालयों में अनुशासन, स्वच्छता व सुरक्षा संस्कृति को मजबूत किया जा सकता है।

मुख्यातिथि ने शिक्षकों से आह्वान किया कि क्षेत्र में फैल रहे 'चिट्टा' जैसे खतरनाक नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान को और तेज किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की सजग भूमिका से ही समाज को नशामुक्त दिशा दी जा सकती है। कार्यक्रम में अडानी फाउंडेशन की इस सामाजिक पहल की सराहना की गई और सामूहिक प्रयासों से नशे पर नियंत्रण का संकल्प लिया गया।

## 'भारत कोकिला' सरोजिनी नायडू की 147वीं जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान



**गगरेट।** शहीद भगत सिंह क्लब गगरेट के सदस्यों द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला नागनाथ मे भारत की प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, कवयित्री व देश की प्रथम महिला राज्यपाल सरोजिनी नायडू की 147वीं जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर क्लब सदस्यों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा बच्चों मे मिठाई वितरित की। क्लब के प्रधान मुनीष ठाकुर ने सरोजिनी नायडू के जीवन एवं स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरोजिनी नायडू का जन्म 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में एक बंगाली परिवार मे हुआ था और छोटी उम्र में असाधारण कौशल से पूरी दुनिया में नाम कमाया। सरोजिनी नायडू ने एक कवयित्री, सामाजिक कार्यकर्ता और नारीवाद के रूप में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए कई कार्य किए। सरोजिनी नायडू ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 1925 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्ष बनने वाली पहली महिला थीं। कविताएं लिखने में उनका सुंदर कौशल था। इसके लिए लोग उन्हें प्यार से 'भारत कोकिला' कहते हैं। उन्होंने प्रेम, देशभक्ति और त्रासदी समेत कई विषयों पर कई कविताएं लिखी हैं। उनके अद्भुत लेखन कौशल ने उन्हें दो सर्वश्रेष्ठ संस्थानों, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय और इंग्लैंड के किंग्स कॉलेज में अध्ययन करने का अवसर प्रदान किया गया।

## ऊना 'हर घर नल से जल' में अग्रणी

### जिले ने हासिल किया 100 फीसदी कार्यात्मक नल कनेक्शन लक्ष्य

अनंत ज्ञान



जल जीवन मिशन पर आधारित बैठक करते डीसी। अनंत ज्ञान

**ऊना।** ऊना जिला ने ग्रामीण पेयजल आपूर्ति के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए सभी ग्रामीण परिवारों को शत-प्रतिशत कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध करवा दिए हैं। जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त जतिन लाल ने इसकी पुष्टि की।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए डीसी ने कहा कि शत-प्रतिशत कार्यात्मक नल कनेक्शन की उपलब्धि जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि शत-प्रतिशत कार्यात्मक नल कनेक्शन का लक्ष्य प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप जिला प्रशासन, जल शक्ति विभाग और ग्रामीण समुदाय के सामूहिक प्रयासों से हासिल किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि इस उपलब्धि को निरंतर बनाए रखते हुए जल आपूर्ति की गुणवत्ता, नियमितता तथा दीर्घकालीन जल स्रोत संरक्षण को समान प्राथमिकता दी जाए। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक परिवार तक प्रतिदिन स्वच्छ, पर्याप्त और निर्बाध पेयजल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इसके लिए जमीनी निरीक्षण व्यवस्था, तकनीकी मॉनिटरिंग तथा जवाबदेही तंत्र को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर लंबित प्रविष्टियों को समयबद्ध पूर्ण करने तथा नियमित जल गुणवत्ता परीक्षण को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश भी दिए। सदस्य सचिव व अधिशाषी अभियंता, जल शक्ति विभाग शशि कांत ने बैठक में बताया कि जिले के सभी ग्रामीण परिवारों तक कार्यात्मक नल कनेक्शन पहुंच चुके हैं। उन्होंने योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, संस्थागत कवरेज तथा जल गुणवत्ता निगरानी प्रणाली की विस्तृत जानकारी भी प्रस्तुत की। बैठक में जल शक्ति विभाग वृत्त ऊना के सभी अधिशासी अभियंता, उपनिदेशक उच्च शिक्षा अनिल, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा सोम लाल धीमान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बढ़ते कर्ज के लिए वर्तमान व पूर्व दोनों सरकारें जिम्मेदार : बृज लाल शर्मा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल किसान एवं जन कल्याण सभा के प्रदेश अध्यक्ष बृज लाल शर्मा ने प्रदेश की बिगड़ती आर्थिक स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि हिमाचल पर बढ़ते कर्ज के लिए वर्तमान व पूर्व दोनों सरकारें समान रूप से जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि वित्तीय अनुशासन व दीर्घकालिक रणनीति के अभाव में प्रदेश पर करीब 1.10 लाख करोड़ रुपए का कर्ज चढ़ चुका है। आरडीजी (रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट) की समाप्ति पहले से ज्ञात थी, क्योंकि वित्त आयोग ने 31 मार्च के बाद इसके बंद होने का संकेत दिया था। इसके बावजूद सरकारों ने आय के स्थायी स्रोत विकसित करने व खर्चों की समीक्षा करने के ठोस प्रयास नहीं किए। शर्मा ने आरोप लगाया कि लोकलुभावन घोषणाओं, गैर-जरूरी नियुक्तियों व बढ़ते प्रशासनिक खर्चों ने राजकोष पर अतिरिक्त बोझ डाला है।

## आरडीजी पर केंद्र का रुख स्पष्ट करें नड्डाः संदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया कॉर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से हिमाचल को मिलने वाली रेवन्यू डेफिसिट ग्रांट पर स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत मिलने वाली यह ग्रांट प्रदेश का अधिकार है, कोई अनुग्रह नहीं। सांख्यान ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में हिमाचल को लगभग 54,296 करोड़ रुपए की ग्रांट मिली, जबकि कांग्रेस सरकार बनने के बाद तीन वर्षों में केवल 17,563 करोड़ रुपए दिए गए। उन्होंने वित्तीय वर्षवार आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा कि हाल के वर्षों में ग्रांट में कमी आई है। उन्होंने नड्डा से प्रश्न किया कि क्या प्रदेश में सरकार बदलने के कारण केंद्र का रवैया बदला है। सांख्यान ने कहा कि हिमाचल की जनता इस विषय पर केंद्र सरकार का स्पष्ट जवाब चाहती है।

## ग्राम-ग्राम गूंजा शिव संदेश, 8वें दिन रथयात्रा ने जगाई आध्यात्मिक चेतना

अनंत ज्ञान

**ऊना।** ब्रह्मकुमारीज दुलेहड़ द्वारा आयोजित शिव संदेश रथयात्रा ने अपने आठवें दिन, शुक्रवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचकर आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया।

रथयात्रा लालूवाल, हीरा, पूबोवाल, कुठार, बेलना, गोंदपुर और सिंगा सहित अनेक ग्रामों में पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। रथ के गाँवों में प्रवेश करते ही वातावरण भक्तिमय भजनों और शिव संदेश से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम के दौरान बीके बबीता दीदी ने ग्रामवासियों को परमपिता परमात्मा शिव का शांति, प्रेम और पवित्रता का संदेश देते हुए राजयोग ध्यान की सरल एवं सहज विधि समझाई। उन्होंने कहा कि आज के भागदौड़ भरे और तनावपूर्ण जीवन में मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन बनाए रखने के लिए राजयोग एक प्रभावी माध्यम है। ध्यान के माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर सकारात्मक ऊर्जा और आत्मविश्वास का अनुभव कर सकता है। इस अवसर पर बीके अवधेश ने अपने संबोधन में कहा कि जब मन सकारात्मक विचारों से परिपूर्ण होता है और आत्मा सशक्त बनती है, तो उसका प्रभाव परिवार और समाज दोनों पर पड़ता है।

उन्होंने बताया कि आध्यात्मिक जागरूकता से न केवल व्यक्तिगत जीवन में सुधार आता है, बल्कि सामाजिक समरसता और सौहार्द भी मजबूत होता है। रथयात्रा के दौरान कई स्थानों पर ग्रामीणों ने सामूहिक ध्यान का अभ्यास किया और अपने अनुभव साझा किए। ग्रामवासियों ने इस पहल को समाज में नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ करने वाला कदम बताया।

## पीजीआई में 60 मेरिटोरियस ने लिया प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान



प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

**बड़ूही, ।** जिला ऊना के हेल्थकेयर ट्रेड के 60 मेरिटोरियस विद्यार्थियों ने 10 से 12 फरवरी तक पीजीआई चंडीगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेकर महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित व्यावहारिक व तकनीकी ज्ञान से अवगत कराना था, ताकि वे भविष्य में चिकित्सा क्षेत्र में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें।

प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को ओपीडी, नर्सिंग विभाग, विभिन्न प्रयोगशालाओं तथा आपातकालीन सेवाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन करने का अवसर मिला। पीजीआई के विशेषज्ञ डॉक्टरों व प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों, रोगों की पहचान, उपचार प्रक्रिया तथा स्वास्थ्य सुरक्षा मानकों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों ने अस्पताल की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा व स्वास्थ्य सेवाओं में टीमवर्क व अनुशासन के महत्व को जाना। इस अवसर पर एस्कॉर्ट शिक्षक निकिता ठाकुर, रेनू शर्मा, शिखा शर्मा व शिवानी भी विद्यार्थियों के साथ मौजूद रहीं। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के कौशल विकास, आत्मविश्वास वृद्धि तथा करियर मार्गदर्शन के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि वास्तविक कार्यस्थल का अनुभव विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य तय करने में मदद करता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला ऊना के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बेहड़ जसवां, धर्मशाला महंता, नेहरियां, बढ़ेरा राजपूतान, तलमेहड़ा, देहलां, धुसरा, संतोखगढ़ (ऊना), जखेड़ा, ऊना, मंदली, हरोली तथा लठियाणी शामिल हैं। जिला शिक्षा विभाग ने इस सफल आयोजन के लिए पीजीआई चंडीगढ़ प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई है।

**महत्व** मुख्यमंत्री का बिलासपुर को दोहरा तोहफा: दूरदर्शी नेतृत्व में खेल व स्वास्थ्य को नई ऊर्जा

# स्पोर्ट्स हॉस्टल की बढ़ी क्षमता, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला निखरेगी

अनंत ज्ञान



स्पोर्ट्स हॉस्टल बिलासपुर। अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** हिमाचल के मुख्यमंत्री सुक्खू ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि उनकी सरकार प्रदेश के संतुलित व समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हाल ही में आयोजित कैबिनेट बैठक में बिलासपुर जिले को दो महत्वपूर्ण सौगातें देकर उन्होंने जिले के प्रति अपने विशेष स्नेह, संवेदनशीलता व दूरदर्शी सोच का परिचय दिया है।

खेल व स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में लिए गए ये निर्णय न केवल विकास की नई इबारत लिखेंगे, बल्कि हजारों परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ भी पहुंचाएंगे। कैबिनेट ने बिलासपुर जिले के लुहणू स्थित स्पोर्ट्स हॉस्टल की बेड क्षमता 80 से बढ़ाकर 100 करने को मंजूरी दी है। यह निर्णय मुख्यमंत्री की युवाओं के भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सुक्खू स्वयं खेल व युवा शक्ति के महत्व को समझते हैं और प्रदेश में खेल संस्कृति को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। अतिरिक्त 20 बेड की सुविधा से

अनंत ज्ञान स्पैशल

अब अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आवासीय प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों के उभरते खिलाड़ी, जो संसाधनों के अभाव में पीछे रह जाते थे, अब बेहतर सुविधाओं के साथ आगे बढ़ सकेंगे। यह निर्णय बिलासपुर को खेल मानचित्र पर और मजबूत स्थान दिलाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। दूसरी महत्वपूर्ण मंजूरी क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर स्थित जिला एकीकृत जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला के लिए आधुनिक उपकरणों की खरीद से संबंधित है। मुख्यमंत्री का मानना है कि स्वास्थ्य सेवाएं आम जनता का अधिकार हैं, सुविधा नहीं।

अत्याधुनिक जांच उपकरणों की उपलब्धता से रोगों की समय पर व सटीक पहचान संभव होगी। इससे मरीजों को बड़े शहरों के अस्पतालों की ओर भटकना नहीं पड़ेगा और जिला स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। यह कदम सरकार की जनकल्याणकारी सोच व स्वास्थ्य क्षेत्र को प्राथमिकता देने की नीति को स्पष्ट करता है। मुख्यमंत्री सुक्खू इससे पहले भी बिलासपुर के विकास को लेकर गंभीर व सक्रिय रहे हैं। गोबिंद सागर झील में जल क्रीड़ा गतिविधियों को प्रारंभ करने के लिए उनके प्रयासों ने जिले को पर्यटन की दृष्टि से नई संभावनाएं प्रदान की हैं। जल पर्यटन को बढ़ावा देने की

उनकी पहल से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे व बिलासपुर आर्थिक रूप से और सशक्त बनेगा। यह उनकी दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि बिलासपुर को खेल, स्वास्थ्य व पर्यटन—तीनों क्षेत्रों में नई पहचान मिल रही है। निस्संदेह, मुख्यमंत्री सुक्खू का यह दोहरा तोहफा बिलासपुर के उज्ज्वल भविष्य की नींव को और मजबूत करता है। उनका संवेदनशील नेतृत्व व विकासोन्मुख दृष्टिकोण प्रदेश के हर जिले को आगे बढ़ाने के संकल्प का प्रतीक है। बिलासपुर की जनता को विश्वास है कि उनके मार्गदर्शन में जिले का विकास इसी प्रकार निरंतर गति पकड़ता रहेगा और नई ऊंचाइयों को छुएगा।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धुसाड़ा के डॉक्टरों और स्टाफ को ग्रामीणों ने किया सम्मानित

अनंत ज्ञान



**बड़ूही।** उपमंडल अंब के अंतर्गत आने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धुसाड़ा में कार्यरत डॉक्टरों व स्टाफ के सराहनीय व्यवहार व समर्पित सेवाओं के लिए स्थानीय ग्रामवासियों ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजित एक सादे लेकिन गरिमामय कार्यक्रम में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र की पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में उपस्थित बलदेव चंद खन्ना, अवतार सिंह, रीता देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों व स्टाफ का व्यवहार अत्यंत सौम्य, सहयोगपूर्ण और संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले मरीजों के साथ परिवार जैसा व्यवहार किया जाता है, जिससे मरीजों को मानसिक रूप से भी काफी राहत मिलती है। ग्रामीणों ने विशेष रूप से डॉ. विकास शर्मा, डॉ. अभय शर्मा तथा डॉ. आकांक्षा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनका व्यवहार इतना सकारात्मक और मानवीय है कि आधी बीमारी तो उनके अपनत्व भरे व्यवहार से ही दूर हो जाती है। मरीज जब स्वास्थ्य केंद्र में आता है तो वह चिंतित और दुखी होता है, लेकिन उपचार और बेहतर मार्गदर्शन के बाद संतुष्टि और मुस्कान के साथ वापस लौटता है। स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन भारी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं, बावजूद इसके डॉक्टर व स्टाफ पूरी निष्ठा और धैर्य के साथ अपनी सेवाएं देते हैं। सभी कर्मचारी समय के पाबंद हैं और सुबह निर्धारित समय पर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित हो जाते हैं। आपातकालीन स्थिति में भी मरीजों को निराश नहीं किया जाता।

ग्रामीणों ने कहा कि आज के समय में जहां स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर अक्सर शिकायतें सुनने को मिलती हैं, वहीं धुसाड़ा का यह स्वास्थ्य केंद्र सेवा, संवेदना और समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में भी इसी प्रकार मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलती रहेंगी। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने डॉक्टरों व स्टाफ को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अर्ली वार्निंग सिस्टम को और अधिक प्रभावी बनाने पर दिया जाएगा विशेष बल : सुधीर


एनएचपीसी चरण तीन के अधिकारी व अन्य गणमान्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सैंज।** पार्वती पावर स्टेशन बिहाली के सम्मेलन कक्ष में अर्ली वार्निंग सिस्टम व आपदा जोखिम प्रबंधन विषय पर प्रारंभिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

प्रदेश सरकार के ऊर्जा निदेशालय के निर्देशानुसार आयोजित की गई इस बैठक में विश्व बैंक के प्रतिनिधियों, राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा जिला प्रशासन के अधिकारियों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर विश्व बैंक की वरिष्ठ ऊर्जा विशेषज्ञ सुरभि गोयल, वरिष्ठ आपदा जोखिम प्रबंधन विशेषज्ञ मेलानी काप्पेस, वरिष्ठ पर्यावरण विशेषज्ञ जोसेफ एसे अकपोकोजे, राज्य बांध सुरक्षा संगठन के प्रमुख दीपक जसरोटिया, ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता धीरज ठाकुर, एसडीएम बंजार पंकज शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पार्वती पावर स्टेशन परियोजना प्रमुख सुधीर कुमार नेगी ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत कर हिमाचली शॉल, टोपी व पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। अर्ली वार्निंग सिस्टम को और अधिक प्रभावी बनाने तथा सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने पर विशेष बल दिया जाएगा। बैठक में तकनीकी प्रस्तुतियों के माध्यम से वर्तमान सुरक्षा व्यवस्थाओं, चेतावनी प्रणाली तथा भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने आपदा पूर्व तैयारी, त्वरित सूचना प्रसारण प्रणाली तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को और मजबूत करने के सुझाव दिए। बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि सुझावों एवं निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर एक समेकित कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र क्रियान्वित की जाएगी, जिससे परियोजना क्षेत्र में आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं बांध सुरक्षा को और सुदृढ़ किया जा सके।

# फरवरी में मनाली का पर्यटन कारोबार फीका

## बर्फबारी के दौरान वायरल वीडियो व पर्यटकों को पेश आई परेशानियों से घटे पर्यटक

अनंत ज्ञान

**मनाली।** अक्सर देखा जाता है कि बर्फबारी के बाद मनाली में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होती है, लेकिन पहली बार बर्फबारी के बाद पर्यटकों की संख्या में कमी दर्ज की जा रही है।

फरवरी महीना शुरू होते ही मनाली का पर्यटन कारोबार फीका चल रहा है अभी दूसरा सप्ताह चल रहा है। ऐसे में यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में भारी कमी दर्ज की जा रही है। इससे पर्यटन कारोबारियों में मायूसी है। पर्यटन कारोबारियों को अब वीकेंड और उसके बाद हनीमून सीजन से उम्मीदें हैं। उम्मीद है कि फरवरी महीने के अंत तक हनीमून मनाने के लिए मनाली में पर्यटक पहुंचना शुरू हो जाएंगे इससे कारोबार बढ़ेगा। जनवरी महीने में मनाली में अच्छा कारोबार चल रहा था। खासकर विंटर कार्निवल के दौरान पर्यटकों की भारी भीड़ देखी गई। 23 जनवरी को भारी बर्फबारी होने के बाद पर्यटकों की संख्या में कमी आनी शुरू हुई। अचानक हुई इस बर्फबारी से पर्यटकों को काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ा । शायद यही कारण है कि पर्यटकों की संख्या में कमी आई।


सोलंगनाला में बर्फ के बीच अठखेलियां करते पर्यटक। अनंत ज्ञान

### वीकेंड पर पर्यटकों की तादाद बढ़ने की उम्मीद

**मनाली** होटलियर एसोसिएशन के अध्यक्ष रोशन ठाकुर का कहना है कि वर्तमान में पर्यटकों की संख्या कम है, लेकिन आने वाले दिनों में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। हनीमून मनाने के लिए भारी संख्या में हनीमून कपल मनाली का रुख करेंगे। उन्होंने कहा कि अब मनाली में मौसम साफ है और किसी भी तरह की ट्रैफिक या अन्य कोई दिक्कत नहीं है, ऐसे में उम्मीद है कि पर्यटक अधिक से अधिक संख्या में वीकेंड पर मनाली पहुंचेंगे।

### मनाली में अब हालात पूरी तरह सामान्य :गौतम

**होटल** कारोबारी गौतम ठाकुर का कहना है कि इन दिनों पर्यटकों की संख्या कम है। उन्होंने कहा कि जनवरी में हुई बर्फबारी की खबरें सोशल मीडिया में काफी वायरल हुईं, ये भी एक कारण हो सकता है, लेकिन अब हालात सामान्य हैं और मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली,पानी व यातायात की व्यवस्था भी सुचारू रूप से चल रही हैं। इस के अलावा शिमला से कुल्लू हेलिकॉप्टर सेवा भी आरंभ हो गई है। इस के साथ-साथ अब शादियों के मुहूर्त भी शुरू होने वाले हैं, ऐसे में अब एक बार फिर पर्यटन कारोबारियों को मनाली में आने वाले पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

### ग्रीन टैक्स बैरियर पर रोजाना 400 से 500 पर्यटक वाहन ही पंजीकृत

**वर्तमान** में ग्रीन टैक्स बैरियर पर रोजाना 400 से 500 पर्यटक वाहन ही पंजीकृत हो रहे हैं। मनाली आने वाली वोल्वो बसों की संख्या भी 150 से घटकर 50 से 60 रह गई है, जबकि हर साल बर्फबारी के बाद मनाली में पर्यटकों की संख्या में भारी बढ़ोतरी होती थी।

## तिंदर गांव में फागुन संक्रांति पर रही मुखौटा उत्सव की धूम

अनंत ज्ञान

**बंजार।** जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी में हर वर्ष की भांति इस बार भी विभिन्न गांवों में भगवान विष्णु नारायण को समर्पित प्राचीनतम मुखौटा उत्सव फागली श्रद्धा व धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर फागुन संक्रांति के दिन तीर्थन घाटी में स्थित विश्व धरोहर ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क की गोद में बसे सुंदर गांव तिंदर में मुखौटा उत्सव का विशेष आयोजन किया गया।

देवता विष्णु नरायण को समर्पित यह पर्व तिंदर गांव में बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इसमें देवता की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद पारंपरिक मुखौटा नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए। आजकल समूची तीर्थन घाटी में मुखौटा उत्सव फागली की धूम मची हुई है। यहां दूरदराज क्षेत्रों के हर गांव में यह पर्व तीन दिन तक मनाया जाता है। तिंदर गांव में मनाए गए इस उत्सव के दौरान अतिथियों को पारंपरिक व्यंजन चिलडू परोसे गए। बच्चों, महिलाओं व



बुजुर्गों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और इस प्राचीन परंपरा का निर्वहन किया। पूरे गांव में भक्ति, उल्लास व आपसी भाईचारे का माहौल देखने को मिला। स्थानीय लोगों का मानना है कि फागली उत्सव से गांव में सुख-शांति, समृद्धि व खुशहाली बनी रहती है तथा नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है। यह पर्व धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता को भी मजबूत करता है। फागली उत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि क्षेत्र की आस्था, लोक संस्कृति और परंपराओं का जीवंत प्रतीक है। हर वर्ष श्रद्धा के साथ मनाया जाने वाला यह पर्व बंजार और तीर्थन घाटी की पहचान को और सशक्त बनाता है।

# केंद्र के बजट से हिमाचल के पर्यटन को लगेंगे पंख : नरोत्तम

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को 'विकसित भारत का युवा बजट' बताते हुए भाजपा नेता व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरोत्तम ठाकुर ने कहा कि यह बजट देश के युवाओं की आकांक्षाओं व सुझावों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

उन्होंने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 'यंग इंडिया' की भावना के अनुरूप 50 स्थानों पर 50 हजार युवाओं के सुझावों के आधार पर बजट का खाका तैयार किया गया है, जो देश को आत्मनिर्भर व विकसित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नरोत्तम ने कहा कि इस बजट से विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र को नई उड़ान मिलेगी। राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों का सुनियोजित विकास किया जाएगा, जिससे यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। होटल, होम-स्टे व अन्य आतिथ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल के प्रसिद्ध ट्रैकिंग स्थलों को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस किया जाएगा। साथ ही 20 हजार युवाओं को ट्रैकिंग गाइड के रूप में प्रशिक्षित कर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इससे जहां एक ओर पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, दूसरी ओर प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। नरोत्तम ने बजट को सर्वस्पर्शी बताते हुए कहा कि इसमें समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। रक्षा, कृषि, शिक्षा, बुनियादी ढांचा व सड़क निर्माण जैसे सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए संतुलित प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का अवसर प्रदान करेगा। अंत में उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्र सरकार की नीतियों और इस बजट के प्रभावी क्रियान्वयन से हिमाचल प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा और पर्यटन के क्षेत्र में एक नई पहचान स्थापित करेगा।


भाजपा नेता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरोत्तम ठाकुर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए। अनंत ज्ञान

### राजनीति में स्तर गिरते देर नहीं लगती, भविष्य बताएगा किसका स्तर कितना नीचे जाता है

**कुल्लू।** नरोत्तम ने कुल्लू के विधायक सुंदर ठाकुर के बयान पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि राजनीति में स्तर की बात करना उचित नहीं है, क्योंकि असली स्तर जनता तय करती है, कोई नेता स्वयं नहीं। नरोत्तम ने कहा कि भविष्य में स्वयं स्पष्ट हो जाएगा कि किसका स्तर ऊपर उठता है और किसका नीचे गिरता है। उन्होंने यह प्रतिक्रिया उस बयान के संदर्भ में दी, जिसमें विधायक सुंदर ठाकुर ने उन्हें 'एक्सीडेंटल प्रत्याशी' कहा था। भाजपा नेता ने कहा कि जनप्रतिनिधियों से सवाल पूछना विपक्ष का दायित्व होता है, लेकिन विधायक को लगता है कि जो वे करते हैं वही सही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करने के बजाय अपनी मर्जी से निर्णय लेते हैं और उन्हें जनता पर थोपते हैं। उनके अनुसार, इसी कारण आम जनता में निराशा बढ़ रही है। नरोत्तम ने कहा कि उन्हें चुनाव लड़ने के लिए मात्र 10 दिन का समय मिला था, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी स्तर और बड़े-छोटे नेता की बात करते हैं।

## 'फुटबॉल फॉर स्कूल' कार्यक्रम का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** पीएम श्री योजना के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय, बंदरोल में शुक्रवार को आयोजित 'फुटबॉल फॉर स्कूल' कार्यक्रम में स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। भारत सरकार व फीफा के साझा प्रयास के तहत इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को फुटबॉल वितरित किए गए। विधायक गौड़ ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि टीम वर्क, अनुशासन और नेतृत्व की भावना विकसित करने का सर्वोत्तम साधन है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कुल्लू-मनाली क्षेत्र के युवा खेलों के माध्यम से देश का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम में नग्गर खंड के तकरीबन सोलह स्कूल के पीटी व छात्रों ने भाग लिया। जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल के प्रधानाचार्य प्रताप सिंह ने बताया कि पीएम श्री के तहत लगभग आठ सौ फुटबॉल स्कूलों के लिए वितरित होने हैं।

## कुल्लू में निशुल्क हैंडलूम प्रशिक्षण स्वरोजगार व सशक्तिकरण का अवसर

**कुल्लू।** बुनाई एवं डिजाइनिंग प्रशिक्षण केंद्र कुल्लू के प्रभारी धन सिंह राठौर ने कहा कि केंद्रीय ऊन विकास बोर्ड द्वारा कुल्लू में एक बुनाई व डिजाइनिंग प्रशिक्षण केंद्र का संचालन किया जा रहा है। इसमें कुल्लू जिले के ग्रामीण नौजवानों व महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबन, सशक्तिकरण, स्वरोजगार के लिए, निरंतर अवसर उपलब्ध करवा रहा है।

इस निशुल्क नियमित हैंडलूम प्रशिक्षण केंद्र में चयनित प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न हस्तनिर्मित ऊनी वस्त्र जैसे कुल्लू शाल, स्टॉल, जेंट्स चद्दर, मफलर, ऊनी दरी/ कार्पेट, बॉर्डर व सजावटी सामग्री आदि का विभिन्न हैंडलूम यंत्रों पर बुनाई व डिजाइन में दक्षता विकसित करने के लिए 4 माह का पूर्णकालिक निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस प्रशिक्षण अवधि में उपस्थित प्रतिदिन कार्य-दिवसों पर प्रशिक्षणार्थियों को उनकी उपस्थिति के आधार पर वर्तमान में प्रतिदिन रुपए 125 की दर से वजीफा राशि भी प्रोत्साहन के लिए संबंधित माह के अंत में उनके बैंक खाते में ट्रांसफर किया जाता है। इस प्रशिक्षण केंद्र के अगले नए बैच/सत्र जो 1 मार्च, 2026 से अगले चार माह के लिए आरंभ होगा।

इसमें नए उम्मीदवारों के चयन करने के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है, जिस के लिए प्रवेश लेने के इच्छुक उम्मीदवारों/अभ्यर्थियों को अपना नाम, जन्म दिनांक/ आयु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, पूर्ण पता, शैक्षणिक योग्यता, बुनाई व डिजाइनिंग का पूर्व का अगर कोई अनुभव, मोबाइल नंबर, आधार कार्ड प्रति, राष्ट्रीयकृत बैंक पासबुक/विवरण प्रति, स्वयं रंगीन पासपोर्ट साइज़ फोटो सहित 25 फरवरी (बुधवार) को शाम 4 बजे तक बुनाई व डिजाइनिंग प्रशिक्षण केंद्र, शास्त्री नगर, कुल्लू पर संपर्क कर निर्धारित आवेदन फॉर्म पूर्ण भरकर जमा कराना होगा।

## 16 से मनाली-केलांग के बीच फिर दौड़ेगी निगम की बस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** मनाली-केलांग के बीच बंद पड़ी बस सेवा सोमवार से शुरू होने जा रही है। केलांग से सुबह कुल्लू के लिए बस साढ़े 10 बजे रवाना होगी, जबकि कुल्लू से केलांग के लिए बस सुबह 10 बजकर 52 मिनट पर चलेगी। एचआरटीसी केलांग डिपो ने शुक्रवार को बस का ट्रायल किया जो सफल रहा। पर्यटक वाहनों के चलते अटल टनल से पलचान तक हल्का ट्रैफिक जाम लगा, लेकिन बस केलांग से मनाली पहुंच गई है। बस सेवा शुरू करने के लिए निगम ने दो दिन पहले कसरत शुरू कर दी थी। निगम ने इस मार्ग पर बस का ट्रायल किया। भारी हिमपात के कारण 22 जनवरी मनाली-केलांग के बीच बस सेवा बंद करनी पड़ी थी। बीआरओ ने सड़क जनवरी के अंत तक बहाल कर दी थी, लेकिन सड़क पर बर्फ व पानी जमने के चलते बस सेवा शुरू नहीं हो पाई थी, अब हालात सामान्य होते ही बस सेवा शुरू होने जा रही है। आरएम एचआरटीसी केलंग अंचित शर्मा ने बताया कि बस का ट्रायल सफल रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### 1.4 किलो से अधिक चरस बरामद, तीन काबू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिला पुलिस की ओर से नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई में 1 किलो 429 ग्राम चरस बरामद कर 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों मामलों में सप्लाई चेन और नेटवर्क का पता लगाने के लिए गहन जांच कर रही है। पहली कार्रवाई थाना भून्तर पुलिस टीम ने सिंयुड में नाकाबंदी के दौरान की। पुलिस ने वाहन को चैकिंग के लिए रोका। तलाशी लेने पर वाहन में सवार दो युवकों 22 वर्षीय आशु व 21 वर्षीय पीयूष कुमार निवासी बटाला, जिला गुरदासपुर (पंजाब) के कब्जे से 506 ग्राम चरस बरामद की गई। दूसरी कार्रवाई थाना मणिकर्ण के अंतर्गत पुलिस चौकी जरी क्षेत्र में सुमारोपा में की गई। यहां नाकाबंदी के दौरान 30 वर्षीय झार सिंह निवासी जिला झज्जर, हरियाणा के कब्जे से 923 ग्राम चरस बरामद की गई। एसपी कुल्लू मदन लाल कौशल ने बताया कि बरामद नशे के स्रोत, खरीद-फरोख्त व तस्करी नेटवर्क की पहचान के लिए आरोपियों से पूछताछ जारी है।

### सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, मनाली।** जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय हरिपुर मनाली में रोड सेफ्टी क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्टूडेंट्स को यातायात नियमों की जानकारी देना तथा उन लापरवाहियों को उजागर करना था, जिनके कारण सड़क दुर्घटनाएं घटित होती हैं। नुक्कड़ नाटक की सशक्त प्रस्तुति एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा की गई। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को गहराई से प्रभावित किया। एनएसएस, एनसीसी और रोवर रेंजर्स सहित लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। प्राचार्या डॉ. शेफाली ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को जीवन की अनिवार्य जिम्मेदारी बताया।

## 4 वृद्धजनों ने पाई आंखों की रोशनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए विशेष नि:शुल्क नेत्र उपचार शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग द्वारा भारत सरकार के सौजन्य से आयोजित किया गया। इस दौरान रोटरी क्लब आई हॉस्पिटल बजौरा में 4 वृद्धजनों के मोतियाबिंद के सफल ऑपरेशन विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में संपन्न किए गए। सभी लाभार्थियों की स्वास्थ्य स्थिति सामान्य व संतोषजनक है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि वे बेहतर दृष्टि एवं स्वस्थ जीवन जी सकें। विभाग द्वारा भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन निरंतर किया जाता रहेगा।

## हिंदुत्व व भारतीय संस्कृति को बचाने की आवश्यकता : महेश्वर

अनंत ज्ञान



**कुल्लू।** कुल्लू के पूर्व सांसद महेश्वर सिंह ने अपना 75वां जन्मदिवस धूमधाम और सादगी के साथ समर्थकों एवं शुभचिंतकों के बीच मनाया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में उनके समर्थक, सामाजिक कार्यकर्ता व स्थानीय लोग उपस्थित रहे तथा उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद भावुक नजर आए। उन्होंने अपने लंबे राजनीतिक व सामाजिक जीवन को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हर परिस्थिति में अपने लोगों के साथ खड़े रहने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा, 'चाहे स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां रही हों, पांव में दर्द रहा हो या डिस्क स्लिप जैसी गंभीर समस्या आई हो, लेकिन मैंने कभी अपने क्षेत्र व अपने लोगों से मुंह नहीं मोड़ा। आगे भी जब तक संभव होगा, मैं अपने लोगों के लिए खड़ा रहूंगा।' महेश्वर सिंह ने हिंदू संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हिंदुत्व और भारतीय संस्कृति के कई आयाम धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, जिन्हें बचाए रखने की आवश्यकता है। उन्होंने इसे अपनी जीवन की अंतिम चरण की हार्दिक इच्छा बताते हुए कहा कि समाज को अपनी जड़ों से जुड़े रहना चाहिए और आने वाली पीढ़ी को सांस्कृतिक मूल्यों से अवगत कराना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को हिंदू नववर्ष का कैलेंडर भी वितरित किया और भारतीय परंपराओं को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में समर्थकों ने उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

## रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर में कला प्रदर्शनी का भव्य आगाज

# 22 प्रख्यात कलाकारों की कृतियों ने बिखेरी चमक

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर में शुक्रवार को 'इनसाइट आर्ट ग्रुप' की ओर से एक विशेष कला प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। दिल्ली के क्यूरेटर सिकंदर जांगड़ा के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना ने दीप प्रज्वलित कर किया।

उन्होंने देश के विभिन्न कोनों से आए 22 विख्यात कलाकारों का स्वागत करते हुए उनकी कार्यक्षमता की सराहना की व भविष्य में भी ट्रस्ट के साथ कलात्मक सहयोग की अपील की। इस अवसर पर रशियन क्यूरेटर सहायक दमित्री सुरगिन, अमर जीत आनंद और कुल्लू घाटी के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। यह प्रदर्शनी रौरिक आर्ट गैलरी की शोभा बढ़ा रही है व उभरते कलाकारों के लिए एक प्रेरणादायक मंच के रूप में उभरी है। इस प्रदर्शनी में लगभग 60 बड़े व अनगिनत छोटे चित्र प्रदर्शित किए गए हैं, जिनमें प्रकृति, अध्यात्म, साधु, ऐतिहासिक भवनों व पहाड़ों के विविध रंग देखने को मिलते हैं। दिल्ली की कलाकार दीक्षा केन की 'भगवान बुद्धा' व 'ध्यान' पर आधारित पेंटिंग्स विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं, जो अंधकार से प्रकाश की यात्रा व ब्रह्मांडीय जुड़ाव के अनुभव को दर्शाती हैं। वहीं, ऋतु मनचंदा ने प्रकृति के अनोखे रूपों को कैनवास पर उकेरा है। प्रदर्शनी में पुनीता, मोहन सिंह, नवीन कुमार और भावना सोनी सहित कई अंतरराष्ट्रीय प्रतिभा संपन्न कलाकारों की कृतियां अपनी एक अलग कहानी बयां कर रही हैं। क्यूरेटर सिकंदर ने इस सफल आयोजन के लिए रौरिक ट्रस्ट की निदेशक एवं डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश व प्रबंधन का आभार व्यक्त किया है। कला प्रेमी इस अद्भुत प्रदर्शनी का आनंद 15 फरवरी 2026 तक उठा सकते हैं।


प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

**जोर** — डीसी ने पैराग्लाइडिंग साइटों पर क्या करें और क्या न करें' के बोर्ड लगाने के दिए निर्देश

# पर्यटकों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं: तोरुल रवीश

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** डीसी एवं अध्यक्ष, नियामक समिति तोरुल रवीश की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कुल्लू में संचालित होने वाली साहसिक गतिविधियों (एयरो स्पोर्ट्स, रिवर राफ्टिंग व अन्य) की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य पर्यटन गतिविधियों को सुरक्षित, व्यवस्थित व पारदर्शी बनाना था। बैठक में चर्चा के बिंदुओं पर आवश्यक निर्णय लिए गए। डीसी ने पैराग्लाइडिंग के लिए कड़े निर्देश देते हुए सभी पैराग्लाइडिंग साइटों पर सुरक्षा मानदंडों का सख्ती से पालन करने और 'क्या करें और क्या न करें' के बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए। किसी भी दुर्घटना की स्थिति में तुरंत आधिकारिक तौर पर जिला पर्यटन विकास अधिकारी को सूचित करना अनिवार्य होगा। ड्रग टेस्टिंग व अनुशासन साहसिक खेलों के संचालन में शामिल पायलटों व ऑपरेटरों के लिए नशे के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई गई है, ऑपरेटरों व पायलटों का औचक ड्रग टेस्ट किया जाएगा। बैठक की कार्यवाही का संचालन जिला पर्यटन विकास अधिकारी रोहित शर्मा ने किया। बैठक में अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार, एसडीएम मनाली रमन शर्मा, अविमास मनाली के निदेशक अविनाश नेगी, विभिन्न एडवेंचर संगठन के पदाधिकारी गण तथा आधिकारिक सदस्य उपस्थित रहे


डीसी कुल्लू अधिकारियों से चर्चा करती हुईं। अनंत ज्ञान

### एनएच किनारे लगे अवैध व अतिरिक्त काउंटरों को तुरंत हटाने के आदेश

**उन्होंने** नेशनल हाईवे के किनारे लगे अवैध व अतिरिक्त काउंटरों को तुरंत हटाने के आदेश दिए हैं। बुकिंग के लिए केवल 'सिंगल काउंटर सिस्टम' ही मान्य होगा। उन्होंने सभी संगठन को सिंगल काउंटर आरंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऑपरेटरों के लिए 'ड्रग/डोप टेस्ट' की नेगेटिव रिपोर्ट जमा करना अनिवार्य होगा। इसके लिए डीएसी खातों से ड्रग टेस्ट किट खरीदने पर भी चर्चा हुई। मार्शल की तैनाती, उनकी नियमित रिपोर्टिंग व उनके वेतन को सीधे डीएसी के खातों में जमा करने के निर्देश दिए गए, ताकि सभी गतिविधियों का नियम अनुसार लेखा-जोखा तथा क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

### प्रतिदिन की गतिविधियों का ब्यौरा देना अनिवार्य

**रिवर** राफ्टिंग संबंधी गतिविधियों के बारे में चर्चा करते हुए राफ्टिंग गतिविधियों के लिए निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के पूर्ण अनुपालन की समीक्षा की गई। डीसी ने कहा कि हर स्ट्रेच पर राफ्टिंग गतिविधियों का उचित रिकॉर्ड बनाए रखना व प्रतिदिन की गतिविधियों का ब्यौरा देना अनिवार्य होगा। समिति ने विभिन्न स्थानों पर चल रही अवैध और अपंजीकृत साहसिक गतिविधियों पर चिंता व्यक्त की। डीसी ने विशेष रूप से मनाली व अन्य क्षेत्रों में चल रही ऐसी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीसी ने स्पष्ट किया कि पर्यटकों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

### सूर्यास्त या अंधेरा होने के बाद किसी भी साहसिक गतिविधि की अनुमति नहीं

**सभी** एसोसिएशनों को 'सेल्फ-रेगुलेशन' व सरकारी नियमों के भीतर रहकर कार्य करने की सलाह दी गई है। एडवेंचर स्पोर्ट्स एसोसिएशन को एक ऐसा फॉर्मूला विकसित करने का निर्देश दिया गया है। इससे काम का वितरण न्यायपूर्ण हो। नियमों के उल्लंघन पर अवमानना कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डेटा व पारदर्शिता रखते हुए सभी एसोसिएशनों के लिए अब आवश्यक विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जिसमें मासिक कुल राइड्स और आने वाले पर्यटकों का पूरा डेटा सहित प्रत्येक ऑपरेटर को लॉग बुक का रखरखाव करना होगा ताकि गतिविधियों का सटीक रिकॉर्ड रहे। पर्यटकों की जान-माल की सुरक्षा के लिए नए सुरक्षा मानक तय हैं। सूर्यास्त या अंधेरा होने के बाद किसी भी साहसिक गतिविधि की अनुमति नहीं होगी। प्रत्येक राइड से पहले पर्यटकों को ऑडियो/वीडियो के माध्यम से सुरक्षा निर्देशों की जानकारी देना अनिवार्य होगा।


## बैंक की सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की

**अनंत ज्ञान, निरमंड।** द कांगडा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित शाखा ब्रौ द्वारा नाबार्ड के सौजन्य से डिजिटल-वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम (शिविर) का आयोजन ग्राम पंचायत खरगा के गांव खरगा (पंचायत भवन) में किया गया। इस शिविर में दी कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित गारखा ब्रौ के वरिष्ठ प्रबंधक राम गोपाल नेगी ने ग्राम पंचायत खरगा के विभिन्न गांव के लोगों को बैंक की सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की, जैसे गृह ऋण, वाहन ऋण, स्वयं सहायता समूह को एनआरएलएम के तहत ऋण, कृषि ऋण जैसी सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। वरिष्ठ प्रबंधक राम गोपाल नेगी ने इसके अलावा ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, एटीएम, नेफ्ट, आरटीजीएस, नेट बैंकिंग, यूपीआई तथा जीपे जैसी सुविधाओ के बारे में भी जानकारी प्रदान की। वरिष्ठ प्रबंधक ने साईबर फ्रॉड के बारे व इससे कैसे बचा जाए इसकी गहन जानकारी भी प्रदान की। इस तरह की जानकारी लेने के लिए उपरोक्त पंचायत के विभिन्न गांवों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## मनमानी करने वाले बेलगाम आला अधिकारियों को महत्वपूर्ण पदों से हटाया जाए : गुलशन

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू से मांग की है कि केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल सरकार की रेवेन्यू डैफिसिट ग्रांट (आरडीजी) बंद करने की आड़ में गत रविवार को मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों व मीडिया के समक्ष पेंशनर, कर्मचारी व जनविरोधी प्रस्ताव रखने के लिए प्रधान सचिव (वित्त) देवेश कुमार को 'जनहित' में तुरंत हटाया जाए।



संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, महासचिव मिलाप चंद, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भुंतर खंड के महासचिव खुशहाल चंद नेगी, प्रदेश उपाध्यक्ष एसपी सागर, नरेंद्र कुमार, सुरेश कुमार शर्मा, सब्जा चंद, तेज सिंह ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष (महिला विंग) लीला डोगरा, सुनंदारानी नेगी, चिंतपूर्णा शर्मा, मीना शर्मा, प्रदेश संगठन सचिव मनोरमा डोगरा, प्रवीण कहोल, जिला किन्नौर के अध्यक्ष व प्रदेश संयुक्त सचिव प्रताप नेगी, जिला कुल्लू पेंशनभोगी संघ के अध्यक्ष दयाल सिंह ठाकुर, महासचिव खेम सिंह हांडा, शहरी कुल्लू इकाई के अध्यक्ष तेज सिंह ठाकुर, भुंतर खंड के अध्यक्ष ओंकार दत्त शर्मा, मनाली खंड के अध्यक्ष नील चंद, बंजार खंड के अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान, महासचिव शेर सिंह ठाकुर, जिला मंडी पेंशनभोगी संघ एवं औट खंड के अध्यक्ष शारदा नंद शर्मा सहित अनेक पेंशनर नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश की आरडीजी बंद करने से पैदा हुए हालात से उबरने के लिए जिस प्रकार से प्रधान सचिव (वित्त) ने कड़े 'जन विरोधी' आर्थिक प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव रखे हैं, उनसे प्रदेश के पेंशनरों, कर्मचारियों व आर्थिक रूप से कमजोर जनता की कमर टूट जाएगी। संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने सवाल उठाया कि यदि प्रधान सचिव (वित्त) देवेश कुमार प्रदेश सरकार के इतने ही सच्चे हितैषी हैं, तो फिर उन्होंने अपनी तथाकथित 'प्रेजेंटेशन' में अपने और सैकड़ों आला अधिकारियों समेत मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों, निगमों बोर्डों व विधानसभा के अध्यक्षों, उपाध्यक्षों व कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त प्रदेश सरकार के दर्जनों सिपह सलाहकारों के वेतन भत्ते व अन्य शानों शौकत की सुख सुविधाओं को 'फ्रीज' करने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष क्यों नहीं रखा ?

## स्पोर्ट्स विंडो

### जिम्बाब्वे के अनुभवी बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर टी-20 विश्व कप से बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** जिम्बाब्वे के अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर हैमस्ट्रिंग चोट के कारण चल रहे टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने शुक्रवार को कोलंबो में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले से पहले टॉस के दौरान इसकी पुष्टि की। 40 वर्षीय टेलर को टूर्नामेंट के पहले मैच में ओमान के खिलाफ खेलते समय चोट लगी थी। वह 30 गेंदों पर 31 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। इससे पहले उन्होंने विकेट के पीछे तीन कैच भी लपके थे। जिम्बाब्वे टीम ने फिलहाल टेलर के स्थान पर किसी आधिकारिक रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की है। हालांकि टीम के टूर्नामेंट में कम से कम दो और मैच बाकी हैं, ऐसे में जल्द ही नए खिलाड़ी के नाम का ऐलान होने की संभावना है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले में तादिवानाशे मरुमानी विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी निभा रहे हैं, जबकि ऑलराउंडर टोनी मुन्योंगा को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया है। टीम प्रबंधन को पहले से आशंका थी कि टेलर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के लिए पूरी तरह फिट नहीं हो पाएंगे। इसलिए उन्हें जोखिम में डालने के बजाय शेष मुकाबलों के लिए फिट रखने का फैसला किया गया। ब्रेंडन टेलर ने जुलाई 2025 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की थी। (अनंत ज्ञान)

### आयरलैंड के कैप्टन पॉल स्टर्लिंग भी टी-20 वर्ल्ड कप से हुए बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग को घुटने में गंभीर चोट लगने के कारण जारी आईसीसी टी-20 विश्व कप से बाहर कर दिया गया है। स्टर्लिंग को यह चोट गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले के दौरान लगी। पहली पारी के सातवें ओवर में ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज जोश इंग्लिश का कैच लेने के प्रयास में स्टर्लिंग ने डाइव लगाई, लेकिन जमीन पर उतरते समय उनका घुटना कड़े हिस्से से टकरा गया। इसके बाद उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा और कप्तानी की जिम्मेदारी उपकप्तान लॉरकन टकर को सौंपी गई। हालांकि, रन चेज के दौरान स्टर्लिंग बल्लेबाजी करने उतरे और टीम प्रबंधन को बताया कि वह बल्लेबाजी करने में सक्षम महसूस कर रहे हैं, लेकिन पहली ही गेंद पर सिंगल लेने की कोशिश में उनका घुटना जवाब दे गया। कुछ कदम चलते ही उनका घुटना मुड़ गया और उन्हें 'रिटायर्ड हर्ट' होकर वापस लौटना पड़ा। स्टर्लिंग की जगह आयरलैंड ने 20 वर्षीय अनकैप्ड विकेटकीपर-बल्लेबाज सेम टॉपिंग को टीम में शामिल किया है। (अनंत ज्ञान)

### पीजीटीआई की '72 द लीग' के लिए नीलामी में शामिल होंगे 170 गोल्फर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) ने शुक्रवार को बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय प्रोफेशनल गोल्फ लीग पीजीटीआई 72 द लीग के पहले संस्करण में 170 शीर्ष प्रोफेशनल गोल्फर के नीलामी में हिस्सा लेने की घोषणा की है। भारत में प्रोफेशनल गोल्फ की यह अपनी तरह की पहली नीलामी होगी, जिसमें 11 देशों के प्रमुख खिलाड़ी सोमवार को राजधानी में 'ऑक्शन हैमर' के नीचे जाएंगे। लीग के लिए कुल 60 स्थान उपलब्ध हैं, जहां छह फ्रेंचाइजी अपनी-अपनी टीमों के लिए 10-10 गोल्फर चुनेंगी। नीलामी की कुल राशि 6 करोड़ रुपये तय की गई है। भारत की पहली विशेष राष्ट्रीय प्रोफेशनल गोल्फ लीग '72 द लीग' की शुरुआत 21 फरवरी 2026 से होगी, जबकि फाइनल मुकाबला 6 मार्च को खेला जाएगा। नीलामी प्रक्रिया के लिए नाम दर्ज कराने वाले 170 खिलाड़ियों को तीन श्रेणियों–प्लैटिनम, गोल्ड और सिल्वर–में बांटा गया है। पीजीटीआई के 2025 ऑर्डर ऑफ मेरिट के आधार पर शीर्ष 30 खिलाड़ी प्लैटिनम श्रेणी में रहेंगे। 31वें से 60वें स्थान तक के खिलाड़ी गोल्ड श्रेणी में शामिल होंगे, जबकि बाकी सभी गोल्फर सिल्वर श्रेणी में रखे जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### अलीशा लेहमैन का ग्लैमरस अंदाज

**अलीशा** लेहमैन स्विट्जरलैंड की एक प्रसिद्ध फुबॉलर है, जो अपनी शानदार फॉरवर्ड/विंगर भूमिका और ग्लैमरस अंदाज के लिए जानी जाती हैं। अलीशा लेहमैन सोशल मीडिया (17 मिलियन+ फॉलोअर्स) पर दुनिया की सबसे लोकप्रिय महिला खिलाड़ियों में से एक हैं।



# टी-20 वर्ल्ड कप में बड़ा उलटफेर: जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से दी शिकस्त

## 170 का टारगेट नहीं चेज कर सका ऑस्ट्रेलिया, 2007 में भी हरा चुका है जिम्बाब्वे

**एजेंसी, कोलंबो**

आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप में बड़ा उलटफेर करते हुए जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हराकर टूर्नामेंट में अपनी अपराजेय लय बरकरार रखी। ग्रुप बी के इस मुकाबले में जिम्बाब्वे ने 170 रन के लक्ष्य का सफल बचाव किया और ऑस्ट्रेलिया को 146 रन पर समेट दिया। जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजारबानी ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट पर 17 रन लिए, जबकि ब्रैड इवांस ने 3/23 के आंकड़े के साथ ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। मुजारबानी ने इस दौरान अपना 100वां टी-20 अंतरराष्ट्रीय विकेट भी पूरा किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जिम्बाब्वे ने 2 विकेट पर 169 रन बनाए।

युवा सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट ने 56 गेंदों में नाबाद 64 रन की पारी खेली। उनके साथ तादिवानाशे मारुमानी (35) ने पहले विकेट के लिए 66 रन जोड़कर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। बाद में रयान बर्ल (35) और कप्तान सिकंदर रजा (नाबाद 25) ने उपयोगी योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही। मुजारबानी और इवांस की घातक गेंदबाजी के सामने ऑस्ट्रेलिया 4 विकेट पर 29 रन तक सिमट गया। जोश इंग्लिस, कैमरून ग्रीन और टिम डेविड सस्ते में आउट हो गए। कार्यवाहक कप्तान ट्रेविस हेड भी 17 रन बनाकर दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से आउट हुए। मध्यक्रम में मैथ्यू रेनशॉ (65) और ग्लेन मैक्सवेल (31) ने 77 रन की साझेदारी कर टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। अंततः ऑस्ट्रेलियाई टीम अंतिम ओवर में 146 रन पर सिमट गई।

यह टी-20 वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे की ऑस्ट्रेलिया पर दूसरी जीत है। जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजारबानी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इससे पहले उसने 2007 में उद्घाटन संस्करण में ऑस्ट्रेलिया को हराया था।

इस जीत के साथ जिम्बाब्वे ग्रुप बी तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए सुपर 8 की राह अब चुनौतीपूर्ण हो गई है। (अनंत ज्ञान)






# पधर के अतुल ने नारकंडा की बर्फीली ढलानों पर जीती चांदी

**अनंत ज्ञान**

**पधर, कविता।** शिमला के नारकंडा में आयोजित द्वितीय राष्ट्रीय पैरा अल्पाइन स्कीइंग चैंपियनशिप में मंडी जिले के पधर के अतुल चौहान ने प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन हिमाचल प्रदेश पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा पैरा ओलंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के संरक्षण में किया गया।

प्रतियोगिता में पधर के शिंगार गांव के होनहार खिलाड़ी अतुल चौहान ने शारीरिक अक्षमता श्रेणी एलडब्ल्यू-4 के अंतर्गत अल्पाइन स्कीइंग (बर्फीली ढलानों पर स्की दौड़) स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबलों के बीच उन्होंने शानदार तकनीक, संतुलन और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए रजत पदक अपने नाम किया। उनकी यह उपलब्धि जिले के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

राष्ट्रीय चैंपियनशिप के उपरांत अतुल चौहान ने नारकंडा में ही आयोजित तृतीय पैरा अल्पाइन स्कीइंग राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में भी भाग लिया। इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन का गहन मूल्यांकन किया गया, जिसमें अतुल चौहान ने उत्तम ग्रेड प्राप्त कर अपनी निरंतर प्रगति और खेल के प्रति समर्पण को सिद्ध किया। प्रशिक्षकों ने उनकी तकनीकी दक्षता और अनुशासन की सराहना की।



◆ राष्ट्रीय पैरा अल्पाइन स्कीइंग चैंपियनशिप में रोशन किया प्रदेश का नाम

अतुल चौहान की इस सफलता पर पधर क्षेत्र सहित पूरे मंडी जिले में हर्ष का माहौल है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, खेल संगठनों और ग्रामीणों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। लोगों का कहना है कि यदि उन्हें निरंतर प्रशिक्षण, संसाधन और प्रोत्साहन मिलता रहा, तो वे भविष्य में राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हिमाचल प्रदेश और देश का नाम गौरवान्वित कर सकते हैं।

# कतर ओपन : विश्व नंबर-2 इगा स्वियातेक और रायबाकिना बाहर

**एजेंसी, दोहा**

कतर ओपन 2026 में वीरवार को बड़े उलटफेर देखने को मिले, जब विश्व नंबर दो इगा स्वियातेक और ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन एलेना रायबाकिना क्वार्टर फाइनल में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। टॉप सीड स्वियातेक को ग्रीस की मारिया सक्कारी ने 2-6, 6-4, 7-5 से हराया, जबकि 10वीं वरीयता प्राप्त कनाडा की विक्टोरिया एमबोको ने रायबाकिना को 7-5, 4-6, 6-4 से मात दी।

मारिया सक्कारी ने शानदार जुझारूपन दिखाते हुए मुकाबले में वापसी की। पहले सेट में पिछड़ने के बाद उन्होंने दूसरे और तीसरे सेट में बेहतरीन खेल दिखाया। निर्णायक सेट में मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जहां स्वियातेक ने एक मैच प्वाइंट बचाया, लेकिन अंततः सक्कारी ने अपने तीसरे मैच प्वाइंट पर जीत दर्ज की। सक्कारी ने कहा, 'काफी समय बाद मुझे इतनी बड़ी जीत मिली है। जब रैंकिंग गिरती है तो आत्मविश्वास डगमगा जाता है, लेकिन यह मानसिक प्रक्रिया का हिस्सा है।' अब सक्कारी सेमीफाइनल में 14वीं वरीयता प्राप्त कारोलिना मुचोवा से भिड़ेंगी, जिन्होंने रूस की अन्ना कालिंस्काया को 6-3, 6-4 से हराया। स्वियातेक ने 2022, 2023 और 2024 में यह डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीता था, लेकिन इस बार उनका सफर क्वार्टरफाइनल में ही थम गया। पहले सेट में दो बार सर्विस ब्रेक कर उन्होंने मजबूत शुरुआत की थी, लेकिन सक्कारी ने शानदार वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। दूसरे क्वार्टरफाइनल में विक्टोरिया एमबोको ने अपनी ताकत और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। 19 वर्षीय कनाडाई खिलाड़ी ने पहले सेट में तीन बार रायबकिना की सर्विस तोड़ी। (अनंत ज्ञान)





# पाकिस्तान के खिलाफ स्पिनर कुलदीप यादव को उतारे भारत : गावस्कर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा कि रविवार को कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी-20 विश्व कप मैच में भारतीय टीम तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जगह लेग स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल करेगी। नामीबिया के बल्लेबाजों ने गुरुवार को अर्शदीप की जमकर धुनाई की और उन्होंने अपने कोटे के चार ओवर भी पूरे नहीं किए। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा, "हमारे सभी गेंदबाजों ने विकेट लिए। अर्शदीप ने अपने चार ओवर पूरे नहीं किए, जबकि शिवम दुबे ने दो ओवर और हार्दिक ने अपना कोटा पूरा किया। इससे संकेत मिलता है कि कुलदीप यादव पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अर्शदीप की जगह ले सकते हैं। श्रीलंका की पिचें स्पिनरों के लिए मददगार हैं और भारत का तीन स्पिनरों के साथ खेलने का इतिहास रहा है। मुझे उम्मीद है कि कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच में कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# ईशान को इंपैक्ट प्लेयर का अवॉर्ड

## नामीबिया के खिलाफ खेले गए मैच में 24 गेंदों में बनाए 61 रन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को भारत-नामीबिया मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए टीम इंडिया के इंपैक्ट प्लेयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। वीरवार को दिल्ली में खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के मैच में ईशान ने सिर्फ 24 गेंदों पर 61 रन की तूफानी पारी खेली। उनकी इस पारी में 6 चौके और 5 छक्के शामिल थे। इस विस्फोटक शुरुआत की बदौलत भारत ने 200 से ज्यादा का बड़ा स्कोर खड़ा किया। ईशान किशन ने 20 गेंदों में फिफ्टी पूरी की, जो टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए संयुक्त रूप से पांचवीं सबसे तेज अर्धशतक है। इस सूची में शीर्ष पर युवराज सिंह की 12 गेंदों की ऐतिहासिक पारी है। (अनंत ज्ञान)



◆ सिर्फ 20 गेंदों में बना डाली फिफ्टी, 6 चौके, 5 छक्के जड़े

**पावरप्ले में भारत का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर**

**ईशान** ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में जेजे स्मिट के एक ओवर से 28 रन बटोरे। पहली गेंद डॉट रहने के बाद उन्होंने अगली पांच गेंदों पर चार छक्के और एक चौका जड़ा। भारत ने पहले 6 ओवर में 1 विकेट पर 86 रन बनाए, जो टी-20 इंटरनेशनल में भारत का तीसरा सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है। इससे पहले फरवरी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ मुंबई में भारत ने 95/1 और हाल ही में गुवाहाटी में न्यूजीलैंड के खिलाफ 94/2 का स्कोर बनाया था।

# रियान होंगे राजस्थान रॉयल्स के नए कप्तान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आईपीएल-2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स की टीम ने ऑलराउंडर रियान पराग को टीम का अगला कप्तान नियुक्त किया है। यह फैसला संजू सैमसन के चेन्नई सुपर किंग्स में चले जाने के बाद लिया गया है। 2026 के लिए हुए आईपीएल के मिनी ऑक्शन से पहले संजू सैमसन ट्रेड विंडो के जरिये चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में चले गए थे। सीएसके ने इसके बदले रवींद्र जडेजा और सैम करन जैसे दो ऑलराउंडर राजस्थान रॉयल्स को दिया था।

24 साल के रियान पराग पिछले सात सीजन से राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा थे। संजू सैमसन ने पिछले सीजन के बाद फ्रेंचाइजी छोड़ने की इच्छा जताई थी, जिसके बाद टीम मैनेजमेंट ने भविष्य को देखते हुए पराग पर भरोसा जताया है। (अनंत ज्ञान)

### पिछले साल 8 मैचों में कर चुके हैं कप्तानी

**रियान** पराग के लिए कप्तानी का अनुभव नया नहीं है। आईपीएल 2025 के दौरान जब संजू सैमसन चोट की वजह से 8 मैचों से बाहर रहे थे, तब पराग ने ही टीम की कमान संभाली थी। हालांकि, उन 8 मैचों में टीम को सिर्फ 2 जीत मिली थी, लेकिन बतौर बल्लेबाज पराग ने प्रभावित किया था। उन्होंने कप्तानी के दौरान 38.57 की औसत से रन बनाए थे, जिसमें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ ईडन गार्डन्स में खेली गई 95 रनों की पारी उनके करियर का बेस्ट स्कोर है।



### हेड कोच ने इंटरव्यू के बाद सौंपी कमान

**मीडिया** रिपोर्ट्स के मुताबिक, राजस्थान रॉयल्स के हेड कोच कुमार संगाकारा ने कप्तान के चुनाव के लिए कई खिलाड़ियों के इंटरव्यू लिए थे। लंबी बातचीत और लीडरशिप क्वालिटी को परखने के बाद रियान पराग के नाम पर मुहर लगाई गई। पराग के सामने चुनौती बड़ी होगी क्योंकि रॉयल्स का पिछला सीजन काफी खराब रहा था। 2025 में टीम 14 में से सिर्फ 4 मैच जीत पाई थी और पॉइंट्स टेबल में नीचे से दूसरे नंबर पर रही थी।

# चिन्नास्वामी स्टेडियम पर आईपीएल मैच कराने को मिली सैद्धांतिक मंजूरी

**एजेंसी, बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृहमंत्री जी परमेश्वरा ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर आईपीएल मैच कराने को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है हालांकि मैदान पर जश्न मनाने की अनुमति देने पर अलग से फैसला लिया जायेगा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कर्नाटक प्रदेश क्रिकेट संघ को जस्टिस जॉन ताइकल कुन्हा आयोग द्वारा दिये गए सुरक्षा उपायों संबंधी सुझाव पर अमल करना होगा। कर्नाटक कैबिनेट ने बृहस्पतिवार को स्टेडियम में आईपीएल मैच कराने की सशर्त मंजूरी देने का फैसला किया था। पिछले साल चार जून को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के पहली बार आईपीएल खिताब जीतने के बाद जश्न में चिन्नास्वामी स्टेडियम पर भगदड़ मच गई थी जिसमें 11 लोग मारे गए थे। इसके बाद से मैदान पर मैच कराने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। (अनंत ज्ञान)

# पाकिस्तान के खिलाफ नहीं खेल सकते हैं अभिषेक शर्मा

**एजेंसी, मुंबई**

मौजूदा टी-20 विश्व कप में भारत को अब तक का सबसे बड़ा झटका लग सकता है। पेट के संक्रमण की समस्या से परेशान भारत के तूफानी सलामी बल्लेबाज अस्पताल में दाखिल है। उन्होंने नामीबिया के खिलाफ मुकाबला नहीं खेला था। वही अब खबर आई है कि, अभिषेक शर्मा 15 फरवरी को कोलंबो में पाक के खिलाफ होने वाले मुकाबले में भी उपलब्ध नहीं रहेंगे। ऐसे में उनकी जगह संजू सैमसन पारी की शुरुआत कर सकते है। अभिषेक के गैर मौजूदगी से पाकिस्तान की टीम ने राहत की सांस ली है। हालांकि संजू, ईशान, सूर्या, तिलक, शिवम, पंड्या और रिंकू सिंह की काट अभी भी पाकिस्तान ढूंढ नहीं पाया है। दरअसल नामीबिया के खिलाफ टॉस के बाद भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा था कि अभिषेक पूरी तरह फिट होने से पहले एक या दो मैच से बाहर रह सकते हैं। (अनंत ज्ञान)



◆ पेट में संक्रमण से जूझ रहे, पाकिस्तान ने ली राहत की सांस

# एनबीए : लेब्रॉन जेम्स बने ट्रिपल-डबल लगाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

**एजेंसी, लॉस एंजेलिस**

दिग्गज बास्केटबॉल खिलाड़ी लेब्रॉन जेम्स ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। वह नेशनल बॉस्केटबॉल एसोसिएशन (एनबीए) इतिहास में ट्रिपल-डबल दर्ज करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। जेम्स ने वीरवार रात लॉस एंजेलिस लेकर्स की ओर से डलास मावेरिक्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में यह उपलब्धि हासिल की। लेकर्स ने यह मैच 124-104 से जीता।

41 वर्ष और 44 दिन की उम्र में जेम्स ने 28 अंक, 12 असिस्ट और 10 रिबाउंड के साथ अपना 123वां करियर ट्रिपल-डबल पूरा किया। चौथे क्वार्टर में 2:06 मिनट शेष रहते उन्होंने अपना 10वां रिबाउंड लिया और इसके तुरंत बाद जब वह कोर्ट से बाहर गए तो दर्शकों ने खड़े होकर उनका स्वागत किया। एनबीए इतिहास में यह उनका पांचवां सबसे अधिक ट्रिपल-डबल है। इससे पहले यह रिकॉर्ड कार्ल मेलोन के नाम था, जिन्होंने 40 वर्ष और 127 दिन की उम्र में लेकर्स के लिए ट्रिपल-डबल दर्ज किया था। मेलोन ने 28 नवंबर 2003 को अपने अंतिम एनबीए सीजन के दौरान 10 अंक, 11 रिबाउंड और 10 असिस्ट के साथ यह उपलब्धि हासिल की थी। गौरतलब है कि एनबीए के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर जेम्स ने पिछला ट्रिपल-डबल 1 फरवरी 2025 को न्यूयॉर्क में दर्ज किया था। वही दिन लेकर्स इतिहास में उस बड़ी ट्रेड डील के लिए भी याद किया जाता है, जिसमें लुका डोंसिक टीम में शामिल हुए थे और एंथनी डेविस दूसरी ओर गए थे।



सैन एंटोनियो के खिलाफ मंगलवार का मैच मिस करने के बाद जेम्स ने मावेरिक्स के खिलाफ शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। डोंसिक हैमस्ट्रिंग स्ट्रेन के कारण लगातार चौथा मैच नहीं खेल सके। पहले क्वार्टर में ही जेम्स ने 14 अंक और 6 असिस्ट किए। हाफटाइम तक उनके खाते में 18 अंक, 8 असिस्ट और 4 रिबाउंड थे। तीसरे क्वार्टर में उन्होंने असिस्ट के आंकड़े को दोहरे अंक में पहुंचाया और पूरे चौथे क्वार्टर में खेलते हुए ट्रिपल-डबल पूरा किया। (अनंत ज्ञान)

**कोपा डेल रे सेमीफाइनल** डिएगो सिमेओने की टीम ने पहले हाफ में ही बना ली थी एकतरफा बढ़त

# एटलेटिको मैड्रिड ने बार्सिलोना को 4-0 से दी मात

**एजेंसी, मैड्रिड**

कोपा डेल रे सेमीफाइनल के पहले चरण में एटलेटिको मैड्रिड ने डिफेंडिंग चैंपियन बार्सिलोना को 4-0 से करारी शिकस्त देकर फाइनल की ओर मजबूत कदम बढ़ा दिए। घरेलू मैदान पर खेले गए इस मुकाबले में डिएगो सिमेओने की टीम ने पहले हाफ में ही चार गोल दागकर मैच लगभग एकतरफा कर दिया।

मैच के छठे मिनट में बार्सिलोना के गोलकीपर जोआन गार्सिया की बड़ी गलती का एटलेटिको ने फायदा उठाया और बढ़त बना ली। इसके बाद 14वें मिनट में शानदार मूव के जरिए एंटोइन ग्रीजमैन ने दूसरा गोल दागा। 33वें मिनट में जूलियानो सिमेओने के क्रॉस पर एडेमोला लुकमैन ने तीसरा गोल किया। पहले हाफ के अंत से ठीक पहले लुकमैन और जूलियन अल्वारेज़ की बेहतरीन साझेदारी ने चौथा गोल दिलाया।



हालांकि, पहले हाफ में बार्सिलोना ने 70 प्रतिशत बॉल पजेशन रखा, लेकिन एटलेटिको के तेज काउंटर अटैक के सामने वह बेअसर साबित हुआ।

दूसरे हाफ में कोच हांसी फ्लिक ने रॉबर्ट लेवांडोव्स्की को मैदान पर उतारा, लेकिन इससे भी टीम की स्थिति में सुधार नहीं हुआ। 52वें मिनट में पाउ क्यूबर्सी ने फ्री-किक पर मिले रीबाउंड को गोल में बदला, लेकिन लंबी वीएआर समीक्षा के बाद इसे ऑफसाइड करार दिया गया। मैच के 86वें मिनट में एलेक्स बेएना को पीछे से गिराने पर बार्सिलोना के खिलाड़ी को पहले पीला कार्ड दिया गया, जिसे बाद में वीएआर की मदद से सीधे लाल कार्ड में बदला गया। (अनंत ज्ञान)

### मैच में हर काम सही किया टीम ने : मार्कोस योरेंटे

**एटलेटिको** के डिफेंडर मार्कोस योरेंटे ने कहा, 'यह पागलपन था, खासकर बार्सा के खिलाफ। टीम ने हर चीज सही की। डिफेंस मजबूत रखा, हाई प्रेसिंग की और स्पेस का बेहतरीन इस्तेमाल किया।' अब इस मुकाबले का दूसरा चरण 3 मार्च को कैंप नोउ में खेला जाएगा। इस सेमीफाइनल के विजेता का सामना फाइनल में रियल सोसिएदाद या एथलेटिक बिलबाओ से होगा। फिलहाल रियल सोसिएदाद 1-0 की बढ़त के साथ दूसरे चरण में उतरेगा।